RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 77
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



जोकोविच जीते तीसरे दौर में पहुंचे
स्पोर्ट्स-12

# कॉलेजियम ने सौरभ कृपाल की नियुक्ति की सिफारिश दोहराई

- 11 नवंबर 2021 को वरिष्ठ अधिवक्ता कृपाल को दिल्ली हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्ति करने के लिए की थी सिफारिश
- समलैंगिक पहचान खुले तौर पर स्वीकार करने वाले कृपाल की नियुक्ति पर केंद्र की दलील को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट के कॉलेजियम ने अपनी समलैंगिक पहचान खुले तौर पर स्वीकार करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ कृपाल को दिल्ली हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त करने की 11 नवंबर, 2021 की अपनी सिफारिश को दोहराया है। कॉलेजियम ने केंद्र की इस दलील को खारिज किया है कि भारत में समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है लेकिन समलैंगिक विवाह को अब भी मान्यता नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सौरभ कृपाल की नियुक्ति का प्रस्ताव पांच साल से अधिक समय से लंबित है, जिस पर तेजी से निर्णय लेने की आवश्यकता है।

कॉलेजियम में न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति केएम जोसेफ भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा गया है, इस पृष्ठभूमि में, कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सौरभ कृपाल की नियुक्ति के लिए 11 नवंबर, 2021 की अपनी सिफारिश को दोहराया है, जिस पर तेजी से निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, 13 अक्टूबर, 2017 को दिल्ली उच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा सर्वसम्मति से की गई सिफारिश और 11 नवंबर, 2021 को उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा अनुमोदित इस सिफारिश को पुनर्विचार के लिए 25 नवंबर, 2022 को हमारे पास वापस भेज दिया गया। बयान में कहा गया कि सौरभ कृपाल के पास क्षमता, सत्यनिष्ठा और मेधा है और उनकी नियुक्ति से उच्च न्यायालय की पीठ में विविधता आएगी। सौरभ, देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी. एन. कृपाल के बेटे हैं। कॉलेजियम के बयान में कृपाल के यौन रुझान के बारे में उनके द्वारा खुलकर बात करने के लिए उनकी सराहना की गई है। इसने कहा कि इसका श्रेय कृपाल को जाता है कि वह अपने यौन रुझान को छुपाते नहीं हैं। बयान में कहा गया, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के 11 अप्रैल, 2019 और 18 मार्च, 2021 के पत्रों से ऐसा प्रतीत होता है कि इस अदालत के कॉलेजियम द्वारा 11 नवंबर, 2021 को सौरभ कृपाल के नाम को लेकर की गई सिफारिश पर दो आपत्तियां हैं: पहला कि सौरभ कृपाल का साथी स्विट्जरलैंड का नागरिक है, और दूसरा यह कि वह घनिष्ठ संबंध में हैं और अपने यौन रुझान को खुले तौर पर स्वीकार करते हैं।

आपत्तियों को लेकर कॉलेजियम ने कहा कि रॉ के पत्रों में कृपाल के साथी के व्यक्तिगत आचरण या व्यवहार के संबंध में ऐसी किसी भी आशंका की ओर ध्यान आकर्षित नहीं किया गया है, जिसका राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है। दूसरी आपत्ति के बारे में कॉलेजियम ने कहा कि यह ध्यान देने की जरूरत है कि उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के फैसलों में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति यौन रुझान के आधार पर अपनी गरिमा और व्यक्तित्व बनाए रखने का हकदार है।

# कुश्ती महासंघ को भंग करने पर अड़े पहलवान

- सरकार के आश्वासन से नाखुश, दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में अन्य पहलवानों के साथ विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक फोटो: रंजन डिमरी

**देश** के शीर्ष पहलवानों ने बृहस्पतिवार को अपना विरोध तेज करने की बात करते हुए कहा कि सरकार ने उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया है, कोई संतोषजनक जवाब नहीं और अगर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को तुरंत प्रभाव से भंग नहीं किया गया तो वे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज कराएंगे।

पहलवानों ने जंतर मंतर पर लगातार दूसरे दिन धरना जारी रखा और उनके साथ और भी पहलवान शामिल हुए जिन्होंने इसे भारतीय कुश्ती को नया जीवन देने की लड़ाई करार दिया। ये डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं जिन पर यौन उत्पीड़न और धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। तीन बार राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और भाजपा नेता बबीता फोगाट बृहस्पतिवार को सरकार की संदेशवाहक बनी और धरने पर बैठे पहलवानों को उनकी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया जो भारतीय कुश्ती महासंघ को भंग करने की मांग कर रहे हैं। पहलवानों ने अपने बुरे अनुभव भी साझा किए। तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया ने और अधिक समर्थन की गुहार लगाई जबकि युवा अंशु मलिक ने बताया कि पिछले साल डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की बुल्गारिया में विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के दौरान खिलाड़ियों के होटल में मौजूदगी ने महिला पहलवानों को किस तरह असहज कर दिया था। गौरतलब है कि 21 वर्षीय अंशु ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि वह चोटिल थीं। पहलवानों की टीम को फिर सरकार से बैठक के लिए बुलाया गया जिसमें तीन बार की राष्ट्रमंडल चैम्पियन विनेश फोगाट और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया तथा साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कांदियान शामिल थे। इन सभी ने अपने मुद्दों पर खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान और संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल से भी चर्चा की।

एक घंटे तक चली बैठक में पहलवानों से विरोध प्रदर्शन खत्म करने को कहा गया और आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों का हल निकाला जाएगा। हालांकि पहलवान ठोस और तत्काल कार्रवाई चाहते थे और उन्होंने अपना विरोध तब तक जारी रखने का फैसला किया जब तक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को पद से हटा नहीं दिया जाता और राष्ट्रीय महासंघ को देश में उसके सभी राज्य कुश्ती संघ के साथ भंग नहीं कर दिया जाता। बाद में मीडिया से बात करते हुए विनेश ने बैठक में बातचीत का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा, दुर्भाग्य से हमें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। दो बार की विश्व चैम्पियनशिप विजेता विनेश ने कहा, कल हममें से 1-2 पहलवान ही पीड़ित थीं लेकिन अब पांच-छह पहलवान ऐसी हैं जिनका उत्पीड़न (यौन शोषण) किया गया था। हम अभी उनका नाम नहीं ले सकते, वे भी किसी की बेटी-बहन हैं। लेकिन अगर हमें उनकी पहचान के लिए बाध्य किया जाता है तो यह एक काला दिवस होगा। विनेश ने कहा, हम सिर्फ (शेष पेज 8)

# समय में बदलाव से 32 यात्रियों की सिंगापुर की उड़ान छूटी

- स्कूट एयरलाइन ने अमृतसर हवाई अड्डे पर यात्रियों को छोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पिछले** एक माह में दूसरी बार ऐसा हुआ जब कुछ यात्रियों को लिए बिना ही विमान ने उड़ान भरी। यह घटना बुधवार को पंजाब के अमृतसर हवाई अड्डे की है। जहां स्कूट एयरलाइन के प्रस्थान समय में बदलाव से 32 यात्रियों का सिंगापुर का विमान छूट गया। बुकिंग एजेंट और यात्रियों के बीच संवादहीनता के कारण यह घटना घटी, बुकिंग एजेंट ने विमान के प्रस्थान समय में बदलाव की जानकारी यात्रियों को नहीं दी थी।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस घटना पर एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी है। स्कूट एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि मौसम की खराब परिस्थितियों के कारण उड़ान का प्रस्थान समय प्रभावित हुआ। विमान निर्धारित समय के अनुसार बुधवार को शाम 7:55 बजे उड़ान भरने वाला था, लेकिन अमृतसर से प्रस्थान का समय अपराह्न तीन बजकर 45 मिनट पर पुनर्निर्धारित किया गया था। इस बारे में जहां तक संभव हो सका यात्रियों को सूचित किया गया।

श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निदेशक वीके सेठ ने कहा कि सभी बुकिंग एजेंटों को समय पर सूचित कर दिया गया था और उन्होंने अपने ग्राहकों को इस बारे में सूचना दे दी थी। लेकिन, केवल एक एजेंट अपने यात्रियों को सूचित नहीं कर सका और ऐसा क्यों हुआ इसकी जानकारी वही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि 300 यात्रियों में 263 यात्री समय पर हवाई अड्डे पर पहुंच गए थे।

## सह-यात्री पर पेशाब मामले में चार माह का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी एअर इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पिछले साल नवंबर में एक उड़ान के दौरान एक महिला सह-यात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा पर चार माह का हवाई यात्रा प्रतिबंध लगाया है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होता है और मिश्रा पर पहले लगाए गए 30 दिन के प्रतिबंध के अलावा है। ज्ञात रहे कि मिश्रा ने 26 नवंबर 2022 को अमेरिका के न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एक उड़ान में बुजुर्ग महिला सह यात्री पर नशे की हालत में कथित रूप से पेशाब कर दिया था।

# दिल्ली महिला आयोग प्रमुख मालीवाल को कार ने घसीटा

- नशे में धुत ड्राइवर पर अभद्रता करने का आरोप, गिरफ्तार
- ट्वीट कर कहा- डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष सुरक्षित नहीं तो हाल सोच लीजिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को एम्स के बाहर नशे में धुत एक कार सवार ने उनके साथ छेड़छाड़ की और फिर उन्हें अपनी गाड़ी से 10-15 मीटर तक घसीटा। उनका दावा है कि गाड़ी की खिड़की में उनका हाथ फंस गया था, तभी वाहन चालक ने कार आगे बढ़ा दी।

पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के हुई घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसकी पहचान दक्षिण दिल्ली के संगम विहार निवासी 47 वर्षीय हरीश चंद्र के तौर पर हुई है। आयोग की प्रमुख ने कहा कि वह कंझावला की घटना के मद्देनजर दिल्ली में महिला सुरक्षा का जायज़ा लेने के लिए अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर थीं। घटना के वक्त उनकी टीम उनसे कुछ दूर थी। मालीवाल ने ट्विटर पर कहा कि कल देर रात मैं दिल्ली में महिला सुरक्षा के हालात का निरीक्षण कर रही थी। एक गाड़ी वाले ने नशे की हालत में मुझसे छेड़छाड़ की और जब मैंने उसे पकड़ा तो गाड़ी के शीशे में मेरा हाथ बंद कर मुझे घसीटा।

भगवान ने जान बचाई। मालीवाल ने कहा कि अगर दिल्ली में डीसीडब्ल्यू की प्रमुख सुरक्षित नहीं है तो कोई भी यह अंदाज़ा लगा सकता है कि दिल्ली महिलाओं के लिए कितनी असुरक्षित है। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) चंदन चौधरी ने कहा कि गश्ती वाहन से मालीवाल ने तड़के करीब 3:05 बजे एम्स के (शेष पेज 8)

# बीबीसी का वृत्तचित्र दुष्प्रचार का हिस्सा: भारत

- विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज करते हुए कहा, इसमें पूर्वाग्रह, निष्पक्षता की कमी और औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से झलकती है
- प्रधानमंत्री मोदी पर आधारित है डॉक्यूमेंटरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पर आधारित बीबीसी के वृत्तचित्र पर उठे विवाद के बीच भारत ने बृहस्पतिवार को इसे दुष्प्रचार का एक हिस्सा करार देते हुए सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि इसमें पूर्वाग्रह, निष्पक्षता की कमी और औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से झलकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बीबीसी के इस वृत्तचित्र पर संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह एक गलत आख्यान को आगे बढ़ाने के लिए दुष्प्रचार का एक हिस्सा है। बागची ने कहा, यह हमें इस कवायद के उद्देश्य और इसके पीछे के एजेंडा के बारे में सोचने पर मजबूर करता हैं। उन्होंने कहा कि स्पष्ट तौर पर वह ऐसे प्रयासों को महत्व नहीं देना चाहते। गौरतलब है कि बीबीसी ने इंडिया : द मोदी क्वेश्चन शीर्षक से दो भाग में एक नई श्रृंखला बनाई है। यह श्रृंखला गुजरात में 2002 में हुए दंगों पर है जब नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। प्रवक्ता ने कहा, मुझे यह बात स्पष्ट करने दें... हमारा मानना है कि यह दुष्प्रचार का एक हिस्सा है जो एक गलत आख्यान विशेष को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

इसमें पूर्वाग्रह, निष्पक्षता की कमी और औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से झलकती है। उन्होंने कहा कि यह वृतचित्र उस एजेंसी और उन लोगों की मानसिकता को भी प्रदर्शित करता है जो इस आख्यान को फिर से आगे बढ़ा रहे हैं। बागची ने कहा, यह हमें इसके उद्देश्यों के बारे में सोचने को मजबूर करता है। वृत्तचित्र में दंगों के बारे में ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रा की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर बागची ने कहा, ऐसा लगता है कि वे (स्ट्रा) ब्रिटिश सरकार की किसी आंतरिक रिपोर्ट का जिक्र कर रहे थे और यह 20 वर्ष पुरानी रिपोर्ट है और इस तक हमारी पहुंच कैसे हो सकती है।

प्रवक्ता ने कहा कि केवल जैक स्ट्रा ने यह बात कही, इससे इसे कैसे वैधता मिल सकती है। उन्होंने कहा, मैंने जांच जैसे कुछ शब्द सुने। और इसलिए हम इसको लेकर औपनिवेशिक मानसिकता शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम यूं ही कोई शब्द नहीं कहते। कैसी जांच? क्या वे देश पर शासन कर रहे थे। मैं इस तरह की बातों से सहमत नहीं हूं। उन्होंने कहा कि इस वृत्तचित्र का प्रसारण भारत में नहीं होगा। ब्रिटिश नागरिकों की मौत के दावों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ होगा तब भारत में कानूनी प्रक्रियाओं का पालन हुआ होगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,858 | ↓ | 187 | |
| निफ्टी | 18,107 | ↓ | 57 | |
| सोना | 56,475 | ↓ | 52 | /10g |
| चांदी | 68,500 | ↓ | 850 | /kg |

## क्विक न्यूज

### फीस न चुकाने पर विद्यार्थी को बीच सत्र में परीक्षा देने से नहीं रोक सकते: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि शिक्षा एक महत्वपूर्ण अधिकार है, जो जीवन के अधिकार के तहत शामिल है और किसी बच्चे को शैक्षणिक सत्र के बीच में स्कूल में पढ़ने या परीक्षा देने से इस आधार पर रोका नही जा सकता कि उसकी फीस का भुगतान नही हुआ है। अदालत की यह टिप्पणी यहां एक निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूल के 10वीं कक्षा के उस छात्र की याचिका पर आई, जिसका नाम फीस का भुगतान न करने के कारण सूची से हटा दिया गया था और उसने आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में बैठने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने याचिका पर करुणापूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण विचार करते हुए कहा कि किसी छात्र को परीक्षा, विशेष रूप से बोर्ड परीक्षा देने से वंचित करना जीवन के अधिकार के समान उसके अधिकारों का उल्लंघन होगा।

# भारत बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस कर रहा है: मोदी

- प्रधानमंत्री ने मुंबई को दिया 38,000 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान करते मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आजादी के बाद पहली बार भारत बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस कर रहा है। मोदी ने मुंबई में 38,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि पिछली शताब्दी का एक लंबा समय गरीबी पर चर्चा करने और विदेशियों से मदद मांगने में चला गया था।

उन्होंने कहा कि कई शहर देश की विकास गाथा को मजबूती प्रदान करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए मुंबई को भविष्य के लिए तैयार करना डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ सालों में मुंबई का कायापलट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संकट में हैं तो वहीं दूसरी ओर भारत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्रदान कर रहा है। मोदी ने कहा कि वैश्विक मंदी के बीच, भारत ने बुनियादी ढांचे में निवेश करना जारी रखा है जो एक विकसित राष्ट्र होने की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों के कल्याण के लिए आने वाले पैसे का बिचौलियों द्वारा गबन किया जाता था। उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों में, हमने इस दृष्टिकोण को पीछे छोड़ दिया है और हम आधुनिक बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाकर भविष्य की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पद संभालने के बाद महाराष्ट्र के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी आई है। प्रधानमंत्री ने मुंबई मेट्रो लाइन 2ए और 7 का उद्घाटन किया, जिसमें अंधेरी से दहिसर तक फैला 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है। उन्होंने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के नाम पर रखे गए 20 आपला दवाखाना (स्वास्थ्य क्लीनिक) का उद्घाटन किया। पिछले साल एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली मुंबई यात्रा है। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव (शेष पेज 8)

# किसी आरोपी को अनिश्चित काल तक जेल में नहीं रखा जा सकता: कोर्ट

**लखीमपुर खीरी हिंसा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दोषी साबित होने से पूर्व किसी आरोपी को अनिश्चित काल के लिए जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने दलीलें सुनने के बाद कहाकि हम फैसला सुनाएंगे।

आशीष मिश्रा केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा का बेटा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में सबसे ज्यादा पीड़ित वे किसान हैं जो जेल में बंद हैं और अगर आशीष मिश्रा को राहत नहीं मिली तो उनके भी जेल में ही रहने की संभावना है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी की पीठ ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि यह मामला सभी पक्षों के अधिकारों में संतुलन बनाने का है। गौरतलब है कि तीन अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में उस समय हुई हिंसा में आठ लोग मारे गए थे, जब किसान क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया था, जिसमें आशीष मिश्रा भी सवार था। घटना से आक्रोशित किसानों ने एसयूवी के चालक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर पीट पीटकर जान ले ली थी। हिंसा में एक पत्रकार भी मारा गया था। न्यायमूर्ति (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023



## पैथोलॉजी लैब का लेंटर टूटने से एमएमजी अस्पताल में काम ठप

**गाजियाबाद।** एमएमजी अस्पताल में स्थित पैथोलॉजी लैब का बुधवार शाम को लेंटर टूट गया था। इस घटना में एक लैब टेक्नीशियन को चोट आई है और टेस्टिंग की एक बड़ी मशीन भी क्षतिग्रस्त हुई है। इस घटना की वजह से गुरुवार को लैब में टेस्टिंग का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। हालांकि मरीजों की सैंपलिंग की जा रही है, लेकिन फिलहाल लैब में टेस्टिंग नहीं की जाएगी। यहां की मशीनों को अन्य कमरों में शिफ्ट किया जा रहा है जिससे वहां जांच की जा सके। लैब का लेंटर गिरने से स्टाफ में भय का माहौल है। लैब की टेस्टिंग कक्ष की आधी छत टूटकर गिर पड़ी है जिससे लैब का भी काफी नुकसान पहुंचा है। लैब की मशीन के साथ ही अन्य सामान भी टूट गए हैं। अब फिलहाल जैसे.तैसे स्टाफ मरीजों की टेस्टिंग फिर से शुरू कराने का प्रयास कर रहा है।


AXIS BANK

## स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है।

नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई–नीलामी दिनांक 28–01–2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है। कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | लवनीत सिंह | XXXXXXXXXX0928 | ₹ 1,391,520.00 | 20-01-2023 | 29.10 |
| 2 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जगजीत सिंह मक्कड़ | XXXXXXXXXX4479 | ₹ 983,034.00 | 09-06-2022 | 92.20 |
| 3 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | हरजीत सिंह | XXXXXXXXXX0261 | ₹ 886,261.00 | 20-01-2023 | 92.50 |
| 4 | फरीदाबाद (एचआर) | बबीता | XXXXXXXXXX3377 | ₹ 837,591.00 | 26-07-2022 | 40.80 |
| 5 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | नवीन कुमार | XXXXXXXXXX2323 | ₹ 841,574.00 | 26-07-2022 | 101.30 |
| 6 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | बलजीत सिंह | XXXXXXXXXX0423 | ₹ 661,484.00 | 26-07-2022 | 24.70 |
| 7 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | लवनीत सिंह | XXXXXXXXXX0931 | ₹ 610,367.00 | 20-01-2023 | 37.10 |
| 8 | फरीदाबाद (एचआर) | सुषमा चोपड़ा | XXXXXXXXXX4764 | ₹ 575,400.00 | 22-06-2022 | 4.80 |
| 9 | नोएडा (यूपी) | राजेश यादव | XXXXXXXXXX3145 | ₹ 561,636.00 | 11-08-2022 | 18.70 |
| 10 | कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | अमृत्य झा | XXXXXXXXXX1894 | ₹ 559,589.00 | 13-04-2022 | 3.50 |
| 11 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | लवनीत सिंह | XXXXXXXXXX8713 | ₹ 534,000.00 | 20-01-2023 | 38.10 |
| 12 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजीव चौहान | XXXXXXXXXX2676 | ₹ 455,408.00 | 18-06-2022 | 9.80 |
| 13 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | वरुण कुमार | XXXXXXXXXX5920 | ₹ 454,138.00 | 20-01-2023 | 48.00 |
| 14 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | सुनीता यादव | XXXXXXXXXX1266 | ₹ 435,825.00 | 22-06-2022 | 95.30 |
| 15 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती | XXXXXXXXXX9011 | ₹ 418,653.00 | 22-07-2022 | 24.10 |
| 16 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | सुरजीत सिंह | XXXXXXXXXX2938 | ₹ 425,223.00 | 03-09-2022 | 119.70 |
| 17 | कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | गौरव दुबे | XXXXXXXXXX8283 | ₹ 407,704.00 | 22-07-2022 | 5.50 |
| 18 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | बिलाल रियाज | XXXXXXXXXX1682 | ₹ 406,364.00 | 22-07-2022 | 97.60 |
| 19 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | राज कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXX2401 | ₹ 380,715.00 | 22-07-2022 | 13.90 |
| 20 | फरीदाबाद (एचआर) | बबीता | XXXXXXXXXX6541 | ₹ 371,868.00 | 26-07-2022 | 7.10 |
| 21 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | राज कुमार सिंगला | XXXXXXXXXX4135 | ₹ 347,837.00 | 25-08-2022 | 28.60 |
| 22 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXX6436 | ₹ 343,356.00 | 22-06-2021 | 17.40 |
| 23 | कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | मनोज कुमार | XXXXXXXXXX0160 | ₹ 309,890.00 | 20-01-2023 | 16.70 |
| 24 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मनोज कुमार तिवारी | XXXXXXXXXX6511 | ₹ 308,361.00 | 18-07-2022 | 18.10 |
| 25 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | सुनीता | XXXXXXXXXX4829 | ₹ 296,375.00 | 22-06-2022 | 25.00 |
| 26 | उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मानसा कुमार घरीदा | XXXXXXXXXX0181 | ₹ 304,264.00 | 22-07-2022 | 7.60 |
| 27 | न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | स्नेहलता | XXXXXXXXXX5461 | ₹ 277,150.00 | 20-01-2023 | 3.50 |
| 28 | जनकपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | विशाल राय | XXXXXXXXXX2041 | ₹ 276,590.00 | 20-01-2023 | 21.40 |
| 29 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXX5213 | ₹ 276,663.00 | 09-06-2022 | 21.30 |
| 30 | फरीदाबाद (एचआर) | लोकेश | XXXXXXXXXX4270 | ₹ 266,066.00 | 22-06-2022 | 3.30 |
| 31 | शाहदरा, नई दिल्ली (डीएल) | विशाल कुमार बिसैया | XXXXXXXXXX9808 | ₹ 249,562.00 | 22-07-2022 | 87.50 |
| 32 | नांगलोई डीईएल दिल्ली | आरती | XXXXXXXXXX3220 | ₹ 240,278.00 | 22-07-2022 | 52.90 |
| 33 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXX3453 | ₹ 238,246.00 | 09-06-2022 | 49.60 |
| 34 | फरीदाबाद (एचआर) | जितेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXX9641 | ₹ 227,240.00 | 20-01-2023 | 8.20 |
| 35 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | दीपक त्यागी | XXXXXXXXXX4176 | ₹ 236,317.00 | 17-01-2022 | 10.60 |
| 36 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | ईश्वर चंद | XXXXXXXXXX6325 | ₹ 222,341.00 | 24-03-2022 | 8.50 |
| 37 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सरबजीत कौर | XXXXXXXXXX6879 | ₹ 212,064.00 | 05-09-2022 | 24.90 |
| 38 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | हरीश कुमार सोलंकी | XXXXXXXXXX2518 | ₹ 214,765.00 | 25-08-2022 | 9.50 |
| 39 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | शिराज बकार | XXXXXXXXXX4432 | ₹ 207,361.00 | 20-01-2023 | 61.30 |
| 40 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | अमित महाजन | XXXXXXXXXX9044 | ₹ 213,084.00 | 22-06-2022 | 29.60 |
| 41 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | शशि भूषण मंडल | XXXXXXXXXX2195 | ₹ 208,602.00 | 22-07-2022 | 26.30 |
| 42 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | शिराज बकार | XXXXXXXXXX9960 | ₹ 192,929.00 | 20-01-2023 | 50.00 |
| 43 | फरीदाबाद (एचआर) | सुषमा चोपड़ा | XXXXXXXXXX4688 | ₹ 186,665.00 | 18-07-2022 | 10.50 |
| 44 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | देवाशीष बिस्वाल | XXXXXXXXXX3079 | ₹ 185,476.00 | 25-08-2022 | 16.50 |
| 45 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | अनुराधा कटयाल | XXXXXXXXXX4508 | ₹ 190,526.00 | 20-01-2023 | 76.20 |
| 46 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सुनील कुमार | XXXXXXXXXX7661 | ₹ 174,272.00 | 20-01-2023 | 7.50 |
| 47 | नोएडा (यूपी) | आदेश कुमार | XXXXXXXXXX9622 | ₹ 173,795.00 | 11-08-2022 | 58.10 |
| 48 | द्वारका, दिल्ली (डीएल) | अरविंद कुमार पांडे | XXXXXXXXXX9300 | ₹ 163,918.00 | 03-09-2022 | 5.50 |
| 49 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | काजल मेहरा | XXXXXXXXXX0181 | ₹ 157,750.00 | 12-10-2022 | 3.80 |
| 50 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | शिराज बकार | XXXXXXXXXX2655 | ₹ 152,516.00 | 20-01-2023 | 48.20 |
| 51 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | कामिनी | XXXXXXXXXX4371 | ₹ 141,654.00 | 05-09-2022 | 4.20 |
| 52 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजेश कुमार | XXXXXXXXXX8553 | ₹ 140,064.00 | 21-04-2022 | 11.30 |
| 53 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | संजय प्रसाद गुप्ता | XXXXXXXXXX5752 | ₹ 127,987.00 | 11-08-2022 | 23.60 |
| 54 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अमित गुप्ता | XXXXXXXXXX3832 | ₹ 129,304.00 | 03-09-2022 | 5.30 |
| 55 | नोएडा (यूपी) | रजनीश शर्मा | XXXXXXXXXX7413 | ₹ 124,265.00 | 20-01-2023 | 42.60 |
| 56 | नोएडा (यूपी) | स्नेह लता | XXXXXXXXXX9361 | ₹ 120,089.00 | 25-08-2022 | 10.00 |
| 57 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अनीस अहमद | XXXXXXXXXX9711 | ₹ 115,478.00 | 20-01-2023 | 10.00 |
| 58 | शाहदरा, दिल्ली (डीएल) | सैयद सरफराज | XXXXXXXXXX3042 | ₹ 114,329.00 | 28-07-2022 | 37.30 |
| 59 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अमित गुप्ता | XXXXXXXXXX4052 | ₹ 111,257.00 | 06-06-2022 | 16.60 |
| 60 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रिया कुमारी | XXXXXXXXXX9640 | ₹ 103,032.00 | 26-07-2022 | 3.50 |
| 61 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | अनुभा यादव | XXXXXXXXXX2725 | ₹ 97,498.00 | 05-09-2022 | 28.20 |
| 62 | फरीदाबाद (एचआर) | कंचन कुमारी | XXXXXXXXXX9321 | ₹ 94,482.00 | 18-07-2022 | 2.50 |
| 63 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | आशीष हंस | XXXXXXXXXX2619 | ₹ 97,513.00 | 18-07-2022 | 31.10 |
| 64 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | दीपक कार | XXXXXXXXXX1094 | ₹ 89,151.00 | 20-06-2022 | 3.80 |
| 65 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | बसंत कुमार झा | XXXXXXXXXX4908 | ₹ 84,691.00 | 21-04-2022 | 11.50 |
| 66 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | गुड़िया देवी | XXXXXXXXXX1438 | ₹ 81,103.00 | 20-01-2023 | 22.60 |
| 67 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | देवाशीष बिस्वाल | XXXXXXXXXX3922 | ₹ 71,525.00 | 03-09-2022 | 28.90 |
| 68 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुभम | XXXXXXXXXX2456 | ₹ 73,166.00 | 18-07-2022 | 16.20 |
| 69 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | हनी | XXXXXXXXXX3323 | ₹ 67,316.00 | 20-01-2023 | 22.20 |
| 70 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | बलदेव | XXXXXXXXXX4897 | ₹ 65,624.00 | 09-01-2023 | 3.60 |
| 71 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | करन सिंह | XXXXXXXXXX5865 | ₹ 65,402.00 | 20-01-2023 | 10.40 |
| 72 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सलमा | XXXXXXXXXX0139 | ₹ 63,382.00 | 20-01-2023 | 8.30 |
| 73 | किशनगंज ओडी डीएल | आदर्श कुमार | XXXXXXXXXX9001 | ₹ 60,393.00 | 20-01-2023 | 16.00 |
| 74 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | हरीश कुमार सोलंकी | XXXXXXXXXX2571 | ₹ 49,788.00 | 05-09-2022 | 12.50 |
| 75 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | करन सिंह | XXXXXXXXXX5518 | ₹ 47,336.00 | 20-01-2023 | 7.80 |
| 76 | जनकपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | स्नेह लता | XXXXXXXXXX7923 | ₹ 43,244.00 | 20-01-2023 | 13.10 |
| 77 | गाजियाबाद (यूपी) | पंकज कुमार | XXXXXXXXXX0089 | ₹ 41,666.00 | 09-01-2023 | 6.10 |
| 78 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद रशीद | XXXXXXXXXX5038 | ₹ 39,819.00 | 05-09-2022 | 3.20 |
| 79 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | इशमीत सिंह रैना | XXXXXXXXXX3849 | ₹ 40,138.00 | 28-07-2022 | 5.70 |
| 80 | नोएडा (यूपी) | कामायनी कुमारी | XXXXXXXXXX2956 | ₹ 34,109.00 | 20-01-2023 | 3.70 |
| 81 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | अताउर रहमान | XXXXXXXXXX9065 | ₹ 32,763.00 | 24-03-2022 | 14.32 |
| 82 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | मोहम्मद इरशाद | XXXXXXXXXX9053 | ₹ 31,086.00 | 18-07-2022 | 5.20 |
| 83 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | हम्माद | XXXXXXXXXX8411 | ₹ 26,301.00 | 20-01-2023 | 3.50 |
| 84 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | करन मदनी | XXXXXXXXXX9965 | ₹ 464,768.00 | 18-07-2022 | 15.80 |
| 85 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | पृथ्वी सिंह चौहान | XXXXXXXXXX1180 | ₹ 329,329.00 | 03-12-2021 | 19.70 |
| 86 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूजा बराला | XXXXXXXXXX6441 | ₹ 307,967.00 | 22-07-2022 | 42.70 |
| 87 | उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रोहित सोढ़ी | XXXXXXXXXX6656 | ₹ 268,103.00 | 18-06-2022 | 36.00 |
| 88 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | पिंकी | XXXXXXXXXX4678 | ₹ 240,113.00 | 21-04-2022 | 21.20 |
| 89 | फरीदाबाद (एचआर) | राहुल | XXXXXXXXXX8068 | ₹ 236,037.00 | 30-04-2021 | 23.40 |
| 90 | पैराडाइज मॉल्स जीयूआर एचआर | हीरा लाल | XXXXXXXXXX6863 | ₹ 195,529.00 | 03-09-2022 | 4.90 |
| 91 | ज्योति नगर, नई दिल्ली (डीएल) | सुनील सिंह | XXXXXXXXXX5778 | ₹ 193,274.00 | 03-09-2022 | 37.30 |
| 92 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विनोद कुमार | XXXXXXXXXX3778 | ₹ 217,157.00 | 17-05-2022 | 7.00 |
| 93 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXX5363 | ₹ 195,981.00 | 05-02-2022 | 5.50 |
| 94 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | राम बहादुर सिंह | XXXXXXXXXX6013 | ₹ 152,455.00 | 17-05-2022 | 4.20 |
| 95 | ज्योति नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मोहित | XXXXXXXXXX7592 | ₹ 128,349.00 | 18-06-2022 | 40.30 |
| 96 | सेक्टर 10ए गुरूग्राम (एचआर) | आलम | XXXXXXXXXX4797 | ₹ 124,051.00 | 28-07-2022 | 45.50 |
| 97 | तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXX5442 | ₹ 123,153.00 | 22-07-2022 | 5.50 |
| 98 | पैराडाइज मॉल्स जीयूआर एचआर | मनोरंजन संधिबिग्रह | XXXXXXXXXX6371 | ₹ 120,980.00 | 22-07-2022 | 10.10 |
| 99 | तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रानी देवी | XXXXXXXXXX0166 | ₹ 128,118.00 | 17-05-2022 | 13.60 |
| 100 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती अग्रवाल | XXXXXXXXXX8175 | ₹ 138,187.00 | 18-06-2022 | 31.40 |
| 101 | किशनगंज ओडी डीएल | अजय कुमार शर्मा | XXXXXXXXXX6135 | ₹ 113,847.00 | 28-07-2022 | 17.70 |
| 102 | सेक्टर–24, रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सचिन कुमार | XXXXXXXXXX8879 | ₹ 106,137.00 | 25-08-2022 | 1.20 |
| 103 | फरीदाबाद (एचआर) | रीना | XXXXXXXXXX2234 | ₹ 96,304.00 | 24-03-2022 | 15.30 |
| 104 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सुशील कुमार | XXXXXXXXXX3764 | ₹ 97,501.00 | 18-07-2022 | 7.00 |
| 105 | फरीदाबाद (एचआर) | परमानंद सिंह | XXXXXXXXXX6771 | ₹ 103,440.00 | 18-06-2022 | 9.60 |
| 106 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद अखलाक | XXXXXXXXXX6740 | ₹ 106,708.00 | 22-06-2021 | 2.80 |
| 107 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रागिनी सिन्हा | XXXXXXXXXX0746 | ₹ 90,281.00 | 13-09-2022 | 7.20 |
| 108 | पैराडाइज मॉल्स जीयूआर एचआर | सुनीता | XXXXXXXXXX9032 | ₹ 86,133.00 | 24-03-2022 | 13.00 |
| 109 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राहुल | XXXXXXXXXX3685 | ₹ 84,748.00 | 17-05-2022 | 36.20 |
| 110 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रणवीर कुमार | XXXXXXXXXX3835 | ₹ 78,376.00 | 03-09-2022 | 6.10 |
| 111 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मनोज | XXXXXXXXXX3344 | ₹ 72,972.00 | 28-07-2022 | 20.60 |
| 112 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | वसी अहमद | XXXXXXXXXX3648 | ₹ 69,933.00 | 18-06-2022 | 4.90 |
| 113 | नोएडा (यूपी) | अक्षय यादव | XXXXXXXXXX8768 | ₹ 72,756.00 | 17-05-2022 | 21.40 |
| 114 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | राकेश कुमार | XXXXXXXXXX0972 | ₹ 65,478.00 | 03-09-2022 | 29.50 |
| 115 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | प्रमोद गुप्ता | XXXXXXXXXX5808 | ₹ 77,623.00 | 24-03-2022 | 25.70 |
| 116 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अजयवीर सिंह | XXXXXXXXXX9853 | ₹ 67,894.00 | 17-05-2022 | 7.80 |
| 117 | तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXX2117 | ₹ 62,292.00 | 28-07-2022 | 19.50 |
| 118 | किशनगंज ओडी डीएल | अजीत कुमार | XXXXXXXXXX4400 | ₹ 60,113.00 | 18-06-2022 | 4.10 |
| 119 | गाजियाबाद (यूपी) | हकीकत अली | XXXXXXXXXX9608 | ₹ 62,809.00 | 28-02-2022 | 2.70 |
| 120 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXXXX4133 | ₹ 59,965.00 | 17-05-2022 | 10.16 |
| 121 | पालम, दिल्ली (डीएल) | ज्ञान सिंह रावत | XXXXXXXXXX7873 | ₹ 56,662.00 | 28-07-2022 | 12.50 |
| 122 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | गिरराज शर्मा | XXXXXXXXXX5567 | ₹ 56,598.00 | 20-06-2022 | 27.70 |
| 123 | ज्योति नगर, डीईएल (डीएल) | मोहित | XXXXXXXXXX7494 | ₹ 54,839.00 | 18-06-2022 | 9.00 |
| 124 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | संजय चौधरी | XXXXXXXXXX4679 | ₹ 57,872.00 | 28-07-2022 | 11.30 |
| 125 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | भोला प्रसाद गुप्ता | XXXXXXXXXX1908 | ₹ 54,088.00 | 28-07-2022 | 7.10 |
| 126 | न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | सचिन गुप्ता | XXXXXXXXXX6135 | ₹ 52,930.00 | 03-09-2022 | 13.90 |
| 127 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सन्नी दयाल | XXXXXXXXXX3043 | ₹ 52,772.00 | 26-07-2022 | 7.80 |
| 128 | नोएडा (यूपी) | अमित कुमार | XXXXXXXXXX0984 | ₹ 47,664.00 | 12-09-2022 | 3.40 |
| 129 | फरीदाबाद (एचआर) | अशोक कुमार | XXXXXXXXXX3152 | ₹ 49,245.00 | 22-06-2021 | 9.10 |
| 130 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अमित जैन | XXXXXXXXXX4197 | ₹ 49,148.00 | 17-05-2022 | 10.00 |
| 131 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | अमित कुमार तिवारी | XXXXXXXXXX7643 | ₹ 41,112.00 | 18-07-2022 | 10.00 |
| 132 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | मुकेश चौहान | XXXXXXXXXX6771 | ₹ 36,928.00 | 28-07-2022 | 8.70 |
| 133 | न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | शहनाज | XXXXXXXXXX2723 | ₹ 37,398.00 | 26-07-2022 | 3.90 |
| 134 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | संजय संजय | XXXXXXXXXX9947 | ₹ 34,093.00 | 03-09-2022 | 9.80 |
| 135 | किशनगंज ओडी डीएल | सतीश कुमार पांडे | XXXXXXXXXX3598 | ₹ 27,638.00 | 18-07-2022 | 6.70 |
| 136 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | उषा देवी | XXXXXXXXXX2142 | ₹ 26,711.00 | 03-09-2022 | 1.60 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।
स्थान : दिल्ली
तिथि : 19–01–2023
हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड


# बिजली-ईंधन के बिना कचरे का होगा निपटारा

## पहली बार ब्लैक होल टेक्नोलॉजी मशीन का इस्तेमाल, निकली राख से बनेगी ईंटें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



दिल्ली-एनसीआर में पहली बार ब्लैक होल टेक्नोलॉजी मशीन के जरिए कचरा निस्तारण की तैयारी शुरू हो गई है। इस तकनीकी में प्रोग्राम्ड ऑक्सिजनेटेड प्लासमिक स्टेट प्रयोग किया जाएगा। जिसमें 100 टन कचरा डालने पर एक प्रतिशत राख ही निकलेगी। इस राख को ब्रिक्स बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा।

सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि इस कचरा निस्तारण पर न तो एक यूनिट बिजली खर्च होगी और न ही फ्यूल का खर्च आएगा। तकनीकी के जरिए कचरा जब निस्तारित किया जाएगा। उससे निकलने वाला धुआं भी जीरो कार्बन वाला होगा, जिसका पर्यावरण पर कोई भी असर नहीं होगा। यानी इस तकनीक से शहर का कचरा भी निस्तारित होगा, जिस पर बिजली व फ्यूल तक खर्च नहीं करना पड़ेगा। यह तकनीकी पूरी तरह से यूएस बेस्ड है। इस टेक्नोलॉजी में कूड़े के निस्तारण के लिए उसे सेग्रीगेट यानी अलग-अलग नहीं करना पड़ता है। मशीन सेल्फआपरेट है। निस्तारण के दौरान न तो बदबू आएगी और न ही हेल्थ और किसी प्रकार का प्रदूषण करेगी। एक 200 से 200 मीट्रिक टन पर एक प्रतिशत राख बनेगी। इसका प्रयोग रोड और अन्य कार्यो में किया जा सकता है।

100 मीट्रिक टन के प्लांट के लिए महज 5 हजार वर्गमीटर जमीन लगेगी। इसके जरिए बायो मेडिकल वेस्ट और ई वेस्ट का भी निस्तारण किया जा सकेगा। प्रेजेंटेशन के दौरान बताया गया कि वेस्ट को मशीन के चैंबर में डाला जाता है। इसके बाद लकड़ी या कपूर के जरिए आग जलाकर हीटिंग दी जाती है। इसके बाद वेस्ट हिटिंग के साथ के मोलक्यूल कण छिड़कने लगते है। यानी विघटन प्रक्रिया शुरू होती है। ये न्यूट्रोन, प्रोटोन और इलेक्ट्रॉन बनाते है। थर्मल प्रक्रिया के जरिए तापमान 850 डिग्री तक पहुंचता है। राख नीचे चैंबर में एकत्रित होती है। और पानी के जरिए चैंबर को ठंडा किया जाता है। इस प्रक्रिया से वेट कचरे से निकलने वाला डायोअक्सिन, नाइट्रोजन ऑक्साइड और मेटल आदि रिमूव हो जाते है साथ मिट्टी के कण भी 2.5 माइक्रोन से छोटे बचते है। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश ने बताया कि कंपनी की ओर से प्रेजेंटेशन दिया गया है।

हमारी प्लानिंग है करीब 100 मीट्रिक टन का प्लांट यहां लगाया जाए। जिसकी लागत करीब 17 लाख के आसपास आएगी। चूंकि ये पॉल्यूशन फ्री है। ऐसे में इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में नोएडा से करीब 600 मीट्रिक टन कचरा निकलता है। इसमें घरेलू कचरा 400 मीट्रिक टन, इंडस्ट्री करीब 100 मीट्रिक टन और ई वेस्ट निकलता है। जिनका निस्तारण किया जा रहा है।

अन्य मशीनों की क्षमता करीब 1 से 10 मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण की होती है। जबकि इसकी क्षमता करीब 1 मीट्रिक टन से 100 मीट्रिक टन तक कचरे के के निस्तारण की है। ये प्लांट 16 घंटे लगातार काम कर सकता है जबकि अन्य की क्षमता 5 से 6 घंटे की होती है। 100 मीट्रिक टन मशीन पर सालाना फ्यूल और एनर्जी कास्ट करीब 30 लाख आता है जबकि अन्य में ये खर्चा 24 करोड़ तक होता है।

### इन देशों में प्रयोग हो रही तकनीक

वर्तमान में 151 देशों में इस तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। भारत में भी इस तकनीक का प्रयोग गंगा सफाई के तहत किया जा रहा है। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूरोपियन देश शामिल है।

## अतिक्रमण बताकर मंदिर की दीवार गिराई, लोगों का धरना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के शालीमार सिटी में नगर निगम ने अतिक्रमण बताकर मंदिर की दीवार ढहा दी, जिससे राधा-कृष्ण मंदिर टूट गया। गुरुवार सुबह इसके विरोध में सैकड़ों लोग धरने पर बैठ गए। नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब तीन घंटे तक हंगामा चला। नगर निगम के अधिकारियों ने पहुंचकर दीवार और मंदिर को दोबारा बनवाने का आश्वासन दिया, इसके बाद ही धरने से लोग उठे।

शालीमार सिटी के सामने ग्रीन बेल्ट में शिव मंदिर है। इसमें राधा-कृष्ण और बालाजी महाराज के भी छोटे-छोटे मंदिर बने हुए हैं। पुजारी विनोद पांडेय ने बताया, बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे नगर निगम की टीम जेसीबी लेकर आई और मंदिर में घुसकर दीवार को गिरा दिया। इससे राधा.कृष्ण मंदिर मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। पुजारी का कहना था कि नगर निगम ने हमें इससे पहले कोई सूचना नहीं दी। अगर अतिक्रमण था तो पहले नोटिस देकर सूचित करना चाहिए था।

## साढ़े तीन हजार फर्जी लोगों की रोकी पेंशन

- मृतकों और अन्य के नाम 35 लाख जारी होने पर बड़ी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


बुजुर्ग पेंशनधारियों के सर्वे में बड़ा खुलासा हुआ है। जिले में ऐसे साढ़े तीन हजार से अधिक लोग मिले हैं जो या तो मृत हो चुके हैं या फिर योजना के लिए आपात्र हैं।

इसके बाद भी विभाग से इन लोगों को पेंशन जारी हो चुकी है। हालांकि डोर टू डोर सर्वे में इसका खुलासा होने के बाद ऐसे 3580 लोगों की पेंशन रोक दी गई है। जिन लोगों ने पेंशन ले ली है विभाग अब उनसे रिकवरी करने में जुटा है। एक अनुमान के मुताबिक यह रकम 35 लाख के करीब है। हाल ही में लाभार्थियोंको पारदर्शिता के साथ पेंशन दिए जाने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया था जिसमें आधार सीडिंग के साथ ही ऐसे लोगों को चिन्हित करना था जो आपात्र हैं, लेकिन फिर भी पेंशन पा रहे हों। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे लोग मिले जो काफी समय पहले मर चुके हैं, लेकिन उनके खाते में पैसा पहुंच रहा है। इसके अलावा लोग एक से अधिक स्थानों से अलग.अलग खाता संख्या लगाकर पेंशन ले रहे थे। साथ ही डुप्लीकेट नाम से भी पेंशन ली जा रही थी। विभाग के सर्वे में ऐसे 3580 लोग चिन्हित हुए हैं जो गलत तरीके से पेंशन का लाभ ले रहे थे। अब विभाग ने इन सभी चिन्हित लोगों की पेंशन रोक दी है। इतना ही नहीं वर्ष 2023 में 6040 नए बुजर्ग पेंशनधारकों भी शामिल किया गया है। जिले में आधार प्रमाणीकरण के आधार पर 18 हजार 27 लोगों को वृद्घावस्था पेंशन दी जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जिन लोगों की पेंशन सर्वे के बाद रोकी गई है अब उसकी जांच की जा रही है कि किसके खाते में कितनी रकम पहुंची है, उन सभी से रकम रिकवर की जा रही है। उन्होंने बताया कि बुर्जगों को एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन सरकार द्वारा दी जाती है।

## मौसी ने दी भांजे की सुपारी, दो पकड़े गए

- पीड़ित के मारी थी गोली, मकान खाली कराने से थी नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अपर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय विशाल पांडे ने बताया कि मूल रूप से जनपद बलिया के रहने वाले अभिषेक सूरजपुर कस्बे में परिवार के साथ रहते है। वह ग्रेनो वेस्ट की एक फैक्ट्री में नौकरी करते है। अभिषेक ड्यूटी करके बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। वह एटीएस गोल चक्कर के समीप पहुंचा तो पहले से ही घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने अभिषेक को पीछे से गोली मार दी। पीठ में गोली लगने से अभिषेक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रही थाना ईकोटेक .3 पुलिस ने इस मामले में शामिल जयवर्धन तथा अमित को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि अभिषेक की मौसी उसके मकान में रहती थी, उसने अपनी मौसी से मकान खाली करवा लिया था, उसकी मौसी मकान पर कब्जा करना चाहती थी।

## दुहाई से नया बस अड्डे तक मेरठ रोड पर लगेंगी डिजिटल लाइट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मेरठ रोड तिराहे से लेकर दुहाई तक हाईस्पीड ट्रेन के ट्रैक के नीचे नगर निगम डिजिटल लाइट लगाने जा रहा है। इसके लिए जल्दी ही सर्वे शुरू किया जाएगा। इस रोड पर फिलहाल जो लाइट लगी हैं वह काफी पुरानी हैं और वे सडक के किनारे लगाई गई हैं जिस कारण कई बार इनके पोल से वाहन के टकराने से एक्सीडेंट का भी खतरा बना रहता है।

मेरठ रोड तिराहे से लेकर दुहाई तक की सड़क अभी आरआरटीएस के अंडर में है। पहले यह सड़क एनएचएआई के अंडर में था, एनएचएआई ने इसे डी-नोटिफाई कर दिया। अब इस पूरी सडक का रखरखाव आरआरटीएस कर रहा है।

आरआरटीएस ने ही इस रोड पर दुहाई तक लगाई गई लाइट को हटा दिया था। बाद में आरआरटीएस ने नगर निगम को पांच करोड़ दिए जिससे इस पूरी रोड पर लाइट लगाई जा सकें। निगम ने चार वर्ष पहले पूरी रोड पर लाइट लगाने का कार्य किया था। मगर यह लाइट सडक के किनारे पोल लगाकर लगाई गई थी। इस रोड पर कई वाहनों के टकराने के कारण पोल कई जगह से टूट गए है।

## ढाबे में थूककर तंदूरी रोटी सेंकने का आरोप, धरा

**गाजियाबाद।** हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारी अनिल चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने रोटी बनाने वाले तसीरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ महामारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्षने ये वीडियो अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट की है। 51 सेकेंड के इस वीडियो में एक शख्स तंदूर के पास खड़ा होकर रोटियां बना रहा है। तंदूर में रोटी लगाने से पहले वह एक बार झुक जाता है। दावा है कि ये शख्स थूककर रोटी बना रहा था।

इसकी शिकायत थाना टीला मोड़ में की। जिसके बाद केस दर्ज कर लिया गया। थाना प्रभारी भुवनेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो पसौंडा गांव में मुख्य रोड पर मदीना नामक होटल का है। होटल कर्मचारी तसीरुद्दीन है, जो बिहार में किशनगंज का रहने वाला है। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया है।

## गाजियाबाद में जेई 1 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

- 17 लाख का बिल पास कराने के एवज में मांगी गई थी रकम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



मेरठ की एंटी करप्शन यूनिट ने गाजियाबाद में गुरुवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई सुभाष चंद्र शर्मा को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा।

17 लाख रुपए का बिल पास करने की एवज में ठेकेदार से ये रिश्वत ली गई थी। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर की ओर से थाना कविनगर में आरोपी जेई के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। मेरठ के मोदीपुरम निवासी राहुल गुप्ता ठेकेदार हैं और श्री गणेश सीमेंट एजेंसी नाम से उनकी फर्म है।

इस फर्म को गाजियाबाद में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से मुख्यमंत्री आर्थिक विकास योजना के तहत नाली-खड़ंजे और सड़क बनाने के ठेके मिले हुए हैं। राहुल गुप्ता के अनुसार, मुरादनगर क्षेत्र में उन्होंने अप्रैल महीने में काम पूरा किया। डीएम द्वारा गठित गुणवत्ता कमेटी ने इस काम की दो बार रिपोर्ट तक दी। इसके बावजूद उनका 17 लाख रुपए का एक बिल पास नहीं किया जा रहा था। ठेकेदार के मुताबिक, जेई सुभाष चंद्र शर्मा ने इस बिल को पास कराने की एवज में 3 लाख रुपए रिश्वत मांगी। एक लाख रुपए पर बात बन गई। जेई ने गुरुवार को रिश्वत के लिए ठेकेदार को बुलाया था। कैंटीन में जेई ने ठेकेदार राहुल को एक लाख रुपए रिश्वत लेकर बुलाया था।

# पिलर को लेकर प्राधिकरण-डीएमआरसी में तकरार

- मुख्य सड़क पर खंभा आने से लगता है जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन डीएमआरसी के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बाहर एफ ओबी का एक पिलर सड़क के बीच में है। इससे ट्रैफिक जाम रोड एक्सीडेंट और जाम का खतरा है। इस पिलर को लेकर डीएमआरसी और नोएडा प्राधिकरण के बीच तकरार बढ़ रही है।

डीएमआरसी प्रधान अधिशासी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि एफओबी का पिलर 5.91 मीटर ऊंचाई का है। एफओबी का निर्माण साथ वाली सड़क के अंडर पास के बनने से काफी



सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बाहर लगा पिलर।

पहले 2019 में ही पूरा कर लिया गया और तब से उपयोग में है। इसे सार्वजनिक उपयोग में लाने से पहले सभी संबद्ध सरकारी एजेंसियों से आवश्यक अप्रूवल ली गई थी। इस फुटओवर ब्रिज का निर्माण पूरे होने तक ये पिलर सड़क के वाहन मार्ग कैरेज×वे के मध्य से दूर किनारे वाली सर्विस लेन और कैरेजवे के बीच में था। और तब किसी तरह का ट्रैफिक व्यवधान नहीं था। बाद में, वर्ष 2021 में अंडरपास के निर्माण के बाद नोएडा प्राधिकरण ने इस कैरेज-वे के पुनर्निर्माण की वजह से अब उक्त पिलर मुख्य सड़क के बीचों बीच हो गया है जिससे ट्रैफिक बाधित होता है। एफओबी के निर्माण और परिचालन नए अंडर पास निर्माण से काफी पहले किया जा चुका था, इसके पिलर को ध्यान में रखते हुए ही अंडर पास के डिजाइन को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए था। दिल्ली मेट्रो ने कई बार नोएडा प्राधिकरण को इस संबंध में पत्र लिखकर अवगत कराया है और समाधान निकालने की गुहार लगाई। यही नहीं 18 जनवरी 2023 को दिल्ली मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने इस साइट का दौरा कर पिलर से हो रही बाधा का गहन अध्ययन किया है।

सावधानी के तौर पर, पिलर के चारों तरफ चमकीले स्टिकर भी लगाए गए हैं ताकि रात में या कम विजिबिलिटी के दौरान यात्रियों को दूर से ही पिलर का अनुमान हो सके। वहीं प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी ने बताया कि पिलर का डिजाइन और ड्राइंग डीएमआरसी की है। हम कई बार डीएमआरसी को इस परिप्रेक्ष्य में पत्र लिख चुके है। उन्होंने बताया कि अंडर पास से पहले यहां से सर्विस रोड थी। उनको पिलर सर्विस रोड से हटाकर बनाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जरूरत और ट्रैफिक के लिए हमने अंडर पास बनाया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भाजपा-आप ने किया एक दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन

## एलजी के इशारे पर नौकरशाह कर रहे काम : पांडेय



विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के विधायक।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा सत्र के चौथे दिन बृहस्पतिवार को जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू हुई। आप विधायकों ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

सत्ता पक्ष के विधायकों ने सदन में वेल के अंदर आकर विरोध प्रदर्शन कर एलजी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायकों ने हाथ में तख्ती ले रखी थी जिसपर एलजी साजिश करते रहे हैं, अफसरों की जवाबदेही तय करो आदि नारे लिखे थे। हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद सदन से बाहर आकर विधायकों ने परिसर में गांधी प्रतिमा के पास बैठकर धरना दिया। विधायक दिलीप पांडेय ने इस प्रदर्शन की अगुवाई की। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता आतिशी ने कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना मुख्य सचिव, प्रमुख वित्त सचिव और स्वास्थ्य सचिव के साथ मिलकर साजिश रच रहे हैं। दिल्ली सरकार के कामों को रोका जा रहा है। मोहल्ला क्लिनिक के डॉक्टरों के वेतन नहीं दिया गया। तरह-तरह से कोशिश की जा रही है कैसे भी सरकार के कामों को रोका जाए। आप विधायकों की मांग है कि मुख्य सचिव समेत तीनों नौकरशाहों को निलंबित किया जाए।

### आप का आरोप- दिल्ली वालों का काम रोका जा रहा

विधान सभा की याचिका समिति ने बुधवार को सदन में जांच रिपोर्ट पेश की थी, जिसमे खुलासा किया गया था कि एलजी के इशारे पर कुछ अधिकारियों द्वारा जानबूझकर स्वास्थ्य सेवाओं को ठप करने की कोशिश की गई।

दिलीप पांडेय ने कहा कि एलजी के साथ मिलकर मुख्य सचिव, वित्त प्रमुख सचिव और स्वास्थ्य सचिव दिल्ली की जनता के हित के खिलाफ काम कर रहे हैं।

वहीं, विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि एलजी के इशारे पर मोहल्ला क्लीनिक में टेस्ट रोके गए, अस्पतालों में डेटा एंट्री ऑपरेटर हटाए गए और दिल्ली जल बोर्ड का फंड रोका गया। पिछले छह महीने में एलजी ने किस प्रकार से दिल्ली के कामों को रोकने का काम किया है। याचिका समिति की जांच में मुख्य सचिव, वित्त सचिव, स्वास्थ्य सचिव और सोशल वेलफेयर सचिव दोषी करार दिए गए हैं।

## विस में नहीं उठाने दिया किसानों का मुद्दा : बिधूड़ी




विस परिसर में किसानों का मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपा विधायक। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बारापुला फेज-तीन एलिवेटेड कारिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण के बदले कम मुआवजा मिलने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। किसान कम मुआवजा मिलने की बात कर इसका विरोध कर रहे हैं।

भाजपा इनके साथ खड़ी है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी का किसानों की समस्याओं का मुद्दा कार्यसूची में पहले स्थान पर था लेकिन आम आदमी पार्टी के विधायक विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल के आसन के सामने आकर लगातार शोर मचाते रहे और अध्यक्ष ने भाजपा को किसानों के हितों के मुद्दे पर बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद उन्होंने भाजपा विधायकों को मार्शल के द्वारा सदन से बाहर करा दिया। बाहर आकर रामवीर सिंह बिधूड़ी की अगुवाई में भाजपा के सभी विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी, अजय महावर और अभय वर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय तक मार्च किया।


रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ भाजपा के सभी विधायक किसानों की पारंपरिक पगड़ी पहनकर सदन में पहुंचे थे। नेता प्रतिपक्ष जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए, आम आदमी पार्टी के विधायक हंगामा करने लगे और अध्यक्ष के आसन के सामने आ गए। बिधूड़ी का आरोप है कि सत्ता पक्ष के सदस्य जानबूझ कर नारेबाजी शुरू कर दी ताकि वह किसानों के साथ हो रहे अन्याय की आवाज न उठा सकें। इस हंगामे के बीच बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में किसानों की खेती की जमीन कोड़ियों के भाव अधिग्रहित कर रही है। 26 दिसंबर 2022 को नंगली रजापुर गांव के किसानों की 10 करोड़ रुपए प्रति एकड़ की जमीन सिर्फ 22 लाख रुपए प्रति एकड़ के दाम पर अधिग्रहित कर ली गई। यह किसानों के साथ खुली लूट है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार की किसान विरोधी नीतियां जगजाहिर हैं।

### सरकार ने किसानों का दर्जा खत्म किया: भाजपा

दिल्ली सरकार ने किसानों का दर्जा खत्म कर दिया है जिससे पीएम की सरकार द्वारा हर वर्ष दिए जा रहे 6 हजार रुपए से दिल्ली के किसान वंचित हो गए हैं। गांवों का लालडोरा नहीं बढ़ाया गया, किसानों को व्यवसायिक कीमत पर बिजली दी जा रही है, खाद एवं कृषि संयंत्रों पर कोई सब्सिडी नहीं दी जा रही, किसान की जमीन अधिग्रहित करने पर वैकल्पिक आवासीय प्लाट देने की नीति केजरीवाल सरकार ने बंद कर दी है।

# विस में यमुना की सफाई के लिए 1028 करोड़ रुपये मंजूर

- उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने यमुना नदी के लिए पूरक अनुदान की मांग को सदन पटल पर रखा और सदन ने इसे मंजूरी दी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने व दिल्ली जलबोर्ड के लिए सदन द्वारा 1028 करोड़ रुपये के पूरक अनुदान को मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री व जलमंत्री मनीष सिसोदिया ने यमुना सफाई के लिए पूरक अनुदानु की मांग को सदन पटल पर रखा और सदन ने इसे मंजूरी दी।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि उपराज्यपाल ने अफसरों पर दबाव बनाकर यमुना सफाई के काम को रोकने का हर संभव प्रयास किया। सदन से बजट मंजूर होने के बावजूद जलबोर्ड के काम रोके गए। इन्होंने पहले परियोजना को रोकने का प्रयास किया। प्रोजेक्ट्स नहीं रुके तो इन्होने फण्ड रोक दिए लेकिन यमुना की सफाई का काम जारी है। दिल्ली सरकार यमुना की सफाई का काम कभी रुकने नहीं देगी। उन्होंने साझा किया कि सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के रुके पैसों को तो जारी करवा ही दिया है साथ ही यमुना की सफाई के लिए 1028 करोड़ रूपये का अतिरिक्त बजट भी जारी किया है ताकि यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के कामों में तेजी लाइ जा सकें।

सिसोदिया के मुताबिक मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा है अगले चुनावों से पहले यमुना साफ हो जाएगी। इसके लिए जो भी और जैसे भी करना पड़े करेंगे। दिल्ली सरकार इस दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यमुना की सफाई को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए खुद हर एक पहलू पर बारीकी से नजर बनाए हुए है।

# उपराज्यपाल विधानसभा में दिखाए गए नोट जब्त करवाये : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायक मोहिंदर गोयल के द्वारा दिखाए गए 15 लाख रुपए आयकर विभाग या भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के माध्यम से जब्त कराने का अनुरोध किया है। भाजपा का प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर नोट जब्त कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि विधायक ने सदन में कहा कि उन्हें दिल्ली सरकार के अस्पताल में भर्ती घोटाले पर चुप रहने के लिए लगभग एक साल पहले यह 15 लाख रूपए दिये गये थे जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह रूपए उनके नहीं हैं और गैरकानूनी रिश्वत के हैं। अत: यह रूपए जब्त होना चाहिए। कपूर ने विधायक, दिल्ली सरकार और विधानसभा अध्यक्ष से पांच जवाब मांगे हैं।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल सदन चलाने में विफल है : अनिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के विशेष सत्र में लगातार हो रहे हंगामें को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी को घेरा है।

प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा का सत्र एक बार फिर अरविन्द केजरीवाल द्वारा सत्ता के अधिकारों को बढ़ाने, आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति और आम आदमी पार्टी और भाजपा की नूरा कुश्ती की भेंट चढ़ गया जहां सदन का इस्तेमाल चर्चा, प्रदेश का विकास व जनता से जुड़े मुद्दों व समाधान के लिए होना चाहिए था, वहीं केजरीवाल की तानाशाही व्यवस्था के चलते सत्र में जनता से जड़े मुद्दों के लिए प्रश्न काल ही नहीं रखा गया है।

इस बीच भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके विधायकों ने उपराज्यपाल के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक अभियान चलाने के लिए सदन की गरिमा के साथ समझौता कर सरकार का कीमती समय और संसाधनों का दुरुपयोग किया।




राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ( एनडीआरएफ ) के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मियों ने अपने सर्विस डॉग्स के साथ।

# स्कूल में प्रैक्टिकल लेने आये टीचर पर हमला

- चाकू से किए वार, अस्पताल में भर्ती, 12वीं कक्षा छात्र हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंद्रपुरी थाना इलाके के सरकारी स्कूल में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। स्कूल में प्रायौगिक परीक्षा लेने आए शिक्षक पर छात्र ने जानलेवा हमला कर दिया।

इस हमले में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में एक आरोपी को दबोचा गया जबकि दो अन्य वहां से भाग गए हैं। इस संबंध मं इंद्रपुरी थाने में हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में स्थित एक सरकारी स्कूल में प्रैक्टिकल लेने आए टीचर पर कुछ छात्रों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस स्कूल पहुंची और घायल शिक्षका को बीएलके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिक्षक की



पहचान भूदेव के रूप में हुई है। आरोप है कि 12वीं कक्षा के 3 छात्रों ने उन पर हमला कर किया है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी का कहना था कि एक आरोपी छात्र ने चाकू मारा था, जिसे पकड़ लिया गया लेकिन अन्य दो फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया लड़का बालिग है या नाबालिग इसकी जांच की जा रही है।

गौरतलब हो कि इसी जिले में कुछ दिन पहले भी मायापुरी इलाके में दिल्ली पुलिस के एएसआई की चाकू से वारकर हत्या कर दी गई थी । यह घटना उस दौरान हुई थी जब मोबाइल छीनने के मामले में आरोपी अनीस को एएसआई शंभू दयाल गिरफ्तार कर ले जा रहे थे।


# पश्चिम विहार में दीवार पर राष्ट्र विरोधी खालिस्तान समर्थित नारे पुलिस ने मिटवाए

- सुरक्षा संबधी मामला नहीं पर होगी कार्रवाई: सुमन नलवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पश्चिम बिहार इलाके में एक दीवार पर पेंट से लिखे राष्ट्र विरोधी और खालिस्तान समर्थित नारे को पुलिस ने बृहस्पतिवार को मिटवा दिया।

अधिकारियों ने बताया कि दीवार पर खालिस्तान जिंदाबाद और रेफरेंडम 2020 जैसे नारे लिखे गए थे। पूछे जाने पर दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा कि कुछ लोगों ने दिल्ली में कुछ स्थानों पर राष्ट्र-विरोधी, खालिस्तान-संबंधी नारे लिख दिए थे। यह सुरक्षा-संबंधी मुद्दा नहीं है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है



कि गणतंत्र दिवस से पहले कोई गलत गतिविधि न हो। प्रवक्ता ने कहा कि इससे हमारी सुरक्षा प्रभावित नहीं होती है। चूंकि एसएफजे (सिख्स फॉर जस्टिस) एक प्रतिबंधित संगठन है, इसलिए यह खबरों में रहना चाहता है।

एसएफजे का संचालन अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में रहने वाले कुछ कट्टरपंथी सिख करते हैं। इस संगठन को भारत सरकार ने 2019 में गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के तहत प्रतिबंधित कर दिया था।

# सदर की 25 दुकानें सील, व्यापारियों का धरना

- उपराज्यपाल को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया

**पीएनएस।** नई दिल्ली

दिल्ली के सदर बाजार की 25 दुकानों को सील किए जाने के खिलाफ व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल निवास के बाहर धरना दिया।

आम आदमी पार्टी के व्यापारी संगठन व्यापार और उद्योग मंडल (सीटीआई) ने भी इस मुद्दे पर उपराज्यपाल वी के सक्सेना को एक पत्र लिखा है। इस महीने की शुरूआत में पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में 25 दुकानों को सील कर दिया गया था, जबकि पांच अन्य को परिसर खाली करने का नोटिस दिया गया था। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने कहा कि सदर बाजार में सीलिंग की कार्वाई से अन्य बाजारों के दुकानदार भी सहमे हुए हैं।

बृजेश गोयल ने कहा कि व्यापारियों को सीलिंग की धमकी मिल रही है। फिलहाल दिल्ली में एमसीडी में कोई सरकार नहीं है और एमसीडी का नियंत्रण उपराज्यपाल के पास है, सभी अधिकारी उपराज्यपाल के आदेश का ही पालन कर रहे हैं। बृजेश गोयल ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है कि जब तक एमसीडी में नई सरकार नहीं बन जाती, तब तक सीलिंग की कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। हम चाहते हैं कि सीलिंग के मुद्दे पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन में चर्चा हो। बृजेश गोयल ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा, वैसे भी दिल्ली का मास्टर प्लान 2041 आने वाला है और उसमें लिखा है कि जिस मार्केट में 70 फीसदी से ज्यादा व्यावसायिक गतिविधियां होती हैं वह व्यावसायिक बाजार की श्रेणी में आता है।

# विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ दिल्ली पुलिस की याचिका खारिज

- उच्च न्यायालय ने कहा, खराब चरित्र का धब्बा हटवाने को प्रतिवेदन दे सकते हैं खान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को खराब चरित्र का शख्स घोषित करने के दिल्ली पुलिस के फैसले के खिलाफ दायर उनकी याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने कहा कि खान के पास इस बात की आज़ादी है कि वह खराब चरित्र का धब्बा हटवाने के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रतिवेदन दे सकते हैं। न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि संबंधित पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने विधायक के खिलाफ कार्रवाई के समर्थन में कारण बताए हैं। दिल्ली पुलिस ने ओखला से आप विधायक खान को पिछले साल खराब चरित्र का शख्स घोषित किया था।

खान के वकील ने दलील दी थी कि अधिकारियों ने पूरी तरह से दुर्भावनापूर्ण तरीके से काम किया और दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टी के एक प्रवक्ता ने उनकी छवि को खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर हिस्ट्री शीट की प्रति साझा की जो गोपनीय दस्तावेज़ होता है। दिल्ली पुलिस ने दलील दी कि निर्णय लेने के लिए सक्षम अधिकारियों ने उचित प्रक्रिया का पालन किया था।

# 'देश के मेंटर्स' ने छात्रों को दिया चुनौतियों से लड़ने का जज्बा

## मनीष सिसोदिया ने कहा, नौनिहालों को बाल विवाह और डिप्रेशन का सामना करने का दिया हौसला

- देश के मेंटर कानक्लेव-2023 में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी के लाखों युवाओं को नई दिशा देने और हर चुनौतियों से लड़ने का जज्बा 'देश के मेंटर्स' कार्यक्रम से दिया है।

यह दावा उपमुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री मनीष सिसौदिया ने बृहस्पतिवार को देश के मेंटर कॉन्क्लेव-2023 में किया। ज्ञात रहे कि केजरीवाल सरकार का फ्लैगशिप प्रोग्राम 'देश के मेंटर' कार्यक्रम देश




का सबसे बड़ा मेंटरिंग प्रोग्राम है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 26,000 मेंटर व 1 लाख मेंटीज ऑनबोर्ड हुए हैं। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को इंदिरा गाँधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वीमेन में आयोजित देश के मेंटर कॉन्क्लेव-2023 में शानदार काम करते हुए मेंटरिंग द्वारा अपने मेंटीज के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाने वाले मेंटर्स से उनके मेंटरिंग के अनुभवों को जाना और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र को दिशाहीन होने से बचाना उतना ही आवश्यक है जितना देश को शत्रुओं से बचाना। दिल्ली सरकार की प्रमुख पहल देश के मेंटर प्रोग्राम के तहत मेंटर्स ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों के भविष्य को दिशा देने की दिशा में काम किया है। राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र के भविष्य को सुरक्षित करने में यह उनका सबसे बड़ा योगदान है।

सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जब हमने आउट ऑफ बॉक्स जाकर सोचा तो देखा की इसमें एक चीज जो मिसिंग है वो है सपना। पिछले सात साल में शिक्षा मंत्री के रूप में मैंने स्कूलों में लाखों बच्चों के साथ चर्चा की। इन सभी चर्चाओं में बच्चों का ड्रीम कहीं न कहीं मिसिंग था। लेकिन देश के मेंटर कार्यक्रम ने इस खालीपन को भरने का काम किया है और बच्चों को ये दिशा दी है कि उन्हें अपने भविष्य में क्या करना है, किस क्षेत्र में जाना है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मेंटरिंग का काम कोई छोटा काम नहीं बल्कि देश की बेहतरी को नया आयाम देने वाला एक महत्वपूर्ण काम है।

उन्होंने कहा कि हमारे मेंटर्स किसी एक बच्चे को भविष्य की राह दिखाने के साथ ही देश के भविष्य को सँवारने का काम कर रहे है। मेंटरिंग का ये प्रभाव हुआ है कि एक मेंटर ने अपने मेंटी का बाल विवाह रुकवा दिया। एक बच्ची जिसे 12वीं के बाद आगे भविष्य में क्या करना है उसके विषय में कोई भी जानकारी नहीं थी और आज स्वयं 4 बच्चों को मेंटरिंग दे रही है। देश का शिक्षित युवा चाहता है कि स्कूलों में पढने वाले बच्चों को भी सीखा सकें।

# निगम विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान ओलंपियाड में कीर्तिमान बनाए



**नई दिल्ली।** विज्ञान ओलंपियाड छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंच पर विज्ञान में अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन करने की पहल है। इसका मकसद छात्रों को आधुनिक प्रतिस्पर्धी दुनिया में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है। निगम प्राथमिक विद्यालय सेक्टर-9, रोहिणी के कक्षा-पांचवीं के 2 छात्रों जतिन वशिष्ट एवं अजान ने इस परीक्षा में अच्छा स्थान प्रास किया है। इन छात्रों ने राष्ट्रीय ओलंपियाड के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, गणित, अंतर्राष्ट्रीय साइबर कंप्यूटर ओलंपियाड जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छा स्थान प्राप्त किया है ।

# आईएमटी मानेसर में पुलिस को मिला चार मंजिला आलीशान भवन


आईएमटी मानेसर में पुलिस के भवन का उद्घाटन करतीं सीपी कला रामचन्द्रन।


आईएमटी मानेसर में बनायी गई पुलिस की आलीशान इमारत।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने किया उद्घाटन

### पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन ने बनायी है यह चार मंजिला इमारत

**आईएमटी** मानेसर में गुरुवार को डीसीपी के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने किया। यह चार मंजिला इमारत हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा तैयार की गई है।

उद्घाटन करने के बाद पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने इस नवनिर्मित बिल्डिंग का निरीक्षण किया। पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के अधिकारियों से भवन में स्थित सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस बिल्डिंग को बनने में 3 साल का समय लगा है। इस पर कुल लागत 4.31 करोड़ रुपये आई है। सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस यह मुख्यालय 0.5 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें एक सोलर पैनल लगाया गया है। स्वचालित अग्निशामक यंत्र भी लगाया गया है। मानेसर में पुलिस कार्यालय भवन की कमी को देखते हुए 2019 में इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया था, जो अब बनकर तैयार हुआ है। इस कार्यालय में बिजली की आपूर्ति के लिए 40 केवीए पावर बैकअप जनरेटर भी लगाया गया है।

सीपी कला रामचन्द्रन ने बताया कि डीसीपी मानेसर सहित एसीपी मानेसर, एसीपी सीएडब्ल्यू और एसीपी ट्रैफिक मानेसर के कार्यालय स्थित होंगे। मानेसर जोन में इस कार्यालय के स्थापित होने से बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। उद्घाटन अवसर पर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त कुलविंदर सिंह, डीसीपी मुख्यालय अंशु सिंगला, डीसीपी साउथ उपासना सिंह, डीसीपी ईस्ट वीरेंद्र विज, डीसीपी वेस्ट दीपक सहारण, डीसीपी मानेसर मनवीर सिंह और डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह समेत अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे।

## गुरुग्राम में कबाड़ी बनकर हथियार सप्लाई करने वाले गैंग का भंडाफोड़


गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में अवैध हथियार बेचने वाला आरोपी।


आरोपी कब्जे से बरामद किए गए अवैध हथियार।

**गुरुग्राम।** अगर आपके क्षेत्र में पुराना सामान, रद्दी आदि खरीदने वाला कबाड़ी घूम रहा है तो सावधान हो जाइये। वहह कबाड़ी हथियारों का सौदागर हो सकता है। पुलिस ने गुरुग्राम में ऐसे ही एक कबाड़ी को दबोचा है, जो कबाड़ी बनकर घूमता था और इस दौरान हथियारों का भी सौदा करता था। एसीपी क्राइम प्रीतपाल सांगवान ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से रखे पांच देसी कट्टे बरामद किए हैं।

पुलिस ने अजहरुद्दीन नाम के शख्स को अवैध हथियार के साथ सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। पिछले काफी समय से वह देसी कट्टे बेचने की फिराक में था। उसके पास से एक अवैध हथियार बरामद किया गया, जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ की तो

### आरोपी से पांच देसी कट्टे हुए बरामद

आरोपी ने कबूल किया कि उसके पास अन्य कुछ और हथियार भी हैं। जो उसने एक जगह छिपा कर रखे हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से भी चार देसी कट्टे बरामद किए। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अवैध हथियार अलवर से लेकर आता था। वह इस फिराक में था कि इन सभी अवैध हथियारों को वह यहां बेच देगा। अजहरूद्दीन पिछले काफी समय से कबाड़ी का काम करता था और इसी दौरान उसकी किसी व्यक्ति से मुलाकात हुई। उसने अवैध हथियार बेचने का प्लान तैयार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर इसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है।

## सोहना के तावडू मार्ग पर पहुंची बी एण्ड आर विभाग की टीम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के व्यापारियों द्वारा तावडू जाने वाली सड़क पर बनें गड्ढ़ों को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन से थर्राए बी एण्ड आर विभाग अधिकारियों की टीम 24 घंटा के अंदर मौके पर पहुंची। बीएण्डआर विभाग के एक्सइएन ने ठेकेदार को तुरन्त प्रभाव से सड़क निर्माण कार्य को चालू करने के आदेश जारी किए हैं।

गुरुवार को बी एण्ड आर विभाग के एक्सइएन चरणदीप राणाए एसडीओ अजीत सिंह व अन्य अधिकारी शहर के तावडू जाने वाले


गुरुवार को सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग का मुआयना करते बी एण्ड आर विभाग के अधिकारी।


मार्ग पर पहुंचे। जहा पर बुधवार को शहर के व्यापारियों ने सडक पर बनें गड्ढ़ों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। इस अवसर पर पर डेंसिटी एजेंसी के ठेकेदार सतबीर खटाना को मौके पर बुलाया गया। एक्सइएन चरणदीप राणा ने ठेकेदार को तुरन्त प्रभाव से सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने के आदेश दे दिए।

**पांच साल की गारंटी :** तावडू जाने वाले मार्ग को 5 वर्ष तक न टूटने की गारंटी से निर्माण किया जाएगा। जिसके साथ-साथ गंदे व बरसाती पानी निकासी के लिए नाली बनाई जाएगी। टूटी हुई सड़क पर निर्माण कार्य शुरू होने तक हर दिन ठेकेदार पानी खा छिड़काव किया जाएगा।

## गुरुवार को आसमान में बादल छाने से किसानों को जल्द ही बारिश का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुवार** को आसमान में बादल छाए देख किसानों के मुर्झाए चेहरों पर हल्की-हल्की मुस्कान नजर आई। किसान जल्द ही बारिश होने का अनुमान लगाने लगे है। पिछले चार दिन पाला पड़ने से सरसों व सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। गुरुवार को आसमान में बादल छाए होने के कारण सूर्य देखता आंख मिचौली करता रहा। जिसके कारण गुरुवार को धूप खिल कर नहीं निकली। धूप न निकलने के कारण सर्दी ठिठरन पूरे दिन बनी रही। वहीं किसान अब जल्द ही बारिश होने की उम्मीद लगा रहा है। गांव महेन्द्रवाड़ा सरपंच एवं किसान रामपाल ने बताया कि बारिश होने से सरसो और सब्जी वाली फसलों के लिए सोने पर सुहागा बनकर बरसेगी। क्योकि वर्तमान समय में गेंहू व सरसों की फसल के लिए बारिश संजीवनी से कम नहीं होगी।


सोहना व आसपास के क्षेत्र में पिछलों दिन पाला पड़ने से खराब हुई फसल। फसल पर पड़े पाले के कड़ों को दिखाता किसान।

**पाले से परेशान बेचारा किसान:** पिछले चार दिन लगातार पड़ा पाले से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सब्जी वाली फसलों को पूरी तरह से झूलस गई। जिससे सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है। किसान दीनदयाल सैनी का कहना है कि बारिश होने से पाले से फसलों को हुआ नुकसान की पूर्ति हो जाएगी। सरसों की पैदावार सही हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार व बुधवार के आस पास बारिश होने के आसार बन रहे है। इस बारिश होने से किसानों की फसलों को नई ऊॅर्जा मिलेगी।

**( अरुण सोलंकी-कृषि अधिकारी सोहना )**

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों की जिम्मेदारी एसडीएम ने अधिकारियों को सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** ने 26 जनवरी को गणतंत्रता दिवस की तैयारियों का लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विभाग अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिम्मेदारियों को कर्तव्य निष्ठा से निभाने के आदेश भी जारी किए गए है।

गुरुवार को एसडीएम प्रदीप मलिक ने अपने कार्यालय में 26 जनवरी के अवसर पर शह के देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस बैठक में 24 अलग-अलग सरकारी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम ने गणतंत्र दिवस को लेकर पूर्व में किए गए कार्यक्रमों की जानकारी ली। उसके बाद किस विभाग को गणतंत्र दिवस पर क्या-क्या जिम्मेदारियां निभानी होती है। यह सब जानने के बाद एसडीएम प्रदिप मलिक ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी को कर्तव्य निष्ठापूर्ण तरीके से निभाने को कहा गया। गणतंत्र दिवस में भाग लेने वाले स्कूली विद्यार्थियों के सम्मान से लेकर स्वतंत्रता दिवस सेनानियों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने तक की जिम्मेदारी सौंपी गई। पीने के पानी से लेकर आगंनतुक अतिथियों, गणमान्य नागरिकों के बैठने की सुविधा। संगीत यंत्र, राष्ट्रीय झंडा, टेंट और कानून व्यवस्था को बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा और जलपान का जिम्मा सौंपा गया। कोविड नियमों की पालना से लेकर स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर भी ड्यूटी लगाई गई है। आज की बैठक सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## हिसार इंटरनेशनल एयरपोर्ट में महाराजा अग्रसेन के नाम का राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल: अशोक बुवानीवाला

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

### केंद्र सरकार ने ऐसी किसी भी योजना से किया है इंकार

### बोले, मनोहर सरकार ने अग्रवाल समाज की भावनाओं से किया खिलवाड़

**अग्रवाल** वैश्य समाज संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने इस बात पर रोष जाहिर किया है कि हिसार में महाराजा अग्रसेन जी के नाम से इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की केंद्र सरकार की कोई योजना नहीं है। फिर भी उनके नाम से हरियाणा की मनोहर सरकार ने महाराजा अग्रसेन के नाम से देश और दुनिया में बसे अग्रवाल समाज के लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया। उनके नाम को इस्तेमाल अपने राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए किया।

अशोक बुवानीवाला ने तथ्यों के आधार पर कहा कि हिसार में हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखा गया। अग्रवाल समाज की ओर से यह मांग उठाई जा रही थी। सरकार ने अग्रवाल समाज को खुश करने के लिए 26 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की थी कि हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखा जाएगा। इसका नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट कर दिया गया है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि मनोहर सरकार हिसार एयरपोर्ट से इंटरनेशनल हवाई जहाज उड़ाने के


अशोक बुवानीवाला।

सपने देख रही थी, जबकि संसद सत्र में भी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सांसद बृजेंद्र सिंह के सवाल के जवाब में साफ कर दिया कि ऐसी कोई योजना ही नहीं है। अपनी ही पार्टी के सांसद के सवाल के जवाब के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना कई सवालों को जन्म देता है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने इस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखने से पूर्व केंद्र सरकार से अनुमति क्यों नहीं ली। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस तरह से हवा में बातें करके न केवल भारत के, बल्कि दुनियाभर में बसे अग्रवाल समाज के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। महाराजा अग्रसेन के नाम से अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास किया है।

बुवानीवाला ने यह भी कहा कि एयरपोर्ट के आसपास राजनीतिक पहुंच वाले और कुछ राजनीतिक लोगों ने जमीनों के भाव बढ़वाने के नाम पर महाराजा अग्रसेन के नाम से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने के दावे किए गए। ऐसा करके करोड़ों के वारे-न्यारे अब तक कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस बाबत अग्रवाल समाज के समक्ष खेद प्रकट करें।

## कल्याण ज्वेलर्स आज उत्तर प्रदेश में अपने आठवें शोरूम के शुभारंभ के लिए तैयार

### 20 जनवरी 2023 को होगा मेरठ के पहले कल्याण ज्वेलर्स शोरूम का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**भारत** के सबसे विश्वसनीय और अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने आज घोषणा की कि कंपनी उत्तर प्रदेश में अपना आठवां शोरूम शुरू करने जा रही है। मेरठ में अपने नए शोरूम के साथ कल्याण ज्वेलर्स ब्रांड का पहला कदम इस क्षेत्र में रिटेल और परिचालन विस्तार करने की कंपनी की नीति के अनुसार रखा गया है। क्षेत्र के ज़्यादा से ज़्यादा उपभोक्ताओं को यह ब्रांड उपलब्ध कराकर वृद्धि को बढ़ावा देना कल्याण ज्वेलर्स का लक्ष्य है। बेगम ब्रिज रोड पर कल्याण ज्वेलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन 20 जनवरी 2023 को किया जाएगा। पूरी दुनिया में यह कल्याण ज्वेलर्स का 169 वां स्टोर होगा। कल्याण ज्वेलर्स के इस नए शोरूम में ब्रांड के कई अलग-अलग ज्वेलरी कलेक्शन्स के डिजाइन्स की विशाल श्रेणी प्रदर्शित की जाएगी। अपने उपभोक्ताओं को आधुनिकतम सुविधाएं, वैश्विक स्तर का रिटेल वातावरण और अतुलनीय अनुभव प्रदान करना कल्याण ज्वेलर्स का उद्देश्य है।

KALYAN JEWELLERS

शोरूम के उद्घाटन की ख़ुशी को बहुत ही अनोखे ढंग में मनाते हुए, कल्याण ज्वेलर्स ने सभी आभूषणों के मेकिंग चार्जेस पर 25 प्रतिशत तक की छूट और सोने के रेट में हर ग्राम पर 50 रुपयों की छूट की घोषणा की है। बेहद खूबसूरत और अनोखे आभूषणों की खरीदारी के साथ कल्याण के 4 लेवल अश्युरेंस सर्टिफिकेशन के लाभ भी उपभोक्ताओं को मिलेंगे। नए शोरूम में दी जा रही आकर्षक ऑफर्स का लाभ 31 जनवरी 2023 तक लिया जा सकता है। नए शोरूम्स के लॉन्च के बारे में कल्याण ज्वेलर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री. रमेश कल्याणरमण ने कहा, उत्तर प्रदेश क्षेत्र में छह साल पूरे करते हुए मेरठ में हम अपना पहला कदम रखने जा रहे हैं, इस बात की घोषणा करते हुए हमें बहुत ख़ुशी हो रही है। मेरठ इस क्षेत्र के सबसे बड़े मार्केट्स में से एक है। उत्तर प्रदेश हमारे लिए हमेशा से ही एक महत्वपूर्ण मार्केट रहा है, इस क्षेत्र में हमारे निवेश उत्तर भारत में ब्रांड की मौजूदगी को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हम मानते हैं कि मेरठ मार्केट की क्षमताओं का अभी भी पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया गया है और क्षेत्र में हमारी मज़बूत नींव के आधार पर इन्हीं क्षमताओं का लाभ उठाते हुए हम वृद्धि को बढ़ावा दे पाएंगे। कल्याण ज्वेलर्स में बेचे जाने वाले सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क्ड होते हैं और कई प्युरिटी टेस्ट्स पास करने के बाद ही बिक्री के लिए रखे जाते हैं।

## आरबीएसएम स्कूल की चार टीमें प्रतियोगिता में होंगी शामिल

**सोहना।** आरबीएसएम स्कूल की चार टीमें खो-खो के लिए राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चुनी गई है। यें सभी टीमें आज से शुरु होने जा रही उत्तर प्रदेश के जिला हरदोई में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मालूम रहे कि इसी माह की 9 जनवरी से गुरुग्राम के वसंत वैली पब्लिक स्कूल में स्पीड खो-खो प्रतियोगिता का प्रदेश स्तर पर शुरुआत हुई थी। इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में आरबीएसएम स्कूल की खो-खो के लिए चार टीमों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन हुआ।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शुक्रवार से उत्तर प्रदेश का जिला हरदोई में शुरु हो रही है। स्कूल के निर्देशक भागीरथ सिंह राघव ने बताया कि आरबीएसएम विद्यालय खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। गुरुग्राम व अन्य आसपास के क्षेत्र से आने वाले इस विद्यालय के खिलाड़ी अलग-अलग खेलों में अपनी पहचान बना चुके है ।

## अटल भूजल योजना के तहत क्षमता निर्माण कार्यशाला हुई संपन्न

**गुरुग्राम।** सिंचाई विभाग और आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्मेंट द्वारा जिला की ग्राम पंचायतों में सूख चुके पानी के स्त्रोतों को फिर से पुनर्जीवित करने व घटते भूमिगत जल को संरक्षित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया।

अटल भूजल योजना के तहत यह कार्यक्रम होटल स्काईलार्क में आयोजित किया गया था। जिसमें वक्ता राधा कृष्ण व कविता के द्वारा अटल भूजल योजना के बारे सभी लाइन डिपार्टमेंट्स के अधिकारियों को भूमिगत जल प्रबंधन गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता डॉ. शिव सिंह रावत ने अटल भूजल योजना के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि लोगों की सहभागिता इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने भूमिगत जल संरक्षण के विभिन्न पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों को खेती में सूक्ष्म सिंचाई जैसे फव्वारा एवं टपका विधि अपनाने की

### जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिगत जल की वर्तमान स्थिति पर हुई चर्चा

जरूरत है। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम की ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिगत जल की वर्तमान स्थिति के बारे में भी चर्चा की। कार्यशाला में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अपने विभागों में जल संरक्षण से संबंधित कार्यों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अटल भूजल योजना के साथ अभिसरण के तहत कार्य पर पूर्ण सहभगिता दिखाई। वर्कशॉप में सिंचाई विभाग गुरुग्राम के कार्यकारी अभियंता भीम आर्य, पंचायती राज गुरुग्राम, गुरुजल सोसाइटी, मिकाडा, गुरुग्राम आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास गुरुग्राम, किसान क्लब, सूक्ष्म सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ गुरुग्राम, नेहरू युवा क्लब गुरुग्राम, सिंचाई विभाग गुरुग्राम, जल एवं मृदा संरक्षण विभाग टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोसायटी के फ्लैट में लगी आग, युवक की मौत


सेक्टर-59 में एक सोसायटी के 5वीं मंजिल के फ्लैट में लगी आग।

**गुरुग्राम।** यहां एक रिहायशी सोसायटी में 5वीं मंजिल के एक फ्लैट में आग लगने से दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे के वक्त फ्लैट में पति-पति मौजूद थे। आग इतनी तेजी से फैली कि पत्नी ने तो भागकर अपनी बचाई, लेकिन पति आग की चपेट में आ गया। आग में बुरी तरह से जलने से उसकी मौत हो गई। आग पर काबू पाने के बाद उसका कंकाल ही बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार यहां सेक्टर-59 स्थित रिहायशी सोसायटी के ईब्ल्यूएस फ्लैट में पति-पति रहते थे। गुरुवार को यहां 5वीं मंजिल के एक फ्लैट में आग लग गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त फ्लैट के अंदर पति-पत्नी ही मौजूद थे। आग लगते ही पत्नी तो फ्लैट से बाहर निकल आई, लेकिन उनके 42 वर्षीय पति आग की लपटों में आग गए। वे खुद को बचा नहीं पाए। पत्नी हादसा देखकर चिल्लाती रही, लेकिन आग विकराल रूप ले चुकी थी। चीख-पुकार के बाद कुछ ही देर में उनके पति की आवाज भी शांत हो गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। जब तक कर्मचारी आग पर काबू पाते, महिला का पति आग में जलकर कंकाल में तब्दील हो चुका था। फायर विभाग के उपनिदेशक गुलशन कालरा के मुताबिक आग काफी ज्यादा लगी हुई थी। काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू किया।

### ब्लॉक समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने गार्गी कक्कड़ से की मुलाकात


गुरुग्राम भाजपा प्रदेश कार्यालय में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात करतीं सोहना ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन आशा देवी व वाइस चेयरपर्सन संजू तोमर।

**गुरुग्राम।** सोहना ब्लॉक समिति की नवनियुक्त अध्यक्ष आशा देवी, व उपाध्यक्ष संजू तोमर ने भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल पर पहुंचकर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष गार्गी काकड़ में दोनों नवनियुक्त चेयरमैन वाइस चेयरमैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि एक महिला होने के नाते खुशी होती है, जब महिलाएं बहने राजनीति में मुख्यधारा से जुड़ रही है और अहम पदों पर रहकर अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं। आप दोनों से आशा और उम्मीद करतीं हूं, जिस तरह से प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर बिना किसी भेद भाव के कार्य कर रही हैं, आप भी उसी सिद्धांत पर कार्य करें। सेवा का भाव हमारा दायित्व व धर्म होना चाहिए। आशा देवी व संजू तोमर ने उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आमजन के बीच ले जाने का काम करेंगे, ताकि उन योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सके। इस दौरान पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कल्याण सिंह चौहान, जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, सचिव जितेंद्र चौहान, कार्यालय मंत्री यादराम जोया सहित सोहना क्षेत्र के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### सांचौली में पेयजल आपूर्ति पर लगा ट्रांसफार्मर चोरी

**सोहना।** सोहना सदर थाना क्षेत्र के गांव सांचौली में पेयजल आपूर्ति के ट्यवैबल पर लगा 25 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। जिससे गांव में पेजयल आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खंड के गांव सांचौली में पेजयल आपूर्ति के ट्यूवैबल पर लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर 10 जनवरी की रात का चोरी हो गया। ट्रांसफार्मर चोरी होने से ट्यूवैबल से होने वाली करीब 200 घरों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। जिसको लेकर ग्रामीणों ने 14 जनवरी को पलवल-सोहना राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने का प्रयास भी किया था। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को जाम नहीं लगाने दिया था। बिजली निगम के एसडीओ लियाकत अली ने अपने स्तर पर जांच पड़ताल करने के बाद मंगलवार को ट्रांसफार्मर चोरी होने की शिकायत सदर थाना पुलिस को दी। सदर थाना पुलिस ने एसडीओ की शिकयत पर ट्रांसफार्मर चोरी होने का मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी कीमत करीब 67 हजार रुपये थी। एसडीओ ने बताया कि चोरी हुआ ट्रांसफार्मर क स्थान पर नया लगा दिया है।

### पुस्तक मनोवैज्ञानिक गतिविधि में हैं सबके सवालों के जवाब


गुरुग्राम स्थित एससीईआरटी में शिक्षक वेदप्रकाश की पुस्तक मनोवैज्ञानिक गतिविधि आधारित शिक्षक का लोकार्पण करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** अध्यापक वेद प्रकाश के द्वारा लिखित पुस्तक मनोवैज्ञानिक गतिविधि आधारित शिक्षण का यहां राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) हरियाणा गुरुग्राम परिसर में विमोचन किया गया। गुरुवार को विमोचन कार्यक्रम में कई अतिथियों ने शिरकत की। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला लक्कड़पुर जिला फरीदाबाद के अध्यापक वेदप्रकाश के द्वारा बाल मनोविज्ञान पर आधारित लिखित पुस्तक शीर्षक मनोवैज्ञानिक गतिविधि आधारित शिक्षण का राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम में शैक्षिक तकनीकी विभागाध्यक्ष मनोज कोशिक व भाषा विशेषज्ञ राजेश यादव के द्वारा विमोचन किया गया। यह पुस्तक विद्यार्थी, अध्यापक व अभिभावक तीनों पक्षों के लिए लाभप्रद है। इसमें इन्हीं तीनों पक्षों के साथ-साथ पाठ्यक्रम व सामाजिक परिवेश किस प्रकार का होना चाहिए व उससे संबंधित भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधियां व उन गतिविधियों से प्राप्त होने वाले परिणामों की जानकारी बड़े ही सरल व मनोवैज्ञानिक ढंग से दी गई है। इस पुस्तक में विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं, जिज्ञासाओं व जरूरतों पर प्रकाश डालते हुए उनसे संबंधित समाधान के ऊपर भी बड़ी ही बारीकी से चर्चा की गई। भाषा विशेषज्ञ राजेश यादव ने बताया कि अध्यापक वेद प्रकाश के द्वारा इस पुस्तक के माध्यम से सभी स्तर के विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं, समस्याओं व उनके समाधान पर बहुत ही उपयोगी ढंग से प्रकाश डाला गया है। शैक्षिक तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कौशिक ने बताया कि इस पुस्तक में अध्यापकों से संबंधित शैक्षणिक कौशलों व अभिभावकों को अपने बालकों के संतुलित व्यक्तित्व निर्माण के लिए अपनाए जाने वाले जरूरी मनोभावों व गतिविधियों की जानकारी देखकर अध्यापकों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी लाभान्वित करने का प्रयास किया गया हैं। इस पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में एससीईआरटी गुरुग्राम विशेषज्ञ कुलदीप बेरवाल व हेड मास्टर राजपाल शर्मा समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

# देश के 65 जिलों संग फरीदाबाद में यू-विन पोर्टल शुरू

कविता। फरीदाबाद

**अब** देश में कहीं भी किसी भी बच्चे या गर्भवती महिला का टीकाकरण किया जा सकेगा। इसकी सूचना एक ही स्थान पर एकत्र की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने को-विन की तरह यू-विन पोर्टल लॉन्च किया है। फिलहाल इसे भारत के 65 जिलों में शुरू किया है। जिसमें प्रदेश के दो जिले फरीदाबाद और पानीपत शामिल हैं। फरीदाबाद में इसकी शुरूवात एफआरयू दो में डेढ़ माह के बच्चे को इंजेक्शन लगाकर सर्टिफिकेट सौंप कर की गई। इसके

### एफआरयू-दो में डेढ़ माह के बच्चे को इंजेक्शन लगाकर दिया पहला सर्टिफिकेट

लिए चिकित्सकों और एएनएम स्टॉफ को प्रशिक्षण दिया गया है।

**यू-विन पोर्टल :** जिला इम्युनाईजेशन अधिकारी डॉ. रचना ने बताया कि गर्भवती और बच्चों के टीका लगाने के लिए पहले कार्ड बनाए जाते थे। ऐसे में यदि बच्चे को उसकी मां या फिर गर्भवती महिला किसी अन्य जिले में जाती है तो



वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट देकर अभिभावक को समझाती डॉ. रचना के साथ सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता और एसएमओ डॉ. मान सिंह।

उन्हें अपना कार्ड लाने व ले जाने में दिक्कत होती थी। कहीं कार्ड रह गया तो उनके टीकाकरण की तिथियों का पता नहीं चल पाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। गर्भवती और बच्चों के कार्ड ले जाने की बजाय यू-विन पोर्टल पर बने सर्टिफिकेट को दिखाकर अपडेट मिलते ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीका लगा दिया जाएगा।

**पूरी होगी जानकारी :** डॉ. रचना ने कहा कि अब किसी भी बच्चे, किशोर- किशोरियों या गर्भवती महिला के टीकाकरण की पूरी जानकारी पोर्टल पर दर्ज होगी। इसका सबसे बड़ा फायदा उन लोगों की पहचान करने में होगा जो अब किसी कारण से एक राज्य से दूसरे राज्य में जा रहे हैं। इसके बाद यह पता लगाना मुश्किल है कि उसे दूसरे राज्य में टीका लगाया गया था या नहीं। इसमें ज्यादातर मजदूरों के बच्चे हैं, जो काम की तलाश में अपने बच्चों के साथ एक राज्य से दूसरे राज्य आते-जाते रहते हैं। जिस राज्य का वह मूल निवासी है, उसके टीकाकरण के लिए बनाए गए स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के पोर्टल में जानकारी दर्ज नहीं है, भले ही उसे दूसरे राज्य में टीका लगाया गया हो। इसी तरह टीकाकरण न होने की स्थिति में भी उनसे संपर्क कर टीकाकरण कराने का प्रयास किया जाएगा।

# दहेज के लिए विवाहिता की गला दबा कर हत्या, पांच नामजद

### घर में दोनों पक्षों की पंचायत के दौरान दिया गया है वारदात को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बीके मोरचरी के बाहर खड़े शोकाकुल मृतक युवती के परिजन।



मृतका प्रीति का फाइल फोटो।

**दहेज** की मांग पूरी न होने पर सेक्टर 21डी में रहने वाली एक विवाहिता की ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की छोटी बहन को घर से निकालने की बात को लेकर दोनों परिवारों में विवाद चल रहा था।

घटना के दौरान मृतका के मायके वाले इस बात को लेकर ससुराल वालों के घर पंचायत लेकर आए थे। घटना का पता चलते परिजन कमरे में गए तो वह बिस्तर पर मृत पड़ी हुई थी। घटना के बाद ससुराल वाले मौके से फरार हो गए। थाना एनआइटी पुलिस ने मामला दर्ज कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भेज दिया है।

गांव पाली निवासी प्रेमराज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी प्रीति और इंदू का विवाह पांच फरवरी 2017 में पलवल के गांव गुलावटी में रहने वाले अकुंर बैसला व अंकित बैसला के साथ किया था। विवाह के दौरान उन्होंने 35 तौले सोना, ढाई किलोग्राम चांदी, कार, सात लाख रुपये और अन्य सामान दिया था। ससुराल वालों ने छोटी बेटी इंदू का कद कम बताते हुए दो महीने बाद ही घर से निकाल दिया। जबकि बड़ी बेटी प्रीति को भी दहेज की मांग को लेकर आए दिन परेशान करते रहते थे। मृतका के परिजन जितेंद्र भडाना ने बताया कि शादी से पहले ससुराल वालों ने बताया कि दोनों लड़के पड़े लिखे हैं और उनकी सरकारी नौकरी लगने वाली है। लेकिन बाद में पता चला कि उनकी कोई सरकारी नौकरी नहीं है। बल्कि वे गैरकानूनी धंधों में संलिप्त रहते हैं।

वे बेटियों का घर बसाने के लिए आए दिन ससुराल वालों की दहेज की मांग पूरी करते रहते थे। लेकिन वे इंदू को रखने के लिए तैयार नहीं थे। जिसे लेकर दोनों परिवारों के बीच कई बार पंचायत भी हुई। अन्य दिनों की तरह बुधवार को भी उनके परिवार के लोग पंचायत लेकर सेक्टर 21डी बेटी की ससुराल गए थे। बाहर मामले को लेकर सभी बातचीत कर रहे थे। इस बीच इंदू ने उन्हें फोन कर बताया कि वह कई बार प्रीति को फोन कर चुकी है। लेकिन बार उसके हाथ से फोन गिर रहा है।

इंदू के बताने पर परिजन कमरे के अंदर गए तो वहां प्रीति बिस्तर पर मृत हालत में पड़ी हुई थी। उसके गले पर चोट के निशान भी थे। इस दौरान घर में मौजूद ससुराल वाले मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच के बाद मृतका के पति अकुंर, देवर अंकित, सास और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# बैंक में मदद के बहाने धोखाधड़ी करने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने बैंक में बुजुर्ग व्यक्तियों से धोखाधड़ी से पैसा चोरी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम फकीरचंद उर्फ संजय उर्फ बबलू है जो पलवल का रहने वाला है और इससे पहले फरीदाबाद के कोतवाली एरिया में रहता था। आरोपी की उम्र 52 वर्ष है। जून 2022 में फरीदाबाद के कोतवाली थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें एनआईटी एरिया के रहने वाले बुजुर्ग नरेंद्र नाथ ने बताया कि उन्हें जमीन की रजिस्ट्री करवानी थी। उनके पास 2.50 लाख रुपए थे और उन्हें तीन लाख रुपए की ओर आवश्यकता थी। बाकी के पैसे निकलवाने के लिए वह अपने घर से अपने पास रखे ढाई लाख रुपए तथा दो चेक लेकर पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे। उन्होंने बताया कि बैंक में पहुंचकर उन्होंने पैसों का बैग पास में रखे एक मेज पर रख दिया और पैसे निकलवाने के लिए फॉर्म भरने लगे।



फार्म भरने के बाद उन्होंने देखा तो उनका पैसों से भरा बैग गायब था। पीड़ित की शिकायत पर थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने बैंक में पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसपास के लोगों से पूछताछ करनी शुरू की। पुलिस जांच के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए 11 जनवरी को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को बाटा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर ठग है और वह बैंक में जाने वाले बुजुर्ग व्यक्तियों को अपना निशाना बनाता है।

# मनोहर सरकार में बेलगाम हुए अधिकारी : ललित



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-85 बीपीटीपी में नगर निगम प्रशासन द्वारा बिना किसी नोटिस व सूचना के घरों की दीवार, गेट और फर्श जबरदस्ती तोड़े जाने को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं पीड़ितों के बुलावे पर आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने मौके पर पहुंचकर निगम द्वारा तोड़ी गई मकानों की दीवारें, मेन गेट, ड्राईव वे, चबूतरे आदि का जायजा लेते हुए इसकी घोर निंदा की। श्री नागर ने कहा कि मनोहर सरकार में अधिकारी पूरी तरह से बेलगाम हो चुके है, जो अदालत के आदेशों की भी अवहेलना कर बिना सूचना के दबंगई तरीके जेसीबी मशीनें व पुलिस बल के साथ तोडफ़ोड़ की कार्यवाही को अंजाम दे जाते है, जबकि यहां तोडफ़ोड़ करके अधिकारियों ने अदालत की अवमानन की है, जिसको लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाकर लोगों को न्याय दिलवाया जाएगा। पीड़ितों मधु सिंघाल, मोनी रोहिल्ला, राहुल सिंह रोहिल्ला, रूपा अरोड़ा, इंद्रपाल सिंह एवं राजबाला सिंह, रेनू थॉमस एवं जॉबी वालीक्टिटी अकरानंद, हेमलता गोसांई, अभिषेक वर्मा एवं ईरेन जॉन आदि ने पूर्व विधायक ललित नागर को बताया कि नगर निगम की यह कार्यवाही सुशील कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साऐ में की गई, जो कि पूरी तरह से गलत और आधारहीन है।

# कुश्ती फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला किया दहन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेंटर** आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद ने राज्य कमेटी के आह्वान पर देश के कुश्ती फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण का पुतला दहन किया। सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि दुनियां के मानचित्र पर देश का नाम रोशन करने वाले गोल्ड मेडल विजेता महिला खिलाड़ी रेसलिंग फेडरेशन के खिलाफ दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं।

महिला खिलाड़ियों ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण पर उनका यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जा सकता। इसलिए आज वीरवार को फरीदाबाद के नगर निगम चौक पर विरोध कार्रवाई हुई है। इस विरोध कार्रवाई की अध्यक्षता सीटू के जिला प्रधान निरन्तर पराशर ने की। इस मौके पर



ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान देवीराम जिला सचिव दिनेश पाली, जे सी बोस के कर्मचारी नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि कुश्ती खिलाड़ियों के साथ अध्यक्ष के द्वारा दुर्व्यवहार भी किया जाता है। उन्हें गाली गलौज और थप्पड़ भी मार दिए जाते हैं।

खिलाड़ियों को अध्यक्ष के द्वारा अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सीटू महिला खिलाड़ियों के साथ हो रहे भेदभाव को किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगी। उन्होंने फेडरेशन के अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अशोभनीय व्यवहार करने वाले फेडरेशन के अध्यक्ष को सरकार को तत्काल पद मुक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी तरह का व्यवहार हरियाणा में खेल मंत्री संदीप सिंह के द्वारा जूनियर कोच के साथ भी किया गया था। इसकी घोर निंदा करते हुए संदीप सिंह मंत्री को तत्काल मंत्री पद से हटाने की मांग की गई थी।

# चोरी के मुकदमे में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों में जगबीर, अजय तथा लक्की का नाम शामिल है। आरोपी जगबीर यूपी के बघेना गांव का रहने वाला है और फरीदाबाद की बसेल्वा कॉलोनी में किराए के मकान पर रह रहा था। वहीं आरोपी अजय यूपी के आगरा में स्थित खेरिया गांव का रहने वाला है और ओल्ड फरीदाबाद में रह रहा था। आरोपी लक्की भी ओल्ड फरीदाबाद का निवासी है। 18 जनवरी को ओल्ड थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने ओल्ड एरिया से एक मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने मकान से पानी की मोटर सहित कुछ अन्य सामान चोरी किया था।

# सीएम ने वीसी से की चिरायु कार्ड के लिए लाभार्थियों की समीक्षा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि चिरायु हरियाणा योजना के तहत सभी लाभार्थियों को शामिल करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल करके बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज वीरवार को दोपहर बाद विडियो कान्फ्रेंस के जरिये जिला वार हरियाणा चिरायु कार्ड के लिए लाभार्थियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिरायु हरियाणा योजना के तहत लाभार्थियों के कार्ड बनाने के कार्य तेजी लाना सुनिश्चित करें। डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में चिरायु कार्ड के लिए लाभार्थी नजदीकी सीएससी सेंटर पर आवेदन करवाया जा रहा है।

डीसी विक्रम ने मुख्यमंत्री चिरायु हरियाणा योजना के तहत लाभार्थियों की जानकारी देते हुए बताया कि



मुख्यमंत्री मनोहर लाल को डीसी विक्रम सिंह जिला फरीदाबाद में चिरायु कार्ड के कार्य की जानकारी देते हुए ।

जिला में चिरायु कार्ड का टारगेट 457078 बनाने का है। जबकि अभी तक 204158 चिरायु कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा लगभग दो लाख लोग ईएसआई अस्पताल से भी जुडे हुए हैं।

डीसी विक्रम ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नए लाभार्थियों के चिरायु कार्ड बनाने का कार्य निरंतर जारी है। बीएलओ के साथ तालमेल करके 40 स्वास्थ्य संस्थानों में एक स्थाई बूथ स्थापित किया गया है। जहां प्रतिदिन लगभग 6500 नये चिरायु कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा लाभार्थियों की सुविधा के लिए जिला में 240 सीएससी केंद्र पर चिरायु कार्ड के लिए आवेदन करवाएं जा रहे हैं। वहीं इस कार्य में आशा वर्कर उन सभी लाभार्थियों को उनके नजदीकी सीएससी सेंटर तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। जिनके यहाँ स्वास्थ्य केंद्र उनके स्थाई पते से दूर है। गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के चिरायु हरियाणा के कार्ड बनाए जा रहे हैं। आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर घर घर जाकर लाभार्थियों को उनके कार्ड वितरित करे इसके लिए आयुष्मान मित्र की मदद ली जा रही है। गावों में सरपंचो के साथ मिलकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी और उनकी टीमें जिन लोगों के चिरायु हरियाणा योजना के कार्ड नहीं बने उन लोगो को चिरायु कार्ड बनवाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। सोशल मीडिया और रेडियो के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वहीं जिला के मेडिकल कालेज के छात्रों द्वारा लोगों को जागरूक कराए जा रहे हैं। विडियो कान्फ्रेंस सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, चिरायु हरियाणा योजना के नोडल अधिकारी डाक्टर राजेश भी मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के बाद अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करके ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने दुष्कर्म तथा ब्लैकमलिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अतुल कुमार (22) है जो यूपी के हाथरस एरिया में स्थित इकबालपुर गांव का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की कृष्णा कॉलोनी ह्यमें रह रहा था। आरोपी एक कैफे में मैनेजर का काम करता है। 12 जनवरी को महिला थाना सेंट्रल में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ अवैध संबंध बनाए और उसकी अश्लील फोटो वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा था।

# बिजली निगम की बैठक में मात्र एक उपभोक्ता ने बताई शिकायत

**फरीदाबाद।** बिजली विभाग की तरफ से उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस बैठक के बारे में फिलहाल उपभोक्ताओं को जानकारी नहीं है। जिसके कारण उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक में नहीं पहुंच पा रहे है।

बृहस्पतिवार को भी उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक हुई। जिसमें मात्र एक ही उपभोक्ता ने पहुंचकर अपनी शिकायत दी। दोपहर 12 से दो बजे तक आयोजित की गई इस बैठक में मीटर से संबंधित एक ही शिकायत ही सामने आई।

**हर हफ्ते होती है बैठक :** बिजली विभाग के अधिकारियों की माने तो सप्ताह में प्रत्येक शुक्रवार को उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस बैठक के बारे में उपभोक्ताओं से जब बात की गई, तो मालूम हुआ कि इस बैठक के बारे में पता ही नहीं है। जिस कारण वह अपनी शिकायत लेकर पहुंच नहीं पाते। ऐसा ही बृहस्पतिवार को बैठक में देखने को मिला। जहां मात्र एक ही शिकायतकर्ता पहुंचा। उसने अधीक्षण अभियंता नरेश कक्कड़ के सामने अपनी समस्या रखी।

**यह थी समस्या :** एनआईटी स्थित ईस्ट इंडिया कॉलोनी से देवीलाल अपनी समस्या को लेकर एसई ऑफिस पहुंचे। उन्होंने एसई नरेश कक्कड़ को बताया कि उनके यहां एक बिजली का खंभा तिरछा हुआ पड़ा है। इसके साथ ही मौके पर तीन नए खंभे व बिजली का ट्रांसफार्मर लगाने की जरूरत है। एसई ने उन्हें आश्वासन दिया कि अधिकारी मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने का काम करेंगे।

**अधिकारी का कथन :** जब इस विषय में नरेश कक्कड़ ने बताया कि हम समय-समय पर इस तरह के कैंप आयोजित करते रहते है। कैंप के बारे में समाचार पत्रों के माध्यम से पहले ही सूचना जारी की जाती है, लेकिन फिलहाल शिकायत लेकर आने वाले लोगों की संख्या काफी कम है। बृहस्पतिवार को हमारे पास केवल एक ही शिकायतकर्ता पहुंचा।

## संक्षिप्त समाचार

### मेट्रो की निदेशक डॉ. सोनिया लाल गुप्ता को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल की निदेशक व सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सोनिया लाल गुप्ता को फाइनेंशियल एक्सप्रेस की सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मरीजों की बेहतरी के लिए अस्पताल की ओर से लगातार आगे भी कार्य किए जाते रहेंगे। मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना ही अस्पताल की पहली प्राथमिकता है। अस्पताल और यहां के डॉक्टर हमेशा इसी दिशा में काम करते हैं। भरोसा होने के कारण देश विदेश से अस्पताल में इलाज के लिए मरीज पहुंचते हैं। सस्ते दाम पर बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के साथ गरीबों का फ्री इलाज किया जाता है।

### शारीरिक भाषा और संचार कौशल सुधा रुस्तगी में आयोजित

**फरीदाबाद।** सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग, सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद द्वारा शारीरिक भाषा और संचार कौशल विषय पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया था। दिन के लिए अतिथि वक्ता फरीदाबाद में अभ्यास करने वाली एक प्रमाणित मानसिक कोच, मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक डॉ गरिमा गुप्ता थीं। वक्ता ने अच्छे संचार और सकारात्मक हाव-भाव के बारे में विभिन्न सुझाव साझा करके इंटर्न, स्नातकोत्तर और संकाय की सभा को प्रबुद्ध किया। अंत में प्राचार्य डॉ सी एम मढ़िया द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। कार्यशाला में फैकल्टी, पीजी और इंटर्न ने भाग लिया।

### शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** चंडीगढ़ के कुराली में सीबीएसई राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजन किया गया। चार दिवसीय यह प्रतियोगिता 14 से 17 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें देश के सभी राज्यों के साथ-साथ विदेशी टीमों ने भी भाग लिया। जिसमें फरीदाबाद के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर-19 के बच्चे, रिजक कौर, राजवीर सिंह, राधिका शर्मा और कृष्णा बजाज ने अंडर-19 आयु वर्ग की सम्मिलित श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त कर फरीदाबाद को गौरवान्वित किया।

### सोतई में डंपिंग साइट बनाने के विरोध में प्रदर्शन




**फरीदाबाद।** गांव सोतई में डंपिंग साइट बनाने के विरोध में ग्रामीण शुक्रवार को उपायुक्त विक्रम सिंह व जिले के विधायकों को ज्ञापन देंगे। यदि फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो इस मामले में जल्दी ही बड़ी पंचायत बुलाई जाएगी। नगर निगम ने एनजीटी के आदेश पर गांव सोतई में 28 एकड़ जमीन में शहर के कचरा को डालने के लिए डंपिंग साइट बनाने का फैसला लिया है। इसके विरोध में गांव सोतई के शहीद रघुवीर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में पंचायत का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मास्टर छाजू राम ने की। इस मौके पर गांव सोतई के पूर्व सरपंच कंवरपाल उर्फ भोली ने कहा की डंपिंग साइट बनाने से आसपास के क्षेत्र के सामाजिक सरोकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। हमारे बच्चों के विवाह शादियां भी आसानी से नहीं होंगी। कोई भी व्यक्ति अपनी बेटी और बेटों को वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मिट्टी प्रदूषण जैसी जगह पर शादी नहीं करेगा। छाजू ने कहा कि अभी तो यह यह पंचायत डंपिंग साइट के विरोध की शुरुआत है, यदि जल्दी ही इस मामले में सरकार और प्रशासन ने फैसला नहीं लिया, तो फिर महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसपास के करीब 25 गांव के ग्रामीण शामिल होंगे। जिला परिषद के पूर्व सदस्य अवतार सारंग ने कहा की पंचायतों में आज महिला कम संख्या में है, लेकिन आने वाले समय में पुरुषों के बराबर शामिल होंगी। पंचायत को जजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव ठाकुर राजाराम, मास्टर हजारीलाल, मास्टर सतबीर, राजपाल, धर्म सिंह, सचिन, यशपाल यादव, ओमबीर, लोकेश, देवेंद्र, योगेश, कमलेश, रूमा, सौमोती, कुंती देवी, राजन शर्मा, सावित्री, श्यामवती ने भी संबोधित किया।

### पुलिस ने बेसहारा वृद्ध को वृद्धाश्रम पहुंचाया

**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर-8 के अंर्तगत आनी वाली पुलिस चौकी सेक्टर-7 के प्रभारी अश्वनी कुमार ने सर्दी में ठंड से कांप रहे एक बेसहारा वृद्ध को ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम पहुंचाकर बहुत ही नेक कार्य किया है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने बताया कि पुलिस चौकी सेक्टर-7 के प्रभारी अश्वनी कुमार जब रात्रि गश्त पर थे तो उन्होनें देखा कि सेक्टर-7 की मार्किट में कडक़ड़ाती सर्दी में बेसहारा वृद्ध जिसका नाम अमर सिंह कांप रहा था। उन्होने तुरंत मुझसे संपर्क किया और अनुरोध किया कि बुजुर्ग को आश्रम में भर्ती करें क्योकि बुजुर्ग बिमार है और अपने परिजनों के बारे में बताने में असमर्थ है। उन्होनें तिपहिया द्वारा बुजुर्ग को आश्रम में पहुंचाया जिसके बाद उसकी हालत ठीक ना होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। किशन लाल बजाज ने बताया कि यह आश्रम ऐसे ही बेसहारा लोगों के लिए बना हुआ है जिनके आगे पीछे कोई नहीं है या जिन्हें उनके अपनों ने घर से निकाल दिया हो। किशन बजाज ने बताया की वृद्धा की पूरी तरह से देखभाल की जाएगी और उसे किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### डीसी ने गणतंत्र दिवस समारोह स्थल का किया निरीक्षण



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लिए गौरव व गर्व का पर्व है। हमें इसको भव्य ढंग से आयोजित करना है और जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करें। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी विभाग अपने से संबंधित तैयारियों को पूरी निष्ठा के साथ पूरी करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जिला स्तरीय 74वें गणतंत्र दिवस का समारोह सेक्टर-12 हैलीपेड ग्राउंड में आयोजित करने का निर्णय लिया है। डीसी विक्रम सिंह ने वीरवार को समारोह स्थल की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के साथ सेक्टर-12 हैलीपेड ग्राउंड का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और कार्यक्रम स्थल सहित वीवीआइपी रूट को चेक किया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी-अपनी तैयारियां पूरी रखें। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करने, राष्ट्रीय ध्वज फहराने की व्यवस्था, वीवीआईपी, वीआईपी स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और समाज सेवी संस्थाओं के सम्मानित होने वाले प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड की टुकड़ियों की रिहर्सल तथा मैन स्टेज की व्यवस्था, माईक सर्विस, प्रैस गैलरी, बिजली, पानी, साफ सफाई, रंगोली सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा किया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023



# भाजपा का फैसला

## नड्डा पुनः अध्यक्ष

**भारतीय जनता पार्टी**–भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने जगत प्रकाश नड्डा को पुनः एक और कार्यकाल के लिए पार्टी अध्यक्ष चुन लिया। दिल्ली में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने जे.पी. नड्डा को एक और कार्यकाल दे दिया है जिससे वे 2024 में होने वाले आम चुनाव तक पार्टी अध्यक्ष बने रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों में पूरी वैचारिक गंभीरता प्रदर्शित की जिसे लेकर भाजपा अगले साल होने वाले आम चुनाव में उतरने वाली है। इस संदर्भ में नड्डा को मिला एक और कार्यकाल महत्वपूर्ण है। उनको ऐसे नेता की तरह देखा जाता है जो भाजपा के दो सर्वोच्च नेताओं को न केवल स्वीकार्य हैं, बल्कि उम्मीद के अनुसार नतीजे भी देते रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकारिणी के निर्णय की औपचारिक घोषणा करते हुए जोर दिया कि भाजपा अपने कामकाज में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया व आदर्शों का सर्वाधिक पालन करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा, 'जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक भाजपा ने अपने संविधान के आधार पर बूथ से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक चुनाव करवाये हैं।' हालांकि, नड्डा को दूसरा कार्यकाल देने के विरोध में किसी अन्य पार्टी नेता ने अपना नामांकन नहीं कराया था। इससे उनकी पार्टी में व्यापक स्वीकार्यता का पता चलता है।

अगले आम चुनाव तक पार्टी अध्यक्ष का कार्यभार संभालने वाले नड्डा के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं। इस वर्ष नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे



जिनमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक व राजस्थान शामिल हैं। इन राज्यों में कड़े संघर्ष की उम्मीद है। ये चुनाव तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद होने जा रहे हैं। गुजरात में रिकार्डतोड़ सफलता के बावजूद भाजपा को नड्डा के गृह राज्य हिमाचल में पराजय का सामना करना पड़ा और दिल्ली नगर निगम चुनावों में भी उसका प्रदर्शन आशानुकूल नहीं रहा। अब पार्टी उनकी अध्यक्षता में अगला आम चुनाव लड़ने जा रही है जो उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। हालांकि, राज्य चुनावों की प्रकृति एकदम अलग होती है और आम चुनाव से बहुत दूर होने पर उनका आम चुनाव पर असर नहीं पड़ता। लेकिन इन नौ राज्यों से संसद के 116 सदस्य चुने जाते हैं, इसलिए आम चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की इच्छा रखने वाली किसी पार्टी के लिए ये महत्वपूर्ण हैं। भाजपा नेताओं ने उल्लेखनीय संगठनात्मक कौशल वाले नड्डा की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनको अपने कार्यकाल में भाजपा की विजय का श्रेय दिया। अमित शाह ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व नड्डा के सांगठनिक कौशल से 2019 की तुलना में 2024 का आम चुनाव बढ़े बहुमत से जीतने के लिए तैयारी कर रही है। उन्होंने कोविड-19 के दौरान 'सेवा ही संगठन' अभियान के लिए नड्डा की प्रशंसा की जिन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रभावित लोगों की सहायता की अपील की थी। यह तो चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि नड्डा इन प्रशंसाओं पर कहां तक खरे उतरेंगे। भाजपा अपने कामकाज व विचारधारा का प्रचार करने में हमेशा आगे रहती है और राष्ट्रीय कार्यकारिणी आयोजन के साथ भी ऐसा ही हुआ। कार्यकारिणी आयोजन की अनेक खबरों तथा खासकर प्रधानमंत्री के भाषण को मीडिया में सुर्खियां मिलीं। इस दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री का कार्यकारिणी बैठक में जाने से पहले छोटे से रोडशो ने भी आम जनता व मीडिया का पूरी तरह ध्यान आकर्षित किया। यह एक प्रकार से भाजपा का शक्ति प्रदर्शन साबित हुआ।

# पाकिस्तान में अस्थिरता खतरनाक

यदि पाकिस्तान आतंकवाद का प्रसार रोके, कश्मीर का मुद्दा उठाना बंद करे तथा भारत को 'सर्वाधिक तरज़ीही राष्ट्र' का दर्जा दे तो उसके लिए अच्छा होगा।



**पी.के. वासुदेव**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)




कहावत है कि 'पड़ोसी से अपने जैसा प्रेम करना चाहिए।' लेकिन दुर्भाग्य से भारत के दो निकटस्थ पड़ोसी-पाकिस्तान और चीन उसके प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार करते हैं। इसके बावजूद पाकिस्तान में बढ़ती राजनीतिक व आर्थिक अस्थिरता भारत के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है। इसके परिणामस्वरूप शरणार्थी समस्या पैदा होती है, आतंकवाद बढ़ता है तथा नाभिकीय हथियारों के आतंकियों के गलत हाथों में जाने का खतरा पैदा हो गया है। अन्य देशों के साथ भारत के संबंधों का आधार 'वसुधैव कुटुम्बकम' है, यानी पूरी दुनिया एक परिवार है। पाकिस्तान में बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता स्वाभाविक रूप से भारत के लिए चिन्ता का विषय है। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या का प्रयास हुआ। इसमें बच जाने के बाद उन्होंने इस्लामाबाद की ओर 'लांग मार्च' फिर शुरू कर दिया है और वे जल्दी आम चुनाव कराने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने न केवल सत्तारूढ़ शहबाज़ शरीफ़ नीत प्रशासन, बल्कि सेना पर भी हमला बोला है जो उस देश में सत्ता का असली केन्द्र है। सेना पूर्व प्रधानमंत्री के आरोपों को 'पूर्णतः अस्वीकार्य' मानती है।

वास्तव में, इमरान खान सर्वशक्तिशाली सेना की सहायता से ही प्रधानमंत्री बने थे, पर सेना का विरोध करने के कारण अब वह उसकी नजरों से गिर गए हैं। मजेदार बात है कि 1947 में देश की स्वतंत्रता के बाद एक भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। पाकिस्तान में राजनीतिक तनाव तथा सेना के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से पैदा राजनीतिक उथलपुथल के कारण अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आई है, महंगाई तेजी से बढ़ी है, नौजवानों में अभूतपूर्व बेरोजगारी है तथा विदेशी मुद्रा भंडार बहुत कम बचा है। देश में पिछले साल जून से अक्टूबर तक बाढ़ की भयानक प्राकृतिक आपदा में 1,739 लोग मारे गए, 45,000 घायल हुए तथा 14.9 बिलियन डालर का नुकसान हुआ। इसके कारण हुआ आर्थिक नुकसान लगभग 15.2 बिलियन डालर था। बाढ़ के कारण 9.4 मिलियन एकड़ फसलें बरबाद हुईं तथा 35 मिलियन लोग बेघरबार हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अगस्त, 2022 को बाढ़ पीड़ितों के प्रति 'हार्दिक संवेदना' प्रकट करते हुए कहा था कि वे इस स्थिति से दु:खी हैं और पड़ोसी देश की सहायता करना चाहते हैं। पाकिस्तान की जनता भारत से मानवीय आधार पर वित्तीय व सहायता सामग्री के रूप में सहायता चाहती थी, पर उसी समय संरा. सुरक्षा परिषद में कश्मीर मुद्दा उठाने पर भारत ने किसी सहायता से हाथ खींच लिए। राजनीतिक अस्थिरता और खासकर सेना में भारी भ्रष्टाचार के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आई है। प्राकृतिक विभीषिका के कारण पाकिस्तान के जीडीपी में 2 प्रतिशत से लेकर 6 प्रतिशत तक गिरावट आई है। विश्व बैंक के अनुसार इसके बाद पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था में जीडीपी के 0.4 प्रतिशत और कमी आई।

शहबाज़ शरीफ़ सरकार को दो अंकों में खाद्य मुद्रास्फीति से निपटने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं के मूल्यों में जनवरी 2022 में 4.8 प्रतिशत तथा जुलाई में 38 प्रतिशत वृद्धि हुई। इसके कारण जनसंख्या के जीवन पर भारी प्रभाव पड़ा है। गेहूं, सब्जियों व ईंधन के दाम आसमान छू रहे हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान से मनमाने दाम पर गेहूं और कोयला खरीद रहा है। कमी के कारण पाकिस्तानी आटा, दाल, सब्जियों व फलों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुष्ट पाकिस्तानी सेना ने अपने सभी फंड आतंकियों को दे दिए हैं और वह करदाताओं के खर्च पर सेना के जवानों को सेवा के लिए इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया व अमेरिका भेज रही है। इस्लामाबाद को अपने सहयोगियों, जैसे चीन, यूएई व सऊदी अरब से कर्ज मिलने की उम्मीद है। लेकिन 130 बिलियन डालर की विदेशी सहायता को चुकाना अब प्राथमिकता नहीं है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली विभीषिकाओं से निपटने के लिए उसके पास कोई नीति नहीं है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 7.93 बिलियन डालर रह गया जिसमें चीन ने 2.3 बिलियन डालर, सऊदी अरब ने 3.2 बिलियन डालर तथा आईएमएफ ने 1.4 बिलियन डालर का योगदान दिया है। पाकिस्तानी रुपये का भारी अवमूल्यन हुआ है और एक डालर की कीमत 225 रुपये हो गई है, जबकि काला बाजार में एक डालर 240 रुपये में मिल रहा है। पाकिस्तान सरकार को 2022-23 के लिए कम से कम 5 बिलियन डालर की जरूरत है। उसकी सूची में सर्वोच्च स्थान पर आईएमएफ से कर्ज लेना है, पर इसका कोई नतीजा नहीं निकला है। इस साल कर्ज की अदायगी के लिए 34 बिलियन डालर की जरूरत है। पाकिस्तान ने 9 जनवरी को कहा था कि दानदाताओं ने 8 बिलियन डालर से अधिक देने का वादा किया है। इससे पिछले साल की भयानक बाढ़ के प्रभावों से निपटने में सहायता मिलेगी। इसे जलवायु परिवर्तन के खामियाजे की तरह देखा जा रहा है। 40 से अधिक देशों के अधिकारी, निजी दानदाता तथा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस के नेतृत्व में एकत्र हुए थे। गुटरेस ने 'असाधारण स्तर की जलवायु विभीषिका' से उबरने में पाकिस्तान की सहायता के लिए व्यापक निवेश की अपील की। इस्लामाबाद ने कुल 16.3 बिलियन डालर खर्च में से आधे मिलने की प्रार्थना की थी।

पाकिस्तानी सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि 8.57 बिलियन डालर का वादा किया गया है जो शुरुआती अनुमानों से अधिक है। दानदाताओं में इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक ने 4.2 बिलियन डालर, विश्व बैंक ने 2 बिलियन डालर, एशियन डेवलपमेंट बैंक ने 1.5 बिलियन डालर तथा यूरोपीय संघ व चीन ने सहायता के वादे किए हैं। एक विफल राज्य से सीमापार से ज्यादा आतंकियों व नियंत्रण रेखा पर ज्यादा 'गतिविधियों' की उम्मीद की जा सकती है। इससे भारत समेत पड़ोसी देशों को शरणार्थी समस्या का सामना करना पड़ सकता है जैसा कि बांग्लादेश मुक्ति संग्राम व पश्चिमी पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय 1971 में हुआ था। उस समय पूर्वी पाकिस्तान व वर्तमान बांग्लादेश से भागे लगभग 10 मिलियन लोगों ने भारत के राज्यों, खासकर पश्चिमी बंगाल व उत्तरपूर्वी राज्यों, जैसे त्रिपुरा व असम में शरण ली थी। पाकिस्तान तालिबान के नाम से भी जाने जाने वाले विद्रोही समूह तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी ने 2007 में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ विपक्षी समूहों को एकजुट करने का प्रयास किया था। टीटीपी का घोषित उद्देश्य संघशासित कबीलाई क्षेत्रों-फाटा व पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से इस्लामाबाद का प्रभाव समाप्त करना है। वह पूरे पाकिस्तान में शरीया का कठोरतम रूप लागू करना चाहता है। तालिबान पाकिस्तान-विरोधी टीटीपी जैसे समूहों को सुरक्षित स्वर्ग प्रदान कर रहे हैं जिन्होंने हजारों पाकिस्तानियों को मारा है और वे तालिबान शैली का शरीया मानने वाला राज्य पाकिस्तान में बनाना चाहते हैं। इससे इस्लामाबाद आश्चर्यचकित है क्योंकि उसे उम्मीद थी कि अफगानिस्तान में तालिबान सरकार काबुल पर कब्जे के पहले सालों तक समर्थन के बदले उसके इशारे पर चलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। पाकिस्तान में तालिबान अब पाकिस्तानी सरकार के साथ महीनों पहले लागू युद्धविराम का सम्मान नहीं कर रहे हैं। पिछले साल नवंबर में टीटीपी ने सरकार के साथ जून 2022 में लागू अनिश्चितकालीन युद्धविराम समझौता तोड़ दिया था। उसने उग्रवादियों को सुरक्षा बलों पर हमले का आदेश दिया है। समझा जाता है कि टीटीपी के अलकायदा से निकट संबंध हैं और यदि उग्रवादियों के खिलाफ कठोर कदम जारी रहे तो उसने प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ की पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेताओं तथा विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी की पीपीपी नेताओं पर निशाना लगाने के आदेश दिए हैं।

यदि पाकिस्तान अपनी धरती से आतंकी प्रसार बंद करे, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दा न उठाए तथा भारत को सर्वाधिक तरजीही देश-एमएफएन का दर्जा दे तो भारत निश्चित रूप से उसकी सहायता कर सकता है। 164 सदस्यों वाले विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ के सदस्य देशों के लिए ऐसा करना अनिवार्य है। भारत ने डब्लूटीओ के गठन के एक साल बाद ही पाकिस्तान को 1996 में एमएफएन दर्जा दिया था। लेकिन पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे के समाधान तक ऐसा करने से इनकार कर दिया था। फरवरी, 2019 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल-सीआरपीएफ के कम से कम 40 जवान पुलवामा में घृणित बम धमाके में शहीद हुए। इसके फौरन बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से 'सर्वाधिक तरजीही देश' का दर्जा छीन लिया। भारत के निर्णय से भारत को पाकिस्तान के निर्यातों पर भारी प्रभाव पड़ा। 2017-18 में यह निर्यात 488.5 मिलियन डालर था। इससे पाकिस्तान में वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ गईं।

# मिशन अमृत सरोवर का जल्द पूर्ण होना जरूरी



**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले नीति आयोग का कहना है कि देश में लगभग 60 करोड़ लोग अत्यधिक जल संकट का सामना कर रहे हैं। भारत में लगभग तीन-चौथाई घरों में उनके परिसर में पीने का पानी नहीं है और वे पानी के असुरक्षित स्रोतों पर निर्भर हैं। उपलब्ध पानी का लगभग 70 प्रतिशत दूषित है और प्रदूषण और अन्य कारकों के कारण हमारी प्रमुख नदियां मर रही हैं, जिससे भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों के बीच 120वें स्थान पर पहुंच गया है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के आंकड़ों के सबसे हालिया अध्ययन के अनुसार, भारत के 700 में से 256 जिलों में गंभीर या अति-दोहित भूजल स्तर की सूचना है। ये आंकड़े यह समझने के लिए काफी हैं कि देश में जल संकट कितना गंभीर हो गया है। इस गंभीर स्थिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'अमृत सरोवर' नामक एक नए मिशन को शुरू करने के लिए मजबूर किया है। भविष्य के लिए जल संरक्षण की दृष्टि से, प्रधान मंत्री ने इसे 24 अप्रैल, 2022 को लॉन्च किया। मिशन का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना है, जो 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समारोह के हिस्से के रूप में है। कुल मिलाकर, इससे लगभग एक एकड़ या उससे अधिक आकार के 50,000 जल निकायों का निर्माण होगा।

यह मिशन पूरे सरकारी दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया है जिसमें मुख्य रूप से जल संरक्षण और स्वच्छता के मुद्दों से निपटने वाले छह मंत्रालयों/विभागों के अलावा भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान को भी तकनीकी साझेदार के तौर पर शामिल किया गया है। मिशन राज्यों और जिलों के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा, वित्त आयोग अनुदान, पीएमकेएसवाई उप योजनाओं जैसे वाटरशेड विकास घटक, 'हर खेत को पानी' जैसी विभिन्न योजनाओं के अलावा राज्यों की अपनी योजनाओं के माध्यम से काम करता है। यह भी उल्लेख किया जा सकता है कि मिशन इन प्रयासों को पूरा करने के लिए नागरिकों और गैर-सरकारी संसाधनों को जुटाने को प्रोत्साहित करता है। 'मिशन अमृत सरोवर' को 15 अगस्त, 2023 तक पूरा किया जाना है। इस अवधि में देश में लगभग 50,000 ऐसे 'अमृत सरोवर' का निर्माण किया जा सकता है। इनमें से प्रत्येक अमृत सरोवर में 10,000 क्यूबिक मीटर की जल धारण क्षमता के साथ लगभग एक एकड़ का क्षेत्र होगा। अब तक राज्यों/जिलों द्वारा अमृत सरोवर निर्माण के लिए 12,241 स्थलों को अंतिम रूप दिया जा चुका है, जिनमें से 4,856 अमृत सरोवरों पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। सरकार मिशन की सफलता के लिए लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। इसके लिए स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी, उनके परिवार के सदस्य, शहीद के परिवार के सदस्य, पद्म पुरस्कार विजेता और स्थानीय क्षेत्र के नागरिकों, जहां अमृत सरोवर का निर्माण होना है, को लगाया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक 15 अगस्त को प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जायेगा। सरकार ने सभी राज्यों से निष्पादन के प्रत्येक चरण में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए योजनाबद्ध तरीके से अमृत सरोवर को पूरा करने का अनुरोध किया है। राज्यों से जल संरचना उपयोगकर्ता संघ बनाने और अमृत सरोवरों के बेहतर विकास के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने का भी अनुरोध किया गया है। राज्यों की तकनीकी और अन्य चिंताओं को पहले ही दूर कर लिया गया है और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने मिशन पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

जल संकट पर वापस आते हुए, नीति आयोग की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत अपने इतिहास में सबसे खराब जल संकट से पीड़ित है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बैंगलोर, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई सहित 21 शहरों ने शायद 2021 में अपने भूजल संसाधनों को समाप्त कर दिया है। कृषि भारत में जल भंडार का मुख्य उपभोक्ता बनी हुई है। ग्रामीण भारत में पेयजल की 80 से 90 प्रतिशत आवश्यकता भूजल संसाधनों से पूरी होती है। अधिक चिंताजनक बात यह है कि 2007 और 2017 के बीच भारत में भूजल स्तर में 60 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है और निकाले गए पानी का लगभग 90 प्रतिशत कृषि में उपयोग किया जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, शहर भारत की 36 प्रतिशत आबादी का घर हैं, लेकिन 70 प्रतिशत जल प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं। इससे देश के अधिकांश स्थानों पर पानी प्राप्त करना और भी कठिन हो जाता है क्योंकि जल तालिका नीचे गिर गई है, जिससे भारत दुनिया का सबसे बड़ा भूजल निकालने वाला देश बन गया है, जो कुल जल का 25 प्रतिशत है।

यह विशेष रूप से महिलाओं को भेद्यता के उच्च जोखिम में डालता है क्योंकि उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में पानी से संबंधित जरूरतों के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है। 2014 की एक रिपोर्ट में, भारतीय एग्रो इंडस्ट्रीज फाउंडेशन ने अनुमान लगाया था कि भारत की 70 प्रतिशत खेती वर्षा आधारित है। फिर भी, इसकी कुल वर्षा का 65 प्रतिशत समुद्र में समाप्त हो जाता है। जल प्रदूषण चिंता का एक अन्य कारण है, जो समस्या को और भी विकराल बनाता है। स्पष्ट रूप से, हम सभी को तत्काल भावना के साथ पानी के कुशल और इष्टतम उपयोग और पुनर्चक्रण की दिशा में काम करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### दोमुंहा पाकिस्तान

**हमेशा** परेशानी में पाकिस्तान भारत के सामने घुटने टेक कर इसी तरह की बातें करता रहा है पर उसकी यह वाली बातें हमेशा मुंह में राम बगल में छुरी की तरह रहती है। जब भारत ने 370 कश्मीर घाटी से हटाया और उसे गले नहीं उतरी वह इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ में चला गया था इसके अलावा पिछले दिनों उनके विदेश मंत्री ने जो घटिया बयान हमारे प्रधानमंत्री के बारे में दिया था क्या उसे भारत भूल सकता है जब अमेरिका एवं चाइना ने उसके पीछे पीठ पर रखा हाथ हटा लिया है तो अब उसे नानी याद आ रही है। गले तक कर्ज में फंसा पाकिस्तान आज अपने लिए एक और मददगार की तलाश में है। आज वह भारत के सामने भीगी बिल्ली बनने की कोशिश कर रहा हैए परंतु केंद्र सरकार को शाहबाज शरीफ की बातों में नहीं आना चाहिए। आज के समय पाकिस्तान के हर प्रांत में भुखमरी सी हालत है और जनता अपने हुक्मरानों को गालियां बक रही है वहां का प्रधानमंत्री मुस्लिम देशों में जाकर गिड़गिड़ा रहा है, पर उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। भारत के कुछ उदारवादी भले ही पाकिस्तान से संबंध सुधारने की बात करने लगे हों, पर हमें पाकिस्तान के दोमुंहेपन से सतर्क रहने के साथ नियंत्रण रेखा पर सैनिक तैयारी तेज करनी चाहिए।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### भाजपा तैयार

**पूर्वोत्तर** के तीन राज्यों विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई। इन राज्यों के चुनाव राष्ट्रीय राजनीति पर एक सीमा तक ही असर डालते हैं, लेकिन उनका अपना एक महत्व है। यही कारण है कि राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हुए थे और हमेशा की तरह भाजपा अन्य दलों से आगे नजर आ रही थी। हाल ही में संपन्न उसकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा या घोषणा कर चुके हैं कि भाजपा को इस वर्ष होने वाले सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतने हैं। स्पष्ट है कि उनके सामने अपनी इस घोषणा को नतीजों में बदलने की चुनौती होगी। इस चुनौती के बीच इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भाजपा अपनी चुनावी तैयारियों को लेकर जिस तरह तत्पर रहती है और एक राज्य में चुनाव खत्म होते ही दूसरे राज्यों में सक्रिय हो जाते हैं, उसका अन्य दलों में अभाव दिखता है। यह व्यापक चुनाव की तैयारियों का ही परिणाम था कि पिछले बार भाजपा ने त्रिपुरा में अप्रत्याशित और ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस बार उसके सामने सत्ता बचाने की चुनौती होगी। देखना यह भी है कि एक समय त्रिपुराए मेघालय और नगालैंड में असर रखने वाली कांग्रेस अपनी स्थिति मजबूत कर पाती है या नहीं?

**सदन जी,** पटना


### राजनयिक विजय

**निसंदेह** अब्दुल रहमान मक्की का वैश्विक आतंकवादी घोषित होना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। भारत लगातार संयुक्त राष्ट्र संघ में दबाव बनता रहा और आखिरकार चीन को झुकना पड़ा और मक्की को वैश्विक आतंकवादी घोषित होने की रह आसान हो गयी। मक्की जमात -उद-दावा, तालिबान, लश्करे तोएबा और अल क़ायदा के बीच एक बड़ी कड़ी रहा है। मक्की न केवल 26-11 के घातक हमले के लिए जिम्मेदार था बल्कि लाल किले और सी आर पी एफ पर हमले के लिए भी जिम्मेदार था। लेकिन हमें अभी संतुष्ट नहीं होना चाहिए क्योंकि अभी भी और आतंकवादी हैं जिनकी वैश्विक आतंकवादी घोषित होना बाकि है और चीन को इन सभी को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने में अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी । विश्व में शान्ति का माहौल बनाये रखने के लिए सभी आतंकवादियों को उनके किये की सजा मिले और उन तक पहुँचने वाली सभी वित्तीय सहायता बंद करनी होगी। भारत की यह राजनयिक विजय विश्व बिरादरी में देश के बढ़ते हुए सम्मान की भी प्रतीक है।

**बाल गोविंद,** नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**फिल्मों** पर अनावश्यक टिप्पणी न करें क्योंकि इससे हमारा विकास एजेंडा पीछे चला जाता है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**विपक्ष** ने प्रधानमंत्री पर पेगासस, राफेल, ईडी, आरक्षण व नोटबंदी के संबंध में आधारहीन आरोप लगाए।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री





**विरोध** प्रदर्शन की स्वतंत्रता मूल सिद्धान्त है, पर यह संपूर्ण नहीं है।

– **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री

# छिपी प्रतिभाओं को मंच दे रही सांसद खेल स्पर्धा

● सांसद खेल स्पर्धा में शामिल हो रहे हजारों खिलाड़ी

## मुख्यमंत्री ने आगरा में सांसद खेल स्पर्धा का किया वर्चुअली शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, आगरा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सब जानते हैं कि 8 वर्ष पूर्व भारत की स्थिति क्या थी। 8 वर्षों के दौरान भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नए प्रतिमान गढ़े हैं। खेल प्रतिस्पर्धा जो आज से 8 वर्ष पहले उपेक्षित सी थी। भारत का खिलाड़ी और युवा इस क्षेत्र में भी अब बहुत कुछ नया कर रहा है। सांसद खेल स्पर्धा छिपी प्रतिभाओं मंच दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको इस बात की प्रसन्नता है कि प्रदेश की हर संसदीय सीट पर 2021 में सांसद खेल महाकुंभ के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को बढ़ने का अवसर मिला। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को जी20 की अध्यक्षता का अवसर मिला है। इसके दृष्टिगत रन फॉर जी 20 सिम्बॉलिक मैराथन के माध्यम से आगरा में सांसद खेल स्पर्धा महाकुंभ के शुभारंभ का ये विशिष्ट महत्व है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजनगरी आगरा में सांसद खेल स्पर्धा में वीडियो संदेश प्रेषित किया। मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री प्रो॰ एसपी सिंह बघेल और उनकी टीम को बधाई दी। सीएम ने कहा कि गत वर्ष सांसद खेल स्पर्धा के माध्यम से 22 खेलों में 26 हजार प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस वर्ष 12 खेल बढ़ाते हुए 34 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें बालकों के साथ-साथ बालिकाओं की टीम का प्रतिभाग किया जाना सराहनीय पहल है।

## सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार कर निवेशकों से मिलें जनप्रतिनिधिः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज देश सांस्कृतिक व आध्यात्मिक नवजागरण का साक्षी बन रहा है। देश-दुनिया के लोग दिव्य, भव्य, नव्य, अयोध्या के दर्शन को आतुर हैं। देश-विदेश की अनेक निजी कंपनियां, राज्य सरकारें, धार्मिक संस्थाएं अयोध्या में निवेश को उत्सुक हैं। इसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण सोनभद्र, मिर्जापुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा होगी। यहां हर घर नल की योजना से आम जन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। भदोही की कालीन पूरी दुनिया में पसंद की जा रही है। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी नियोजित प्रयास किए गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर मंडलीय बैठक में जनप्रतिनिधियों से उनके जिलों में सरकारी कार्यों की प्रगति, जनता में पार्टी की छवि समेत कई बिंदुओं पर सिलसिलेवार चर्चा की। सबसे पहले कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों से सीएम योगी ने संवाद किया। जिसके बाद अयोध्या के जनप्रतिनिधि अपने मंडल से जुडी जानकारी सीएम योगी से साझा की।

# यूपी में 1000 करोड़ का इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट स्थापित करेगा हिन्दुजा ग्रुप

● 6000 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सुदृढ़** और मजबूत कानून व्यवस्था, बेहतर औद्योगिक नीति और निवेश का बेहतर माहौल निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। अब निवेशक स्वयं उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं और निवेश का प्रस्ताव रख रहे हैं। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 की तैयारियों के बीच देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों में एक हिन्दुजा ग्रुप ने उत्तर प्रदेश में करीब 1000 करोड़ का इलेक्ट्रानिक व्हीकल प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए गुरूवार को हिन्दुजा ग्रुप, अशोक ले लैंड और इंडस इंड बैंक के अधिकारियों ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात कर इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। प्लांट के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य सेवाओं के लिए सहयोग मांगा। जिसके लिए मंत्री नन्दी ने हर सम्भव सहयोग का भरोसा जताया। हिन्दुजा ग्रुप के सीनियर एडवाइजर सुनील कुमार चड्ढा के नेतृत्व में टीम ने औद्योगिक विकास मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने औद्योगिक विकास मंत्री को बताया कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश एवं असीम सम्भावनाओं के उत्तर प्रदेश में हिन्दुजा ग्रुप इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण के लिए प्लांट स्थापित करना चाहता है। जहां इलेक्ट्रिक बस और लाइट कॉमर्शियल व्हीकल का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए कम्पनी शुरूआत में 1000 करोड़ का निवेश करेगी। प्लांट शुरू होते ही अन्य कई सहायक कम्पनियां भी उत्तर प्रदेश में निवेश करेंगी। जिसके आधार पर निवेश का यह आंकड़ा 10 हजार करोड़ तक पहुंचने की सम्भावना है। हिन्दुजा ग्रुप के सीनियर एडवाइजर सुनील कुमार चड्ढा ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण से एक तरफ जहां ईंधन की बचत होगी वहीं

## बिजली के संविदा श्रमिक अखिलेश से मिले

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण खंड निगम लिमिटेड, गोखले मार्ग लखनऊ के अन्तर्गत आने वाले 19 जनपदों में बिलिंग कैश काउंटरों पर कार्यरत श्रमिकों ने अचानक अपनी छंटनी किए जाने से जीवनयापन में आ रही परेशानियों के संबंध में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर उन्हें अवगत कराया। उन्होंने न्याय दिलाने के लिए अखिलेश यादव को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से 10 से 15 वर्षों से कार्यरत 521 संविदा श्रमिकों को 24 अक्टूबर 2022 को दीपावली के दिन से बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य से हटा दिया गया। इससे उनके परिवार के सामने भरण पोषण तथा बच्चों की शिक्षा का संकट उत्पन्न हो गया है। संविदा श्रमिकों के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे लोग पूरे निष्ठाभाव से बिजली उपभोक्ताओं का बिजली का बिल जमा कराते रहे। इतने लम्बे समय से कार्य करते चले आने के कारण वे लोग अब किसी अन्य विभाग में जाने योग्य नहीं रह गए हैं।

## यूपी में सड़कों पर गड्ढे भरने में हुआ सबसे बड़ा घोटाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा घोटाला सड़कों पर गड्ढे भरने के मामले में हुआ है। प्रतापगढ़ में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रही सड़क पर झाड़ू लगाते ही गिट्टियां उखड़ने लगी है। कोडरा-भादूपुर से बहुचरा मार्ग बनते ही उखड़ने के साथ ही इस मार्ग पर बने पुल की दीवारों में भी दरारें उभर आई है। सड़कों के गड्ढों में मिट्टी भरकर बस औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। पूरे प्रदेश में यही हाल है।

अखिलेश ने कहा है कि भाजपा सरकार अपने झूठ के ताने बाने से लोगों को भ्रमित करने की चाहे जितनी कोशिशें कर लें अब जनता के बीच उसकी कलई खुल चुकी है। छह साल से भाजपा सरकार में छुपाई गई भ्रष्टाचार की परतें एक-एक कर खुलने लगी है। जनता भाजपा से त्रस्त है। भाजपा सोचती है कि हर समस्या का समाधान विज्ञापन होर्डिंग और बोर्ड लगाने से हो जाता है पर ऐसा नहीं है। सच्चाई कभी छुपती नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अरबों के निवेश का दावा करने वाली उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार 'काऊ मिल्क प्लांट' का बजट तक नहीं दे पा रही है, जिससे डेयरी संचालक और पशुपालकों का लाखों का भुगतान अटका है। ऐसे में कौन 'ईज ऑफ डूइंग' बिजनेस के दावों को सच मानेगा।

सरकार अपना लगाया प्लांट ही नहीं चला पा रही है तो दूसरों को क्या कहें? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पशुओं के नाम पर भी भ्रष्टाचार से बाज नहीं आ रही है। सीतापुर में प्रशासन ने 26 पशुबाड़े बनाकर 46 दिखा दिए, 21 सिर्फ कागज पर ही बने हैं। सीतापुर जनपद के कसमंडा के बरेठी ग्राम पंचायत में पशु बाड़े में भूसा भर दिया गया है।

## जी-20 में डिजिटल यूपी की ताकत से रूबरू होंगे विदेशी मेहमान

● जनभागीदारी के लिए 21 जनवरी को प्रदेश में आयोजित होगा वाकाथन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** के चार शहरों में आयोजित होने जा रहा जी 20 सम्मेलन प्रदेश के सभी नगर निकायों के सौंदर्यीकरण को बढ़ाने वाला अवसर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग तैयारियों को अमली जामा पहनाने में जुट गया है। विभाग ने राज्य के सभी निकायों को जी 20 सम्मेलन को लेकर तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेश को जी 20 की मेजबानी का अवसर मिला है। ये राज्य की बेहतरीन छवि प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर है।

लोक भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश में जी20 सम्मेलन से जुड़ी 11 बैठकों का आयोजन होगा। प्रदेश के चार शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा और ग्रेटर नॉएडा में जी 20 सम्मलेन से जुड़े अलग अलग आयोजन होंगे। ये सभी आयोजन प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ाते हुए जी 20 के अंतर्गत भारत की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण बनाएंगे। उन्होंने बताया कि अतिथियों के सत्कार की हमारी परम्परा रही है। इस बार हम अपने नगरों को साफसुथरा, स्वच्छ और सौंदर्यीकरण करके दुनियाभर से आने वाले अतिथियों का स्वागत करने जा रहे हैं। सजावट और सौंदर्यीकरण के सभी कार्य स्थाई निर्माण होंगे। उन्होंने बताया कि जी 20 सम्मेलन की पहली बैठक 11-12 फरवरी को आगरा में आयोजित होगी। इसके बाद 13 फरवरी से लखनऊ में जी 20 सम्मेलन की बैठकों का आयोजन होगा। जिन चार नगरों में जी 20 की बैठकें हो रही हैं वहां तो व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया ही जा रहा है। इसके साथ साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों को सौंदर्यीकरण के लिए निर्देश दिये गये हैं। इस आवभगत के लिए पूरे प्रदेश को तैयार किया जा रहा है। हमने यूपी जी सिटी का अभियान शुरू किया है। प्रयास ये है कि हम अपने शहरों को कैसे वैश्विक नगरी के रूप में डेवलप कर सकें।

प्रदेश के नगरों को वर्ल्ड क्लास बनाने का ये अभिनव प्रयास है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि इस बार के भारत में आयोजित जी.20 सम्मेलन को लोकतंत्र की जननी के रूप में भी प्रोजेक्ट किया जा रहा है। प्रदेश सरकार भी इस सम्मेलन को बहुत बड़े अवसर के रूप में देख रही

## डबल डिजिट में पहुंचेगी कृषि क्षेत्र की विकास दरः शाही

● गेहूं, धान, दलहन व तिलहन का उत्पादकता बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार प्राथमिक सेक्टर अर्थात कृषि, बागवानी,पशुपालन, गन्ना तथा अन्य सहवर्ती क्षेत्रों में आगामी तीन वर्षों में विकास दर को डबल डिजिट में पहुंचाने के लिए अपनी कार्य योजना तैयार कर रही है। इस दृष्टि से कृषि विभाग ने प्रदेश की चार प्रमुख फ सलों गेहूं, धान, दलहन एवं तिलहन का उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए विशेष रुप से कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए कृषि विभाग प्रदेश के 4 प्रमुख फ सलों गेहूं, धान, दलहन, तिलहन के विभिन्न जिलों में उत्पादकता के अत्यधिक भिन्नता को देखते हुए कम उत्पादकता वाले जिलों में स्ट्रेटजी तैयार करने के लिए उन फ सलों के सर्वाधिक उत्पादन वाले 3 जिलों को तथा न्यूनतम उत्पादकता वाले 3 जिलों के उप निदेशको और कृषि अधिकारियों की 4 समितियां गठित कर रही है। ये समितियां 3 सप्ताह के भीतर उत्पादन तथा उत्पादकता के अंतर के कारणों की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। यह रिपोर्ट कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों और कृषकों से विचार-विमर्श कर तैयार की जायेगी। इस रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण कृषि निदेशक के यहां होगा जिससे आने वाली रणनीति तैयार की जा जाएगी। शाही ने कहा कि इसके साथ ही प्रदेश के भीतर फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादन के आकड़ों के भिन्नता के कारणों का पता लगाने के बाद कृषि, बागवानी, पशुपालन, गन्ना, राजस्व, नियोजन, संख्यिकी तथा अन्य विभागों के मंत्रियों तथा अपर मुख्य सचिवों की समन्वय बैठक की जाएगी। जिसमें आकड़ों में भिन्नता को ठीक करने संबंधी कार्य योजना तैयार की जाएगी।

कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल कल मोटा अनाज पर आयोजित इंटरनेशनल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में संबंधित जानकारियों को एकत्र करने के लिए बंगलूरू जा रहा है। इस दौरान कृषि क्षेत्र की प्रगति में, आपदा प्रबंधन में तथा सेटेलाइट के माध्यम से फसल प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग द्वारा कैसे आधुनिकता लाई जा सकती है इस संबंध में भी अध्ययन किया जाएगा।

इस अध्ययन दल में प्रदेश के उद्यान मंत्री, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग के एक सचिव तथा एनआईसी के एक अधिकारी शामिल होंगे। शाही ने बताया कि गंगा नदी के दोनों तटों पर पांच-पांच किलोमीटर के क्षेत्र में प्रस्तावित प्राकृतिक खेती के लिए चिन्हित किए गए तटवर्ती 27 जिलों के लिए 47 करोड़ 46 लाख रुपए की धनराशि शीघ्र जारी की जाएगी। इसके साथ ही राज्य पोषित एग्री-जंक्शन स्कीम में 6 करोड़ 45 लाख रुपयों की राशि जारी की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि स्नातकों को 42 हजार रुपयों का एग्री स्टार्टअप अनुदान दिया जाता है। इसके तहत कृषि स्नातकों द्वारा बीज, फर्टिलाइजर तथा कृषि यंत्र से संबंधित दुकानों के लिए अनुदान लिया जाता है।

## लाभकारी मूल्य दिलाने तक जारी रहेगी किसान संदेश यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गन्ना किसानों को जब तक गन्ने का लाभकारी मूल्य की घोषणा नहीं होती तब तक किसान संदेश अभियान को व्यापक रूप से चलाया जायेगा। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयन्त सिंह का निर्देश है कि गन्ना किसानों के गन्ना मूल्य की घोषणा जब तक नहीं होगी जब तक उनके बकाया का भुगतान नहीं होगा तब तक किसान संदेश अभियान के माध्यम से प्रदेश की गूंगी बहरी और सोई हुयी सरकार को राष्ट्रीय लोकदल का प्रत्येक कार्यकर्ता और प्रदेश का किसान जगाने का कार्य करेगा। सिंह ने बताया कि 21 जनवरी को किसानों के द्वारा पोस्ट ऑफिस में किसान संदेश अभियान के प्रपत्र मुख्यमंत्री के लिए भेजे जाएंगे तथा 27 जनवरी को हैशटैग किया जायेगा।

## यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित करने पहुंची योगी की अहमदाबाद टीम

● टोरेंट फॉर्मा के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर प्लांट का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, अहमदाबाद

**प्रदेश** को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने और जीआईएस-23 में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए सीएम योगी की टीम मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों का समूह तीन दिवसीय अहमदाबाद के दौरे पर गुरुवार सुबह पहुंच गई जहां बिजनेस टू गवर्नमेंट मीटिंग्स और रोड शो में भाग लेगी।

योगी की टीम अहमदाबाद ने गुरुवार को द क्राउन प्लाजा होटल में टोरेंट फॉर्मा प्लांट फैसेलिटी के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तम से सर्वोत्तम बन रहे प्रदेश की खूबियों और योगी सरकार की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और ज्ञानेंद्र नाथ सिंह ने प्लांट का विजिट किया। वहीं स्पोर्टस एंड यूथ वेलफेयर डिपार्टमेंट के एसीएस नवनीत सहगल ने ट्रांसस्टेडिया समूह और अमूल समूह के सीईओ जयन मेहता से मुलाकात की। सीएम योगी की टीम अहमदाबाद में गुजरात के उद्यमियों को नए भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहे उत्तर प्रदेश की खूबियों के बारे में बताएंगे।

टीम अहमदाबाद तीन दर्जन से अधिक दिग्गज उद्योगपतियों से वन टू वन मुलाकात करेगी जबकि रोड शो में कई दिग्गज उद्योगपति शामिल होंगे। यह मुलाकात बिजनेस टू गवर्नमेंट के आधार पर होगी जो शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगी। बीटूजी और रोड शो में सीएम योगी की टीम अहमदाबाद उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के अवसरों की जानकारी देगी और उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## हत्या के प्रयास की घटना में वांछित खूंखार अपराधी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अंबेडकर** नगर जिलें में हुई हत्या के प्रयास की एक घटना में वांछित और दो साल से फरार चल रहे खूंखार अपराधी संतोष सिंह को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। एसटीएफ को सूचना मिली कि अंबेडकर नगर से वांछित संतोष सिंह अपनी पहचान छुपाकर जनपद सुल्तानपुर में रह रहा है। जो पुराना खूंखार अपराधी है एवं कई जनपदों मे हत्या, लूट व डकैती जैसे जघन्य अपराध कर चुका है। वर्तमान में जनपद सुल्तानपुर में अपनी आपराधिक छवि के दम पर जमीन कब्जेदारी व रंगदारी जैसे आपराधिक कृत्य कारित कर रहा है। इस सूचना पर छानबीन करते हुए एसटीएफ ने जानकारी जुटाई और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में संतोष सिंह ने बताया कि वर्ष 2008 में मैने शेरू सिंह, प्रिन्स सिंह व रामकृपाल सिंह के साथ मैंने कई अपराध किये हैं। वर्ष



2009 में थाना अतरौलिया, आजमगढ़ में हत्या के मामले में मैं जेल में रहा। उस समय शेरू सिंह भी जेल में था और मेरी काफी मदद की। जेल से छूटने के उपरान्त रामकृपाल व प्रिन्स के साथ लूट व डकैती जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम देता रहा तथा शेरू सिंह को उसकी आपराधिक गतिविधियों में आर्थिक व अन्य प्रकार से मदद करता रहा। वर्ष 2013 में शेरू सिंह के पुलिस एनकाउन्टर में मृत्यु के उपरान्त भी मेरे, रामकृपाल व प्रिन्स द्वारा आपराधिक गतिविधियों की जाती रहीं। वर्ष 2019 के थाना भीटी जनपद अम्बेडकर नगर में हत्या के प्रयास के मुकदमें में मैं वाछिंत होने तथा घर की कुर्की होने पर सुल्तानपुर आकर छिपकर स्थानीय अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ रहकर जमीन कब्जेदारी व रंगदारी जैसे कृत्य कर जीवन यापन कर रहा था।

## ढाई किलो ब्राउन शुगर के साथ दो अन्तरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने बाराबंकी जिले के रामसनेही घाट थाना क्षेत्र से अन्तरराष्ट्रीय गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से ढाई किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। एसटीएफ के अनुसार बरामद ब्राउन शुगर का अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य ढाई करोड़ रुपए है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि अवैध मादक पदार्थों की व्यापक तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य बाराबंकी से ब्राउन शुगर लेकर बिहार होते हुए नेपाल जा रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने रामसनेही घाट थानान्तर्गत अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर जनता ढाबा के समीपर घेराबंदी की। इस दौरान मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे दोनों तस्करों बुधन पासवान निवासी ग्राम बऊवारी, थाना सुगौली, मोतिहारी, बिहार और मनीष यादव निवासी लालूपुर, थाना रामनगर, बाराबंकी को गिरफ्तार कर लिया।

## लाइजनिंग अफसरों को पढ़ाया आचरण व अनुशासन का पाठ

**लखनऊ।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा जी20 सम्मेलन में आने वाले गणमान्य महानुभावो के सहयोगार्थ लगाए जाने वाले लाइजनिंग ऑफिसर के प्रशिक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। मंडलायुक्त ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या उनके प्रतिनिधि शामिल होंगे। उनके साथ आप लोगो की ड्यूटी ग्रुपवार लगाई गयी है। जब आप के ग्रुप बन जाएंगे तो हर एक ग्रुप में एक भाषा विशेषज्ञ को भी शामिल किया जाएगा। उक्त के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा सभी की सॉफ्ट स्पोकेन ट्रेनिंग भी कराई जा रही है। डीएम द्वारा बैठक में आए सभी लाइज़निग ऑफिसर्स को बताया गया कि यह आप सब के लिए रख उपलब्धि है कि आप लोगो को अन्य देशों के गणमान्य महानुभावो के साथ कार्य करने का मौका मिल रहा है, तो पूरी गंभीरता के साथ कार्य करे, ट्रेनिंग में जो सिखाया जाए उसे गंभीरता से ले। मंडलायुक्त द्वारा सभी लाइज़निग ऑफिसर्स को रेज़ीडेंसी, इमामबाड़े व राजभवन की हिस्ट्री स्वयं पढ़ने के निर्देश दिए।

## कोरोना के खिलाफ योगी सरकार को मिलेगा एक और हथियार

# यूपी में इंस्टाशील्ड डिवाइस की लगाई जाएगी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट

● हैदराबाद की मेडिकल उपकरण कंपनी इंस्टाशील्ड ने टीम योगी के साथ किया एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। हैदराबाद, लखनऊ

**कोरोना** के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम को अब और मजबूती मिलने वाली है। हैदराबाद में टीम योगी ने स्थानीय कंपनी इंस्टाशील्ड के साथ एक एमओयू साइन किया है। यह एक मेडिकल इक्विपमेंट कंपनी हैए जिसका दावा है कि इसकी इंस्टाशील्ड नामक मेडिकल डिवाइस सार्स कोविड समेत हर तरह के वायरस को दूर करने में 99.9 प्रतिशत कारगर है। इस डिवाइस को मार्च 2022 में लॉन्च किया गया था और आज कंपनी का टर्नओवर 10 करोड़ रुपए पर पहुंच चुका है। कंपनी के ओनर्स ने योगी सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात के दौरान इस डिवाइस का प्रेजेंटेशन भी दिया। कैबिनेट मिनिस्टर बेबी रानी मौर्य को कंपनी का यह इनोवेशन काफी पसंद भी आया है। कंपनी के ओनर्स को 10-12 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए लखनऊ आमंत्रित किया गया है। टीम योगी के साथ मुलाकात के बाद इंस्टाशील्ड के प्रमोटर व डायरेक्टर सीएस जाधव और हितेश एम पटेल ने बताया कि अगस्त 2017 में उन्होंने कंपनी की शुरुआत की जो एमएसएमईए स्टार्टअप इंडिया और जेम पोर्टल के साथ रजिस्टर्ड है। कोरोना महामारी आने के बाद इससे बचने की तमाम कोशिशें हो रही हैं। वैक्सीन बन चुकी है। साथ ही कोरोना से निजात पाने के लिए इनोवशंस का दौर भी जारी है। कोई मास्क बना रहा है तो कोई किसी डिवाइस पर काम कर रहा है। इंस्टाशील्ड ने भी इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए डिवाइस का अविष्कार किया।

इस डिवाइस को मार्च 2022 में लॉन्च किया गया था और आज कंपनी का टर्नओवर 10 करोड़ रुपए पर पहुंच चुका है। इस डिवाइस ने कंपनी की पूरी तस्वीर बदलकर रख दी। इंस्टाशील्ड एक प्लग एंड प्ले डिवाइस हैए जो इलेक्ट्रॉन ट्रांसमिटिंग टेक्नोलॉजी की मदद से वायरस को खत्म करती है। कंपनी का दावा है कि इंस्टाशील्ड डिवाइसए एक ब्रेकथ्रू डिवाइस है क्योंकि यह अपनी तरह की पहली सीसीएमबी अप्रवूड वायरस अटेन्युएशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करती है।

यह टेक्नोलॉजी 99.9 प्रतिशत प्रभावशीलता के साथ सार्स कोव2 समेत सभी तरह के वायरस को डिसेबल कर देती है। हितेश का कहना है कि एक सिंगल इंस्टाशील्ड डिवाइस 5000 वर्ग फीट के एरिया को वायरस से सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त है। डिवाइस 18 मिनट के अंदर एक्टिवेट हो जाती है। इंस्टाशील्ड डिवाइस की टेक्नोलॉजी पेटेंटेड है और इसे टीएसआईसीए एआरसीआई का समर्थन प्राप्त है। कंपनी हैदराबाद के बाद अब यूपी में अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट डालने के लिए विचार कर रही है। यूपी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान दोनों प्रमोटरों ने यूपी में शुरुआत में 20 करोड़ के निवेश का एमओयू साइन किया। कंपनी यूपी में यूनिट लगाने के साथ ही यहां पर अपनी मार्केटिंग और प्रमोशन भी करेगी।

## गणतंत्र दिवस पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवरों पर किया जाएगा ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या उनके परिवार के सदस्यों व शहीद परिवार के सदस्य/पद्म पुरस्कार विजेता/ग्राम पंचायत के सबसे वृद्ध व्यक्ति का चयन करते हुए अमृत सरोवर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों, स्कूलों के बच्चों, महिलाओं, युवाओं के साथ-साथ ग्राम पंचायत के निवासियों की भी झंडारोहण कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सभी पूर्ण अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण कराए जाने के संबंध में ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी द्वारा समस्त जिलाधिकारियों, जिला कार्यक्रम समन्वयकों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी दिशा-निर्देशों में प्रियदर्शी ने कहा है कि कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराते हुए पोर्टल पर अपलोड करते हुए राज्य मुख्यालय की ई-मेल आईडी पर तथा व्हाट्सएप के माध्यम से रिपोर्ट प्रेषित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं 26 जनवरी को सभी पूर्ण अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण कराते हुए कार्यक्रम की फोटोग्राफ एवं वीडियो पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाएं।

## स्वतंत्रता दिवस की थीम पर 24 को मनाया जाएगा यूपी दिवस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कलेक्ट्रेट** सभागार में ज़िलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा यूपी दिवस के आयोजन को भव्य एवं गरिमामय बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में सभी विभागों के साथ यूपी दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम पर की जाने वाली व्यवस्थाओ पर विचार विमर्श किया गया। ज़िलाधिकारी द्वारा बताया गया कि यूपी दिवस का आयोजन 24 जनवरी को अवध शिल्पग्राम में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। डीएम ने कहा कि अन्य जनपदों के स्टाल आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी20 शिखर सम्मेलन तक जारी रहेगे। इस बार यूपी दिवस का आयोजन स्वतंत्रता दिवस की थीम पर भव्य रूप से कराया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा और समाज के हर वर्ग को सम्मिलित करते हुए भव्य रूप से विभिन्न विभागों के कार्मिकों, ओडीओपी लाभार्थियों, शिक्षकों, नर्स, डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, मेडिकल स्टूडेंट्स, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों, पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों, एक्स सर्विस मेन, ट्रेडर्स, मैनुफैक्चरिंग संगठनों सहित विभिन्न समूहों को शामिल किया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने पीड़ित परिजनों को बंधाया ढांढस




**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

## मोहल्ला सरैया में 6 बच्चों की मौत का मामला

**नगर** के मोहल्ला सरैया में 6 बच्चों की मौत के बाद आज दर्जा राज्यमंत्री विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा ने पीड़ित परिवारों के घर जाकर अपनी अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा गहरा दुख व्यक्त किया। दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि 6 बच्चों की मौत बेहद दुखद है। मोहल्ले के जागरूक नागरिकों को जागरूक होना पड़ेगा तथा अपनी जिम्मेदारी भी निभाना पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में यहां का मामला है जो समस्याएं हैं, आज ही मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य नगर पालिका और प्रशासनिक अधिकारी अपना काम कर रहे हैं। जल निकासी को लेकर उन्होंने कहा इसके लिए रोड मैप बनाना पड़ेगा तभी यह संभव है। उन्होंने मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप जिलाधिकारी को को उचित दिशा निर्देश भी दिए। दौरे में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता महामंत्री नीरज रस्तोगी उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता आशीष त्रिवेदी पी आर ओ भूरे सिंह भी मौजूद है। वहीं आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता और एडिशनल चिकित्सा अधिकारी ने मोहल्ले का दौरा किया। उन्होंने बताया यह टीम जिसमें डब्ल्यूएचओ यूनिसेफ चाइल्ड मलेरिया अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की एक टीम बनाई गई है तथा मोहल्ले का सर्वे कर रही है। संयुक्त रूप से जांच टीम एक रिपोर्ट बना रही है। उसी के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि लगातार स्वास्थ्य विभाग की 6 टीमें घर-घर जाकर चंपल टीकाकरण और दवाइयां देने का काम कर रही हैं। अभी तक 400 बच्चों का सैंपल लिया गया है जिसमें सभी नेगेटिव आई हैं। नालियों में पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है तथा नगरपालिका के तरफसे सफाई कार्य कराया जा रहा है। जो जो दिक्कतें आ रही हैं उनको युद्ध स्तर पर हमारे स्वास्थ्यकर्मी लगातार कर रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इमरजेंसी वार्ड बच्चों के लिए बनाया गया है जो भी पुलिस बच्चे बुखार या अन्य बीमारी से पीड़ित हैं उनको भर्ती किया जा रहा है। मैं भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहा हूं तथा टीम पूरी करें सतर्क है।

# मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा पर सूचना प्राप्त हुई की नासिर अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी ग्राम संपूर्णानगर थाना संपूर्णानगर जनपद खीरी अपने कंडक्टर खलील खां पुत्र इकरार खान निवासी अंगदपुर थाना मैलानी जनपद खीरी के साथ बस यूपी-32 टी 8487, चलाकर लखीमपुर से सवारी लेकर पलिया कलां जा रहे थे। भीरा की सवारी मैलानी तिराहा पर उतार रहे थे कि तभी अचानक एक मोटरसाइकिल चालक जिस पर दो महिलाएं बैठी थीं, ने लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए बस में सामने से बार्यी तरफ टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार तीनों घायल हो गए। तभी 40 से 50 व्यक्तियों एवं महिलाओं ने बस को घेर लिया तथा कंडक्टर के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने लगे।

सूचना पर थाना भीरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। भीरा पुलिस द्वारा बस को कब्जे में लेकर थाने पर ले जाया जा रहा था तभी कुछ महिलाओं ने बस को रोकने का प्रयास किया व पत्थर चलाने लगीं जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई है तथा कुछ पत्थर पुलिस बल को भी लगे हैं। थाना भीरा पुलिस द्वारा तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पक्षपातपूर्ण अतिक्रमण करने का आरोप

**संवाददाता।** बेहजम, खीरी



**प्रशासन** द्वारा कस्बे में सड़क किनारे किये गये अतिक्रमण को हटाने को लेकर प्रशासन के द्वारा कस्बे में अतिक्रमण का पंजीकरण न कराते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान एसडीएम मितौली विनीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों और पुलिस फोर्स ने कस्बे की मैंगलगंज लखीमपुर मार्ग पर कस्ता विधानसभा की क्षेत्रीय जेसीबी मशीन कस्बे के एक खनन माफिया के मकान के सामने आकर 9 बजे खड़ी हो गई। उसके बाद एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय के आदेश पर कस्बे में सड़क के किनारे अतिक्रमण को हटाने का काम पक्षपात पूर्वक किया जाना शुरू किया गया। यह आरोप मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित ने प्रशासन पर लगाया। जिससे सड़क किनारे पटरी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। वहीं प्रशासन पर एक व्यक्ति विशेष भाजपा के छोटे भैया नेता के द्वारा सफाई अभियान दौरान चुनिंदा मकानों को निशाना बनाते हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत करने की वजह से आक्रोशित पटरी दुकानदारों ने उपस्थित एसडीएम मितौली विनीत कुमार उपाध्याय पर हटाए जाने को लेकर उसी दौरान पटरी दुकानदारों और एसडीएम के बीच नोक झोंक शुरू हुई। मामला इतना बढ़ गया कि क्षेत्रीय नेता भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित मौके पर पहुंचे और एसडीएम से कहा कि पहले पैमाईश कर चिन्हित कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया जाय। तब अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाय लेकिन बातचीत के दौरान बात नहीं बनी और पटरी दुकानदारों का उग्र रूप देखते हुए प्रशासन को बैक फुट पर वापस जाना पड़ा। यही नहीं एसडीएम मितौली विनीत कुमार उपाध्याय और जेसीबी को बैरंग वापस होना पड़ा और नहीं हट सका, कस्बे का अतिक्रमण। इस संबंध में जानकारी लेना चाहा तो एसडीएम का फ़ोन नहीं लगा। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल अखिलेश गुप्ता ने बताया कि अगली कार्रवाई चिन्हित कर नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जायेगा। वहीं थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि अभी कार्य रोक दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई एसडीएम के आदेश पर होगी। बेहजम में चुनिंदा मकानों को निशाना साधते हुए मितौली तहसील प्रशासन की खुली गुंडा गर्दी के तहत अतिक्रम हटाने का कार्य किया गया।

# परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा सारथी वाहन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मिशन** परिवार विकास अभियान के अंतर्गत जन समुदाय को परिवार नियोजन की सेवाओं से अवगत कराने हेतु सारथी वाहन का संचालन परिवार नियोजन के संदेशों को सुनाती हुई क्षेत्र में भ्रमण करेगी। इसके लिए शहर में दो वाहन और प्रति ब्लॉक तीन वाहनों की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा, डीपीएम अनिल



शुभारंभ किया गया। इसे हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार ने रवाना किया।

यादव, डैम सतपाल सिंह, डीडीएम एचएमआईएस, आरकेएसके, आरबीएसके एमएच कंसलटेंट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

परिवार नियोजन प्रबंधक पद्माकर तिवारी ने बताया कि परिवार नियोजन की सेवाओं को जनसमुदाय स्तर तक प्रचार.प्रसार करने हेतु शासन स्तर से सारथी वाहन को चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसका द्वितीय चरण 18 जनवरी से शुरू किया गया है। इस वाहन को सीएमओ ऑफ़िस से हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ अश्विनी कुमार द्वारा रवाना किया गया। इस दौरान एसीएमओ डॉ. बीसी पंत, डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी व डॉ धनीराम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सारथी वाहन को परिवार नियोजन के संदेश देते हुए फ्लेक्स बैनर से चारों ओर से ढका गया है। वहीं इसके माध्यम से पंपलेट, कंडोम, माला-डी आदि वितरित की जाएंगी। इसके अंदर बास्केट ऑफ चॉइस को भी प्रदर्शित करने के लिए रखा गया है। वहीं शासन द्वारा प्राप्त एक ऑडियो क्लिप

# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा सुनिश्चित कराने सड़क पर उतरे एआरटीओ, पढ़ाया यातायात का पाठ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**● सड़क सुरक्षा माह : प्रशासन ने जागरूकता के लिए झोंकी ताकत, बताए ट्रैफिक के कायदे कानून**

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन/निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में 'सड़क सुरक्षा माह' मनाया जा रहा है।

'सड़क सुरक्षा माह' अभियान कार्यक्रमों की श्रृंखला में एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे ने सड़कों पर सड़क जागरूकता अभियान चलाया।

एआरटीओ ने ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर जेपी यादव के साथ सड़क पर बेतरतीब चलने वालों को रोककर उन्हें यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया। वहीं चार पहिया वाहनों पर लगे काली फिल्म को उतरवाते हुए चेतावनी दी। सभी आह्वान किया कि अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी रोड पर चलते वक्त यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

एआरटीओ ने कहा कि सभी लोग अपने दोस्त, पड़ोसियों से भी नियमों के पालन कराने का आह्वान करें। एआरटीओ ने कहा कि यातायात जागरूकता आमजन की सुरक्षा के लिए है। वाहन चलाते समय नियमों का पालन अति आवश्यक है। सड़क जागरूकता का मूल उद्देश्य यह संदेश देना है कि आप का जीवन अमूल्य है। सुरक्षा हमारी आपकी जिम्मेदारी है। सतर्कता हमारी जीवन को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। इसका पालन हमें घर से निकलने से लेकर घर पहुंचने तक करना चाहिए। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर जेपी यादव ने कहा कि नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाना चाहिए। दो पहिया वाहन पर हेलमेट जरूर लगाएं। चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट व इंडिकेटर सहित अन्य उपकरणों का प्रयोग करें। किसी भी प्रकार से सिग्नल ना तोड़ें। वाहन की गति को हमेशा अपने नियंत्रण में रखें। वाहन चलाते समय धूम्रपान न करें। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में वाहन की गति को हमेशा कम रखें। एआरटीओ 'प्रवर्तन' रमेश कुमार चौबे के नेतृत्व में शहर में ओवरब्रिज के पास सड़कों पर प्रवर्तन अभियान भी चला।

प्रवर्तन दल ने लखीमपुर-गोला मार्ग, लखीमपुर-निघासन मार्ग, लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग, प्रेशर हॉर्न के उपयोग सहित सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले करीब 250 वाहनों का चालान किया। इस दौरान उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। यही नहीं उनको सड़क सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया गया। एआरटीओ ने स्वयं वाहनों से प्रेशर हॉर्न खड़े होकर निकलवाया। भविष्य के लिए सचेत किया कि यदि पुनः प्रेशर हॉर्न का उपयोग किया गया तो गाड़ियों को सीज कर देंगे।

# एक दूजे के हुए 81 जोड़े

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**● राजापुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत लिए सात फेरे**

**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को ब्लॉक नकहा की 81 बेटियां धार्मिक रीति रिवाज से परिणय सूत्र में बंधीं। इनमें से 76 बेटियों ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच सात फेरे लिए। 5 बेटियों का मौलानाओं ने निकाह कराया। योजना के तहत सभी बेटियों के खातों में 35.35 हजार रुपए भेजे गए। गृहस्थी शुरू करने के लिए सभी नव विवाहितों को पायल, बिछिया, कुकर, बर्तन, श्रृंगारदान, हैं, लेकिन वैवाहिक जीवन के हर परिस्थिति में पति-पत्नी को साथ रहना चाहिए। जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने सभी 81 जोड़ों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया और सरकार द्वारा मिलने वाली हर योजनाओं



कंबल आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। समारोह में ग्रामीण क्षेत्र की 81 बेटियों के हाथ पीले हुए।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के लिए वरदान साबित हो रही है। गरीब परिवारों से जुड़ी बेटियों की शादी को लेकर उनके माता पिता को काफी चिंता रहती थी, लेकिन इस योजना ने ऐसे अभिभावकों की इस परेशानी को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी है। गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ अब अब आसानी से पीले हो रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि योजना के तहत जोड़ों के खाते में निर्धारित धनराशि भेजने के साथ ही उन्हें घर ग्रहस्थी चलाने को जीवनोपयोगी सामग्री भी प्रदान की जा रही है।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि जीवन में तमाम उतार-चढ़ाव आते रहते का लाभ देने का आश्वासन देते हुए विदा किया। ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता ने कहा कि पहले लोग बेटियों को बोझ समझते थे।

अब सरकार बेटियों की शिक्षा व विवाह की जिम्मेदारी ले ली है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी करने के बाद कन्या के खाते में समाज कल्याण विभाग की ओर से 35 हजार रुपये भेजा जाता है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकासखंड नकहा 81 लाभार्थी जोड़ों के लिए आयोजित विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक योगेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, बीडीओ आलोक कुमार वर्मा ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

# प्रशासन ने महिला सुरक्षा-सम्मान को स्कूलों में दिलाई शपथ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**राष्ट्रीय** बालिका दिवस पर आयोजित विविध गतिविधियों के अनुक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शनए डीपीओ संजय निगम के निर्देशन में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के लिए गुरुवार को खीरी में स्कूल.कालेजों में छात्र.छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई। साथ ही सुरक्षाए सम्मान के प्रति जागरूक किया।

महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में गुरुनानक महाविद्यालय में प्राचार्य डीके शुक्ला की मौजूदगी में लड़कों ने शपथ ली कि वे महिलाओं का सम्मान करेंगे और उनके साथ गलत व्यवहार नहीं करेंगे। वही गुरुनानक विधिक सभा इंटर कॉलेज की शपथ ली कि बालिकाएं भी अपने घर पर अपने भाइयों को यही शपथ दिलवाएंगी और महिलाओं के साथ सही ढंग से नहीं पेश आने पर उनके साथ रिश्ता तोड़ने की चेतावनी देंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते गुरु नानक विधिक सभा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ मीनाक्षी ने कहा कि आज के युग में बेटा.बेटी में कोई भेद नहीं है। लोगों से अपील की कि समाज के लोगों को इस मानसिकता से बाहर निकलकर बेटियों को बचाएं और उन्हें पढ़ा लिखाकर काबिल् बनाएं। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट ने कहा कि लड़के.लड़कियों में कोई भेदभाव न करते हुए बेटियों को भी समानता का अधिकार देने में सहयोग करें। बेटियों को सम्मान दिलाये जाने के लिए हमें उनकी समान भागीदारी करनी होगी। जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं। सभी को महिलाओं की सुरक्षा और समान अधिकारों का ध्यान रखना चाहिए। महिलाओं को सम्मान और समान अधिकार देने से ही समाज का समग्र विकास संभव है। महिलाओं की उन्नति से ही राष्ट्र उन्नत बनता है। स्कूल.कालेजों में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने सभी को ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओष् की शपथ दिलाई। साथ ही शासन की ओर से संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जागरूक किया। बेटियों के होने से ही घर में खुशियों के साथ ही समाज को भी मजबूत बनाने में योगदान मिलेगा।

# वृहद रोज़गार मेले का आयोजन 31 जनवरी को

**संडीला( हरदोई )।** जिला सेवा आयोजन कार्यालय द्वारा 31 जनवरी 2023 को वृहद रोजगार मेले का आयोजन स्थानीय दिव्यानंद विद्यामंदिर महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियां हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक तथा तकनीकी योज्ञताधारी तथा 18-40 वर्ष की आयु के अभ्यथियों का चयन करेंगे। रोजगार मेले के दिन अभ्यर्थी को सेवायोजन पंजीयन कार्ड, शैक्षिक योज्ञता संबंधी समस्त मूल प्रमाण पत्र तथा स्वप्रमाणित बायोडाटा का एक सेट एवं पासपोर्ट साइज के फोटो समेत अभ्यर्थी को उपस्थित होना होगा।

# पेज एक का शेष

## कुश्ती महासंघ...

उनका (डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष) का इस्तीफा नहीं चाहते। हम उन्हें जेल भेजेंगे। हम कानूनी कार्वाई नहीं करना चाहते थे क्योंकि हमें उम्मीद थी कि समाधान निकल आएगा लेकिन अगर उचित हल नहीं मुहैया कराया जाता है तो हम अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, हम विश्व चैम्पियनशिप और ओलंपिक पदक विजेता हैं इसलिए हम पर संदेह मत कीजिए, हम सच बता रहे हैं, विश्वास कीजिए। पता चला है कि डब्ल्यूएफआई ने रविवार को अयोध्या में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए आम परिषद की आपात बैठक बुलाई है। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, हां, एक बैठक बुलाई गई है और इसमें भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा की जाएगी। मैं नहीं बता सकता कि डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष इस्तीफा देंगे या नहीं। इस पर चर्चा करनी होगी। यह डबलयूएफआई अध्यक्ष के तौर पर बृजभूषण का तीसरा कार्यकाल है और जल्द ही समाप्त हो रहा है तथा वह फिर से चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। उन्हें फरवरी 2019 में तीसरा बार डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष चुना गया था। राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार एक व्यक्ति अध्यक्ष पद पर तीन कार्यकाल या बिना किसी ब्रेक के 12 साल तक काबिज रह सकता है जिसके पूरा होने के बाद वह वापसी नहीं कर सकता। बजरंग ने कहा, पूरी कुश्ती बिरादरी यहां है। हमारे पास सबूत हैं, हम झूठ नहीं बोल रहे। हम कुश्ती को बनाए रखना चाहते हैं, एक नई जिंदगी शुरू करना चाहते हैं। अठाईस वर्षीय विनेश ने दावा किया कि उन्हें केरल और महाराष्ट्र की महिला पहलवानों फोन कर यह मुद्दा उठाने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा, कम से कम पांच से छह लड़कियां कल प्राथमिकी दर्ज कराएंगी और भारत जैसे देश में अगर यह होता है जहां दुर्गा और लक्ष्मी को पूजा जाता है तो यह काला दिवस होगा। फिर मैं कहूंगी कि कोई भी महिला इस देश में सुरक्षित नहीं है और किसी के यहां भी बेटी पैदा नहीं हो। सरकारी प्रतिनिधियों से हुई बैठक की जानकारी के बारे में पूछने पर विनेश ने कहा, उन्होंने कोई भी समयसीमा नहीं है, बस आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, अब सब दांव पर लगा है। हमें पुलिस सुरक्षा भी नहीं है और यहां बैठे हैं। लेकिन डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष कहां हैं, उनका कार्यालय बंद हैं। वो आंखें कहां हैं जो हमें डराया करती थीं। जब उन्हें याद दिलाया गया कि लंदन ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त और एशियाई चैम्पियनशिप की पदक विजेता दिव्या काकरान ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष का समर्थन किया है तो विनेश ने कहा, योगेश्वर निश्चित रूप से डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की गोद में बैठा है और काकरान ने खुद ही उनके खिलाफ बात की थी जिसके हमारे पास सबूत हैं। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के समर्थन में सारे वीडियो वहीं बनाए गए हैं जहां उनका आतंक का अड्डा है, लोगों को यहां आकर जंतर मंतर पर वीडियो बनाने चाहिए। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं सरकार डब्ल्यूएफआई पर अपने नियंत्रण में ले ले। हम मौजूदा अध्यक्ष के अंतर्गत किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे। वहीं पहलवानों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंची माकपा नेता बृंदा कारत को पहलवानों ने यह कहकर वहां से जाने के लिए कह दिया कि वे इस प्रदर्शन को राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते। बजरंग ने कहा, हम आपसे निवेदन करते हैं मैडम कि इसे राजनीतिक नहीं बनाए। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा कि पहलवान अपनी शिकायत लेकर उसके पास आ सकते हैं।

## दिल्ली महिला...

सामने आपबीती की जानकारी दी। जिसके बाद कार का पता लगाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ केस कोटला मुबारकपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले पर दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने ट्वीट कर मालीवाल के साथ हुई घटना को हैरान कर देने वाला बताया है।

## भारत बड़े...

ठाकरे गुट की शिवसेना और पूर्ववर्ती महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार पर निशाना साधा। मुंबई, पुणे, ठाणे और नागपुर में इसी साल निकाय चुनाव हो सकते हैं। भाजपा और शिवसेना का ब्रहन्मुंबई महानगर निगम का नियंत्रण शिंदे गुट ठाकरे गुट से लेना चाहता हैं। एमएमआरडीएम मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने 38,000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है, जिससे देश की आर्थिक राजधानी में अवसंरचनात्मक विकास, शहरी यातायात सरल होगा और चिकित्सा क्षेत्र मजबूत होगा। उन्होंने गंदा पानी साफ करने के सात संयंत्रों, सड़क को कंक्रीट का करने की परियोजना और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने 12,600 करोड़ रुपए से बनी मुंबई मेट्रो की 2ए और 7 लाइन का उद्घाटन किया। इनमें मुंबई उपनगर में अंधेरी से दहिसर तक 35 किलोमीटर का गलियारा है। मोदी ने शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के नाम पर 20 आपला दवाखाना का भी उद्घाटन किया। इससे पहले उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में मोदी ने जनता से दो इंजन वाली सरकार को वोट देने का आह्वान किया था। लेकिन कुछ लोगों के धोखा देने के कारण राज्य में लगभग ढाई वर्ष तक जनविरोधी सरकार रही। लेकिन बाला साहेब के सच्चे अनुयायियों के कारण हमारी सरकार फिर बनी। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि एमवीए शासन काल (नवंबर 2019 से जून 2022) में विकास पिछड़ गया था। उन्होंने कहा, हम मोदी के नेतृत्व के कारण मुंबई की जनता को एमवीए शासन से निकालने में सफल हो सके। शिंदे पिछले सप्ताह दावोस में विश्व आर्थिक मंच में शामिल होने गए थे, जहां उन्होंने राज्य में निवेश के लिए दुनियाभर के विभिन्न निवेशकों के साथ 1.37 लाख करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री ने मुंबई। मोबाइल ऐप और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) को भी पेश किया। यह ऐप मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश द्वारों पर दिखेगा और इसके माध्यम से यात्रा सरल हो सकेगी। इससे यूपीआई से डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदे जा सकते हैं। गंदा पानी साफ करने वाले सात संयंत्रों को 17,200 करोड़ रुपए में बनाया जाएगा। इन्हें उपनगर मलाड, भंडूब, वर्सोवा, घाटकोपर, बांद्रा, धारावी और वर्ली में स्थापित किया जाएगा।

## किसी आरोपी...

सूर्यकांत ने कहा, राज्य को यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि बाहरी परिस्थितियों से प्रभावित हुए बिना एक निष्पक्ष सुनवाई हो। राज्य के पास अधिकार है क्योंकि समाज का बहुत कुछ दांव पर लगा है। आरोपी के पास भी अधिकार है क्योंकि जब तक वह दोषी साबित नहीं हो जाता उसे अनिश्चित काल के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता। न्यायमूर्ति कांत ने कहा, यह केवल एक याचिकाकर्ता हमारे समक्ष नहीं है। पिछले 19 साल में मेरा सिद्धांत रहा है कि मैं केवल उस पीड़ित को नहीं देखता जो मेरे समक्ष मौजूद है, मैं उन पीड़ितों को भी देखता हूं जो अदालत नहीं आ सकते और सबसे अधिक पीड़ित वहीं हैं। आप चाहते हैं कि हम खुलकर बोलें। सबसे अधिक पीड़ित वे किसान हैं जो जेल में बंद हैं। उनका पक्ष कौन रखेगा। अगर इस व्यक्ति को कुछ नहीं (जमानत) दिया गया तो उन्हें भी कोई कुछ नहीं देगा। वे भी आने वाले समय में जेल में रहेंगे। निचली अदालत ने पहले ही उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। जमानत याचिका का विरोध कर रहे लोगों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा कि वह अदालत की इस तुलना से हैरान व निराश हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जिस पर इस अदालत द्वारा और गौर करने की जरूरत है और वह ऐसा करने को इच्छुक भी है। पीठ ने कहा, हम गवाहों के बयान दर्ज किए जाने तक मामले को लंबित रखेंगे। हम निचली अदालत पर दबाव नहीं बना सकते और हर दिन सुनवाई करने का निर्देश देना भी अनुचित होगा। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद और वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी तथा दुष्यंत दवे की दलीले सुनने के बाद कहा, हम फैसला सुनाएंगे। प्रसाद ने आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा, यह एक गंभीर व जघन्य अपराध है और इससे (जमानत देने से) समाज में गलत संदेश जाएगा। दवे ने कहा कि जमानत देने से समाज में बेहद गलत संदेश जाएगा। मुकुल रोहतगी ने दवे के प्रतिवेदन का विरोध करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल एक साल से अधिक समय से हिरासत में है और जिस तरह से सुनवाई चल रही है, उसके पूरा होने में सात से आठ साल लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि जगजीत सिंह मामले में शिकायतकर्ता हैं, कोई चश्मदीद गवाह नहीं हैं और उनकी शिकायत सिर्फ सुनी सुनाई बातों पर आधारित है। उन्होंने कहाकि मैं हैरान हूं कि लोगों का एक बड़ा तबका कह रहा है कि हमने लोगों पर बेरहमी से गाड़ी चला दी... प्राथमिकी जिस व्यक्ति के बयान के आधार पर दर्ज की गई है वह चश्मदीद नहीं है। रोहतगी ने कहा, मेरे मुवक्किल को पहले मामले में जमानत मिल गई। यह कोई बेसिर-पैर की बात नहीं है और बात में सच्चाई है। उन्होंने कहा कि उनका मुवक्किल कोई अपराधी नहीं है और उनके खिलाफ पहले भी कोई मामला नहीं है। निचली अदालत ने पिछले साल छह दिसंबर को मामले में मिश्रा और 12 अन्य के खिलाफ हत्या, आपराधिक साजिश और अन्य अपराधों में आरोप तय किए थे, जिससे सुनवाई की शुरुआत का रास्ता साफ हो गया था। मामले के अन्य आरोपियों में अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ काले, सत्यम उर्फ सत्य प्रकाश त्रिपाठी, शेखर भारती, सुमित जायसवाल, आशीष पांडेय, लवकुश राणा, शिशु पाल, उल्लास कुमार उर्फ मोहित त्रिवेदी, रिंकू राणा और धर्मेंद्र बंजारा शामिल हैं। सभी आरोपी फिलहाल जेल में हैं।

# देवरनिया थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर हुई चोरी

**संवाददाता।** बरेली

**एक** ही रात में चोरों ने कई स्कूल और मकानों में रखा सामान व नकदी चोरी कर लिया। सुबह होने पर घटना की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। देवरिया थाना क्षेत्र के गांव चिठिया में मंगलवार की रात चोरों ने जूनियर हाई स्कूल की रसोई का ताला तोड़कर उसमें रखे दो बड़े भगौने, बच्चों को मिड-डे-मील खिलाने के लिए लाई गई 150 थालियां, दो छोटे फ्राईपैन चोरी कर लिए स्कूल के प्रधानाचार्य ने घटना की शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि 1 वर्ष पूर्व भी उनके स्कूल में इसी तरह चोरी हुई थी।

लेकिन चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया था इसके अलावा वशुधरण मार्ग पर स्थित आरके इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान के शटर पर लगे ताले तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे तीन फ्रिज, एक वॉशिंग मशीन, एक सिलाई मशीन और दुकान के गल्ले में रखे लगभग 15000 रुपए नगद 6 दीवार घड़ी चोरी कर ली। तुलसीपुर निवासी दुकानदार ने बताया कि वह बीती रात लगभग 8 बजे दुकान बंद करके गए थे, लेकिन उनके जाने के बाद चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दिया और दुकान में रखा लाखों का सामान व नकदी आदि चोरी करके फरार हो गए इसके अलावा चिठीया गांव में ही रहने वाले धर्मेंद्र के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी भी चोरों ने चोरी कर ली इसके अलावा सलार नगला गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के एक कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखी एक बैटरी चोरी कर ली गई, जिसकी शिकायत प्रधानाचार्य महेंद्र गंगवार ने पुलिस से की। वहीं लईक के मकान में घुसे चोरों ने एक बैटरी और दो साइकिलों पर हाथ साफकर दिया एक ही रात में अलग-अलग स्थानों पर हुई लाखों की चोरी के बाद शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने सभी घटनास्थलों का निरीक्षण करने के बाद चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का राजपुर दौरा आज

**संवाददाता।** राजापुर( चित्रकूट)



● प्रशासन ने किये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

● भभेंट गांव में करेंगे ग्राम चौपाल का आयोजन

**उत्तर** प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को चित्रकूट जिले की राजापुर तहसील क्षेत्र के भभेंट गांव में आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल में शिरकत करेंगें। इस दौरान डिप्टी सीएम जनता की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ मौके पर निस्तारित भी करेंगें।कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने राजापुर के तुलसी स्मारक व भभेट गांव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये है।

जन समस्याओं को सुनने के लिए अपने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार तुलसी स्मारक के विशाल प्रांगण में हेलीपैड तथा ग्राम चौपाल स्थल को ग्राम विकास विभाग के द्वारा सजाया व संवारा जा रहा है। जिसमें ग्राम विकास के आलाधिकारी लगभग तीन दिनों से डटे हुए हैं। जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत भभेंट में राजस्व व विकास टीम द्वारा संतृप्ति करने में लगे हैं। जिससे किसी भी प्रकार की कोई शिकायत उपमुख्यमंत्री तक न पहुंच सके। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से बांदा रेंज के लगभग 500 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा व परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय ने बताया है कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन प्रोटोकॉल के अनुसार 12:10 मिनट पर तुलसी स्मारक के विशाल प्रांगण में हेलीकॉप्टर द्वारा आगमन होगा। वहीं सम्भावित गोस्वामी तुलसीदास जी की मूर्ति पूजा अर्चना, माल्यार्पण करने के बाद ग्राम चौपाल करने के लिए ग्राम पंचायत भभेंट में निर्मित पंडाल में पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों की शिकायतें व निराकरण जन चौपाल के माध्यम से किए जाएंगे जो लगभग एक घण्टे तक ग्राम चौपाल में मौजूद रहेंगे। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा शांति सुरक्षा एवं सड़क यातायात नियमों के तहत मुख्य पांच स्थानों में पुलिस बैरिकेटिंग लगाया जाएगा। लगभग 2 घण्टों तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री के काफिले में आने वाले वाहनों के लिए दो स्थानों में विशेष पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिसमें एक-नम्बर गेट पर आम लोगों के लिए पार्किंग व्यवस्था तथा पार्किंग दो -नम्बर पर वीवीआईपी वाहनों के लिए ग्राम चौपाल स्थल के पास रखा गया है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से चित्रकूट धाम मण्डल बांदा रेंज से लगभग 500 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जाएगा और हेलीपैड स्थल से लेकर ग्राम चौपाल स्थल तक चप्पे चप्पे पर पुलिस की कड़ी चौकसी रहेगी। राजस्व व विकास टीम द्वारा ग्राम पंचायत भभेंट को संतृप्त किए जाने के लिए टीमें गांव व मजरों का डोर टू डोर भ्रमण कर रही है।

## दस फरवरी तक हर हाल में बने टर्मिनल बिल्डिंग का रास्ता: अभिषेक आनंद

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने देवांगना हवाई पट्टी का औचक निरीक्षण कर एप्रोच रोड देखी। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दस फरवरी तक प्रत्येक दशा में टर्मिनल बिल्डिंग तक जीएसबी डलवाकर सड़क मार्ग में आने-जाने का निर्माण कराया जाये।

गुरुवार को जिलाधिकारी को एयरपोर्ट अथॉरिटी व राइट्स संस्था के अधिकारियों ने बताया कि पांच सौ मीटर चहारदीवारी का कार्य पूरा हो गया है। शेष पर तेजी से कार्य हो रहा है। एप्रोच रोड पर भी तेजी से कार्य हो रहा है, समय सीमा के अन्दर पूरा कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत से कहा कि एयरपोर्ट पर लो-वोल्टेज की समस्या तत्काल दुरुस्त करायें।

# शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें नगरीय टू योजना के निर्माण : डीएम

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका, नगर पंचायत एवं डूडा से कराये कार्यों एवं स्वच्छ भारत नगरीय टू योजना के तहत यूज्ड वाटर मैनेजमेंट की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि एमआरएफ सेंटर का निर्माण कार्य तेजगति से कराया जाये। शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें।

गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सामुदायिक शौचालय व व्यक्तिगत शौचालय में धनराशि मशीनरी खरीदने को है। प्रस्ताव बनाकर अनुमोदन कराकर खरीद करायें। ईओ नगर पालिका से कहा कि चिन्हित सामुदायिक भवन का प्रस्ताव सीएनडीएस से बनवाकर शासन को भेजा जाये। इसी प्रकार नगर पंचायत मऊ का भी प्रस्ताव भेजें। ईओ राजापुर से कहा कि एसडीएम राजापुर से सम्पर्क कर जमीन चिन्हित करायें। उन्होंने ईओ नगर पालिका कर्वी से कहा कि ट्राफिक चौराहा के पास से हटाये अतिक्रमण और सुलभ काम्पलेक्स की चहारदीवारी का निर्माण तत्काल शुरु करें। रानीपुर भट्ट के तालाब का सुन्दरीकरण करायें। उन्होंने एसडीएम कर्वी से कहा कि मौके पर जाकर तालाब के क्षेत्र की नाप करायें। कोठी तालाब के पास निर्माणाधीन पार्क में अच्छी लाइटिंग व स्वच्छता की पेंटिंग करायें। अधिशाषी अधिकारियों से कहा कि पं दीनदयाल योजना से कराये कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेजकर मंजूर करायें। परियोजना निदेशक डूडा/एसडीएम न्यायिक से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के आवेदन की जांच में पात्रों का डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाये। जस लाभार्थियों के खाते में प्रथम, द्वितीय, तृतीय किस्त जानी है, उनके खाते में तत्काल भेजें।

## डीएम ने किया मेघा दिव्यांग शिविर का उद्घाटन



**फर्रुखाबाद।** एस. एन. साध ट्रस्ट के सौजन्य से मेघा दिव्यांग शिविर का उदघाटन जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। विगत वर्षो से शिविरों का आयोजन एस. एन. साध ट्रस्ट के द्वारा फर्रुखाबाद में कराया जा रहा है। इसकी संयोजक डॉ रजनी सरीन के संयोजन में इस शिविर ने अनेक दिव्यांग जनो को लाभ पहुंचाया है, इस शिविर की विशेषता ये है कि कोई भी दिव्यांग जन केवल अपना आधार कार्ड लेकर आये और तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क शिविर में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है। एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी श्री राकेश साध और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती मधु साध श्री चमकेश साध और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती रंजना साध ने बताया कि इस शिविर में आपकी बार कान के चेक अप कर कान की मशीन उपलब्ध कराने के साथ.साथ दांतों का चेक अप डॉ स्वाती वच्चानी ने सभी दिव्यांगों का परीक्षण कर उनको दवाईया लिखीं जो पूर्ण रूप से संस्था की तरफ से नि:शुल्क वितरित की गईं और दिव्यांगों को उपकरण भी संस्था की तरफ से नि:शुल्क वितरण किये जाते हैं। दिव्यांग जन व उनके साथ जो भी उनके तीमारदार आते है उन सभी लोगों के लिए चाय, बिस्किट व शुद्ध भोजन की व्यवस्था भी संस्था की तरफसे नि:शुल्क की जाती है। विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी दिल्ली से आकर प्रिया साध, रितेश साध ने शिविर को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस नेक कार्य में रोहित गर्ग, उदय पाल, सुजीत वर्मा, शीश मेहरोत्रा, बासु, राहुल, नितिन, सम्भव, प्रभात, नरेश, रॉबिन साध, रजत और जयपुर की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहता है। आज रजिस्ट्रेशन 220 हुये, आज बांटे गए उपकरणों की संख्या-ट्राय साइकिल 15,व्हीलचेयर 13, छड़ी. 12, कैलिपर. 21- कृतिम पैर. 114, वैशाखी 9, वॉकर 7, जूते 15, कान की मशीन 60, दांत रोग मरीज, 35, आदि उपकरण वितरित किये गये।

## घाटमपुर में स्कूल की बाउंड्री वॉल से टकराई वैन, शार्ट सर्किट से लगी आग

**घाटमपुर।** घुघुवा गांव के पास स्थित एक स्कूल की बाउंड्री वॉल में ओमिनी वैन टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी, कि शार्ट सर्किट से वैन में आग लग गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे में आग पर काबू पाया है।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बक्सरा निवासी कल्लू तिवारी ने बताया कि वह अपने दोस्त की गाड़ी लेकर घुघुवा गांव के बाहर तक गए थे, तभी वहां से वापस आते समय घुघुवा गांव के किनारे स्थित एक स्कूल के पास बने सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर में तेज रफ्तार ओमिनी वैन अनियंत्रित होकर स्कूल की बाउंड्री वॉल में जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी, कि ओमिनी वैन में शार्ट सर्किट होने के बाद आग लग गई। चालक ने वैन में आग लगी देखा तो कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते ओमिनी वैन आग के गोले ने तब्दील हो गई। चालक ने फोनकर घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। गनीमत रही कि वैन में कोई बैठा नहीं था नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। मामले में घाटमपुर थानाध्यक्ष रामबाबू ने बताया कि सूचना मिली थी, फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया है।

## डीएम ने दिए भोगनीपुर में औरैया रोड का अतिक्रमण हटाने के दिशा निर्देश

**पुखरायां, कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन ने भोगनीपुर के इटावा चौराहे का अतिक्रमण हटवाने के दिशा निर्देश दिये हैं। उन्होंने भोगनीपुर के उपजिलाधिकारी को दो दिन के भीतर अतिक्रमण हटवाने हिदायत दी है।

भले ही तहसील कार्यालय कस्बा पुखरायां में व्यवस्थित है, लेकिन मुगल रोड और झांसी-कानपुर रोड के क्रासिंग पर बसे कानपुर देहात की ग्राम पंचायत भोगनीपुर अंग्रेजी हुकूमत तालुका मुख्यालय के रूप घोषित है और एशिया का सबसे बड़े चौराहे के रूप में ख्यात है। जहां से पश्चिमी राज्यों के पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पूर्वी राज्य बिहार, बंगाल एवं दक्षिण से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात समेत करीब-करीब सभी राज्यों के भाड़ा वाहनों का आवागमन होता है। लेकिन अतिक्रमण की मार से भोगनीपुर चौराहे का रूप ही बदल दिया है।

## नकली नोट गिरोह में फौजी शामिल

**घाटमपुर।** नकली नोट गिरोह में एक फौजी के शामिल होने की सूचना से सनसनी मच गई है। गिरोह के एक ने सदस्य ने पूछताछ में उसके बारे में काफी जानकारी दी है। इसके मुताबिक फौजी कानपुर के एक गांव का मूल निवासी है और इन दिनों एक संवेदनशील सीमा क्षेत्र में तैनात है। पुलिस उसकी रेजीमेंट को पत्र लिख कर इस बाबत सूचित करेगी।

एक अक्तूबर 2022 को घाटमपुर पतारा में पुलिस ने एक नाबालिग और उसके साथी विभु यादव को गिरफ्तार किया था। घाटमपुर पुलिस ने बुधवार को एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ में एक फौजी के नेटवर्क में शामिल होने की जानकारी मिली। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जिस रेजीमेंट में फौजी तैनात है, वहां के अधिकारियों को पत्र लिखकर जानकारी देंगे। उसकी गिरफ्तारी होगी।

ऐसे हत्थे चढ़ा था गिरोह : पिछले साल सितंबर में कुछ दुकानदारों के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि जाली नोट चलाए जा रहे हैं। सूचना की छानबीन करती हुई पुलिस एक अक्तूबर को घाटमपुर पतारा पहुंची और एक नाबालिग पकड़ा गया। फिर उसका साथी विभु यादव गिरफ्तार हुआ। दोनों के पास से 42 हजार रुपये मूल्य के 100 के नकली नोट बरामद हुए। फौजी के जाली नोट के रैकेट में शामिल होने की तस्दीक हुई है। सेना अधिकारियों से आरोपित को लेकर पत्राचार किया जाएगा। कई और लोग शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### पति ने की मारपीट तो पत्नी ने दी पुलिस को तहरीर

**जालौन (उरई)।** पत्नी के साथ गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर की। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी भूरी देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति रोहित आए दिन उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट करते रहते हैं। संबंध बनाए रखने के लिए वह सहती रही। गुरुवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी पति वहां आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की।

### शराब पीकर मारपीट में एक मजदूर की मौत, हत्या का आरोप

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के उमरिया गांव स्थित सेवक ईंट भट्टे में शराब पीकर मारपीट हो गई थी। जिसमें गंभीर चोट के चलते एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। परिवारीजनों ने रंजिशन हत्या करने का अरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में सेवक ईंट भट्ठा है। जिसमें जालौन जनपद के आटा गांव के निवासी महेश, कल्लू, छोटे व दूसरे पक्ष के गोविंद, सूरज व उसका भाई परिवार सहित ईंट पथाई का काम करते हैं। सभी परिवार यहीं पर झोपड़ी बनाकर पास-पास ही रहते हैं। बुधवार की रात महेश, कल्लू, छोटे व दूसरे पक्ष के गोविंद व सूरज नारायण शराब पीकर आपस में गाली गलौज व मारपीट कर रहे थे। जिसमें महेश, कल्लू व छोटे ने लाठी से गोविंद नारायण अहिरवार के सर में मार दिया। जिससे गोविंद नारायण की मौके पर ही मौत हो गई है। भट्ठा मालिकों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। हत्या की खबर सुनकर पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय, कोतवाल अजय पाल सिंह मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके से सभी आरोपी फरार हैं। कई टीमें बनाकर दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### पुरुष व महिलाओं को इस देश में समान अधिकार

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अमगांव स्थित अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय में जागरूकता दिवस एवं युवा सप्ताह समापन के उपलक्ष में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी विष्णुप्रिया के निर्देशानुसार एचआईवी के बचाव एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। गुरुवार को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौरंगा के अधीक्षक डॉ भरत राजपूत ने बताया कि एचआईवी रोग एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम है। यह एक संक्रामक यौन रोग है। जिस वायरस से यह पैदा होता है, उसे ह्यूमन इम्यून डेफिशिएंसी वायरस अर्थात संक्षिप्त रूप में एचआईवी कहते हैं। इसके बाद सीएचसी राठ के सर्जन डॉ सत्येंद्र यादव ने महिला सशक्तिकरण के बारे में कहा कि पुरुष और महिलाओं को इस देश में समान अधिकार है। कार्यक्रम में के संयोजक नेहरू युवा केंद्र की एनवाईवी पीयूष कुमार सोनी ने बताया कि एचआईवी एड्स के बारे में हम सभी युवाओं को बहुत ही इस विषय के बारे में गहन चिंतन करना पड़ेगा। जिससे आज की युवा पीढ़ी बच सके इसके बाद सभी का आभार व्यक्त पीयूष कुमार सोनी ने किया। इस मौके पर विद्यालय के उप प्राचार्य शेख अहमद, मुकेश शास्त्री सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

### सत्रह दिन बाद दुष्कर्म करने के बाद की हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** बीते 17 दिन पहले जंगल में लकड़ी लेने गई महिला का शव खून से लथपथ अर्धनग्न अवस्था में मिला था। जिस पुलिस ने मृतक के पति की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज किया था। जबकि पति ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया था। आज पुलिस ने हत्यारोपी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्यारोपी के विरूद्ध दुष्कर्म सहित हत्या का मामला दर्ज किया है। मझगवां थाने के झिन्नावीरा गांव निवासी 33 वर्षीय प्रेम देवी एक जनवरी को जंगल में लकड़ी काटने के लिए गई थी। अगले दिन खून से लथपथ अर्धनग्न अवस्था में जंगल में उसका शव मिला था। उसके पति कालीचरण रैकवार ने अज्ञात लोगों पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने हत्या का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीमें लगाई। 17 दिन बाद मझगवां पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। मझगवां थानाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि एसआई तौफीक अहमद, हेड कांस्टेबिल बृजेंद्र कुमार ने गुरुवार को कुछेछा मोड़ से 28 वर्षीय करन सिंह पुत्र मोहन को गिरफ्तार किया है।

### दूसरी पत्नी संग मिलकर पति ने पहली को घर से निकाला

**फतेहपुर।** पति ने दूसरी पत्नी संग मिलकर पहली पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। थरियांव थाना क्षेत्र के मीसा गांव निवासी गीता देवी ने बताया कि उसकी शादी किशनपुर निवासी विमल प्रकाश के साथ हुई थी। पति ने दूसरी शादी कर ली। पति विमल प्रकाश, नंद रचना देवी, पारुल, कंचन, राधेश्याम आये दिन उसे प्रताड़ित करते थे। आरोपियों में मार पीट कर उसे घर से निकाल दिया। वह अपने मायके में आकर रहने लगी। थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों के टीकाकरण हेतु किया जागरूक

**जालौन (उरई)।** एसडीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर में डोर टू डोर जाकर लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। टीकाकरण न कराने वाले बच्चों के अभिभावकों को समझाने के लिए एसडीएम सना अख्तर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. सहन बिहारी गुप्ता एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ हरीपुरा मोहल्ले में डोर टू डोर पहुंची। जहां उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को टीकाकरण के फायदे बताकर बच्चों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उनसे कहा गया कि अगर उन्होंने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तथा टीके नहीं लगवाए तो उनकी सरकारी सहायता बंद कर दी जाएगी। इस संदर्भ में एसडीएम सना अख्तर ने बताया कि अभिभावकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया है। ताकि वह बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण कराएं।

### फांसी पर लटकी मिली विवाहिता, ससुराली जन मौके से फरार

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** मामला कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कटैया नगला मजरा पैथान का है। यहां आज एक महिला साड़ी के पल्लू से मकान के बरामदे में कुंडे पर लटकी हुई पाई गई। दी गई जानकारी के अनुसार यहां की निवासिनी 25 वर्षीय मोहिनी पत्नी बृजेश बहेलियां ने आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पता तब चला जब मृतका की सास फूलमती सवेरे जानवरों के लिए भूसा लेने उधर गई । जहां उसने मोहिनी को फांसी के फंदे पर झूलता हुआ देखा। इसके बाद ही मृतका का पति तथा दूसरे परिजन घर छोड़कर कहीं चले गए। मृतका अपने पीछे दो अनाथ बच्चों को छोड़ कर हमेशा के लिए इस दुनिया से चली गई। एक बच्चा 2 साल का आयुष है और दूसरा अबोध बच्चा अभी गोद में ही था। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 20 दिन पहले मोहिनी को खेतों में उसके पति के चचेरे भाई के साथ उसी के पति ने संदिग्ध हालत में देखा था। इस पर मारा.पीटा तो महिला ने कोई जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया था। उपचार के बाद हालत ठीक होने पर उसका पति उसे उसके मायके गांव रिऊली मजरा इटैली कानपुर देहात छोड़ आया था। जहां से मृतका अभी 2 दिन पहले ही यहां अपनी ससुराल आई थी। ग्रामीण बता रहे थे की गत रात्रि पति पत्नी दोनों में तीखी नोकझोंक हुई थी और आज सवेरे लगभग 7. 00 बजे उसका शव घर के बरामदे में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया।

# बैंकर्स योजनाओं पर ऋण देकर जनता को करें लाभान्वित

**संवाददाता।** कानपुर देहात

● अधिकारी योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष करें प्रगतिः जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई, बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को दिया जाए। उन्होंने ने केसीसी व अन्य ऋण, पीएम किसान योजना, केसीसी डेयरी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इण्डिया, बैंक देय वसूली आदि ऋण योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैंक ऑफ बड़ौदा व यूनियन बैंक में लाभार्थियों के फार्म लंबित पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा एसबीआई बैंक के कोई भी पदाधिकारी ना उपस्थित होने पर स्पष्टीकरण दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं मुद्रा लोन, स्टैण्डअप इण्डिया एवं ओडीओपी में उद्योग विभाग को निर्देशित किया कि बैंकों से समन्वय करते हुए तत्काल लंबित आवेदनों का निस्तारण कराएं और आवेदक को आवेदन के समय आवश्यक जानकारियां भी उपलब्ध कराएं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के ऋण स्वीकृत में भी सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से किसी भी ऋण आवेदनों को लंबित न रखा जाए और न ही अनावश्यक रूप से आपत्तियां लगाकर आवेदन वापस किए जाएं। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि बैंकों के प्रदर्शन के आधार पर उनका श्रेणीकरण करते हुए विवरण प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में सहयोग न करने वालों और ऋण स्वीकृत में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु शासन स्तर पर सूचित किया जाएगा। इसके पश्चात आरसेटी में चलाई जा रही योजनाओं में बैंकर्स द्वारा सहयोग कर ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को लोन उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## युवती समेत दो ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत युवती समेत दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर बनी है।

जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव निवासी स्व. महेश की 20 वर्षीय पुत्री पूजा ने आज दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार बकेवर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी चंद्रपाल का 26 वर्षीय पुत्र योगेंद्र कुमार ने पिता की डांट से क्षुब्ध जहर खाकर जान देने की कोशिश की। कुछ समय बाद जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# गैंगेस्टर में ब्लाक प्रमुख की कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

**संवाददाता।** फतेहपुर

**संरक्षित** पशुओं की तस्करी के मामले में कौड़ियार ब्लॉक प्रमुख मुजफ्फर की कोर्ट ने गैंगस्टर में जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उधर, मामले में अवैध तरीके से अर्जित की गई 2.65 करोड़ की संपत्ति के तहत संपत्ति कुर्क की जाएगी। सपा ब्लॉक प्रमुख करीब कई महीने से जेल में हैं। खागा कोतवाली पुलिस ने 2021 के पशु तस्करी, मुठभेड़ का प्रयागराज नवाबागंज थाना के चफरी निवासी मुजफ्फर और उसके भाई असलम, कौशांबी के अशारगंज निवासी मो. शोएब और जहानाबाद थाने के कछेवरा राजू पर मुकदमा दर्ज किया था। इसी मुकदमे में पुलिस द्वारा नौ सितंबर 2022 को चारों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। मामले में मुजफ्फर चार नवंबर को वाराणसी जेल से रिमांड पर फतेहपुर जेल आया। सहायक शासकीय अधिवक्ता अजमरजीत भारती ने बताया कि गैंगस्टर कोर्ट के जज अनिल कुमार ने मुजफ्फर की गैंगस्टर में जमानत खारिज की है। पशु तस्करी समेत कई धाराओं के मुजफ्फर पर 32 मुकदमे दर्ज हैं। इसका भाई असलम भी गैंगस्टर मुकदमे में हाजिर हुआ है। उसने भी गैंगस्टर में जमानत याचिका डाली है। इनका साथी राजू भी जेल में बंद हैं। तीसरा शोएब फरार चल रहा है। उसके खिलाफ विवेचक सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने एनबीडब्ल्यू वारंट जारी कराया है। विवेचक ने बताया कि एक माह पहले असलम की प्रयागराज डीएम ने 10 करोड़ की संपत्ति गैंगस्टर के तहत कुर्क की थी।

# बगैर प्लांट लगाये ही पुल निर्माण के औचित्य पर मुख्य अभियंता हुए हैरान

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

● सदर विधायक ने लोनिवि मुख्यालय में साक्ष्य सहित मौखिक शिकायत दर्ज करायी

**सदर** विधायक गौरीशंकर वर्मा द्वारा विगत दिवस जब निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां पर न तो मसाला मिश्रण का बड़ा प्लांट नहीं मिला और निर्माण कार्य छोटी मिक्सर मशीन से निर्माण कार्य कराने के साथ ही निर्माण कार्य में मानकों को ताक पर रखने के मामले में गुरुवार को सदर विधायक लखनऊ स्थित लोनिवि मुख्यालय में मुख्य अभियंता अरविंद जैन से मुलाकात की और उनको पुल निर्माण की सारी हकीकत साक्ष्यों के साथ बतायी। इस पर उन्होंने हैरानी जाहिर करते हुये कहा कि कार्यदायी संस्था ने जब अब तक अपना प्लांट ही बनाया तो पुल का निर्माण कैसे शुरू करा दिया। क्या इस बारे में जिला मुख्यालय के लोनिवि अधिकारियों ने मौके पर देखना भी जरूरी नहीं समझा। फिर निर्माण स्थल पर अवर अभियंता या जेई का मौजूद न रहता भी सवालियां निशान खड़ा करता है। मुख्य अभियंता ने स्पष्ट किया किसी भी पुल निर्माण के लिये कार्यदायी संस्था सबसे पहले प्लांट का निर्माण करती इसके बाद पुल निर्माण विभागीय अवर अभियंता, जेई की मौजूदगी में शुरू कराया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि छोटी मिक्सर मशीन से तो पुल का निर्माण कार्य कदापि नहीं कराया जा सकता है। फिलहाल तो समयाभाव के चलते सदर विधायक ने मुख्य अभियंता तो साक्ष्य व मौखिक शिकायत दर्ज करायी है। शुक्रवार को विधायक द्वारा बाकायदा लिखित शिकायत दर्ज करायी जायेगी ताकि लापरवाह कार्यदायी संस्था पर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके।

### ठेका लेने वाली कंपनी को किया जाए ब्लैकलिस्ट

**उरई।** दूरभाष पर हुई बातचीत के दौरान सदर विधायक ने कहा कि योगी सरकार की मंशा भ्रष्टाचार विरोधी है और हर किसी को ईमानदारी से काम करना चाहिए। पुल का निर्माण आम जनमानस के लिए हो रहा है , अगर कारदायी संस्था भ्रष्टाचार कर रही है व मानकों की अनदेखी कर रही है तो उसे तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए। गौरतलब है कि सरदार एंड संस नाम की फर्म के द्वारा पुल का निर्माण किया जा रहा है।

### मुख्य अभियंता अनिल जैन को दिए वीडियो साक्ष्य

**उरई।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मुख्य अभियंता को वीडियो साक्ष्य भी भेजे हैं और साथ ही पुल निर्माण की फोटो भी भेजी जिसके बाद मुख्य अभियंता द्वारा कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

## डीएम से जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग

**फतेहपुर।** सिलमी ग्राम के ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को संबोधित ज्ञापन देते हुए गांव के ही सरताज व अली मोहम्मद पर गोहत्या किये जाने का आरोप लगते हुए बताया कि गोहत्या की सूचना चौकी प्रभारी को देने के बाद पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर परेशान किया जा रहा है। डीएम को दिए शिकायत पत्र में 26 दिसंबर को गांव के सरताज व अली मोहम्मद निवासी सिलमी गढ़वा थाना किशनपुर पर गोहत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी सूचना चौकी प्रभारी को देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों द्वारा दबाव बनाने पर पुलिस ने ग्राम प्रधान उमेश चन्द्र व मुख्तार हुसैन समेत 25 लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। जबकि ग्राम उमेश चंद्र व मुख्तार आदि शिकायतकर्ता है परन्तु गोतस्करों की मिलीभगत के चलते पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं को ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए परेशान किया जा रहा है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कस्बे में इन दिनों भारी वाहनों से मिट्टी का अवैध खनन दिन और रात में लगातार जारी है, इसमें ट्रकों और ट्रैक्टरों को लगातार मिट्टी का खनन कर कस्बे में फर्राटा भरते हुए देखा जा सकता है। इसी क्रम में परछा गांव से मिट्टी लादकर आ रहे डंपर ने एक बाइक सवार को अरतरा चौराहे में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बाइक सहित सड़क पर गिर कर घायल हो गया। हालांकि समय की नजाकत को देखते हुए अवैध खनन करने वाले माफियाओं ने दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उचित मुआवजा देकर सुलहनामा कर लिया।

## दुष्कर्म में असफल ससुर ने बहू को की मारने की कोशिश, मुकदमा

**फतेहपुर।** बहू के साथ ससुर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। असफल होने पर तकिया से मुंह दबाकर हत्या की कोशिश की। महिला ने ससुर पर छेड़खानी और तीन ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला पहले डीएम, एसपी समेत कई अधिकारियों से प्रकरण की शिकायत की कर चुकी है। बांदा जिले के बबेरू थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी 28 जून 2020 सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज चौकी क्षेत्र में हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से पति, सास, ससुर और ननद दहेज की मांग को प्रताड़ित करने लगे। घर में अकेला होने पर ससुर ने कई बार अश्लील हरकत की व उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर तकिया से मुंह दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इसकी जानकारी पति और सास को दी। उन लोगों ने उल्टा उसे ही गाली गलौज की। करीब छह माह पहले घर से निकाल दिया। उसने 1090 और डीएम, एसपी से शिकायत की। कोई सुनवाई नहीं हो सकी।

# पुलिस की सक्रियता से धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिशें नाकाम

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

**कालपी** पुलिस की सक्रियता से शहर के अमन चौन में खलल डालने वालों के मंसूबे अधूरे ही रह गये पुलिस की मानें तो अदल सराय निवासी एक यादव परिवार के खेत में गाय घुस गई उन्होंने हांक दिया वह पड़ोस के किसी मुस्लिम भाई के खेत में चली गई उन्होंने भी हांक दिया। इसी बीच गाय के भागने पर उसे किसी तार की रगड़ से चोट आ गई जिसे कुछ शरारती लोगों ने ईश्यू बना दिया। फ़िलहाल जैसे ही पुलिस को भनक लगी मामले को संवेदनशील समझ कर काम किया और मामले की तह तक पहुंचा गया। फिलहाल पुलिस ने सभी को शांत करा दिया है और हिदायत भी दी है की शांति में खलल डालने वाले कोई भी हो बख्शे न जाएंगे! आपको बताते चलें कि गुरुवार को नगर के मोहल्ला अदल सराय में एक राय होकर मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा व्यक्तियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक इराज राजा समेत उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया है।

मोहल्ला अदल सराय निवासी शिवकुमार पुत्र दुलीचन्द ने कोतवाली कालपी में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि 19 जनवरी 2023 की सुबह 8 बजे खेत में चारा लेने जा रहा था। तभी आरोपियों अनजानी पुत्र कल्लू, सीनू पुत्र अब्दुल कारी, सद्दाम पुत्र अब्दुल कारी, नूर आलम पुत्र छुनना, शाहनवाज कुरेशी, अब्दुल कारी पुत्र अज्ञात निवासी गण मोहल्ला सराय कस्बा कालपी ने करबला के रास्ते में गेट के पास घेर लिया तथा कहने लगे तुम्हारे पुत्र ने कल की घटना के संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया है। इसी बात को लेकर आरोपी गण गाली गलौज करने लगे।

गाली बकने से रोकने पर लाठी-डंडों से मारपीट की शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गए तथा बीच-बचाव कराया गया। इस घटना में वादी तथा वादी की पत्नी को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज कराया है। वादी की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उक्त प्रकरण में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उक्त विवाद का तूल पकड़ने पर आनन-फानन में क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह समेत आसपास के थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधीक्षक इराज राजा, सीओ सिटी गिरीश कुमार त्रिपाठी पुलिस लाइन क्षेत्राधिकारी राम सिंह आदि उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया।

# न्यूजीलैंड की पीएम जेसिंडा अर्डर्न छोड़ेंगी पद

## ●अक्टूबर में होंगे आम चुनाव , 7 फरवरी तक रहेंगी प्रधानमंत्री

भाषा। वेलिंगटन



**न्यूजीलैंड की** प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपना पद छोड़ने जा रही हैं और अक्टूबर में देश में आम चुनाव होंगे। साढ़े पांच साल के कार्यकाल के बाद पद छोड़ने जा रहीं अर्डर्न ने नम आंखों के साथ नेपियर में पत्रकारों से कहा कि सात फरवरी बतौर प्रधानमंत्री उनका आखिरी दिन होगा। उन्होंने कहा, मेरे कार्यकाल का छठा वर्ष शुरू होने जा रहा है और बीते हर साल मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है।

उनके फैसले से करीब 50 लाख की आबादी वाला देश स्तब्ध रह गया। गोलीबारी के मामले और कोरोना वायरस महामारी से निपटने के अर्डर्न के प्रयासों के लिए दुनिया भर में उनकी सराहना हुई। हालांकि, देश में वह काफी राजनीतिक दबाव का सामना कर रही थीं और उन्होंने कुछ ऐसी चुनौतियों का सामना किया जिसका न्यूजीलैंड के नेताओं ने पूर्व में अनुभव नहीं किया। अर्डर्न ने घोषणा की है कि न्यूजीलैंड का अगला आम चुनाव 14 अक्टूबर को होगा और वह तब तक सांसद के रूप में काम करती रहेंगी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चुनाव तक प्रधानमंत्री पद कौन संभालेगा। उप प्रधानमंत्री ग्रांट रॉबर्टसन ने घोषणा की है कि वह लेबर पार्टी के नेतृत्व के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे। अब, लेबर पार्टी के सांसद रविवार को नए नेता के चुनाव के लिए मतदान करेंगे। अगर किसी भी उम्मीदवार को कम से कम दो-तिहाई समर्थन नहीं मिलता है, तो नेतृत्व की लड़ाई पार्टी के व्यापक सदस्यों के बीच जाएगी। अर्डर्न ने सिफारिश की है कि पार्टी सात फरवरी को उनके पद छोड़ने से पहले नए नेता का चुनाव कर ले। अर्डर्न ने अपने पद को कई विशेषाधिकारों से भरा लेकिन चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस भूमिका को निभाने के लिए हमेशा अप्रत्याशित चीजों के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं यह पद इसलिए नहीं छोड़ रही क्योंकि यह चुनौतियों से भरा है। अगर ऐसा होता तो प्रधानमंत्री बनने के दो महीने बाद ही मैंने पद छोड़ दिया होता। मैं यह पद इसलिए छोड़ रही हूं क्योंकि इससे मिलने वाले विशेषाधिकारों के साथ कई जिम्मेदारियां भी आती हैं। अर्डर्न ने कहा, जिम्मेदारी यह जानने की कि आप नेतृत्व करने के लिए कब सही व्यक्ति हैं और कब नहीं। मुझे पता है कि इस पद के लिए क्या चाहिए और मुझे पता है कि अब मेरे पास जज्बा नहीं है। यही असल बात है। महज 37 साल की उम्र में 2017 में न्यूजीलैंड में शीर्ष पद के लिए चुनाव जीतने के बाद वह दुनिया में महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गईं। 2018 में, अर्डर्न पद पर रहते हुए बच्चे को जन्म देने वाली दुनिया की दूसरी राष्ट्राध्यक्ष बनीं। उसी साल बाद में, वह अपनी बेटी को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर ले गईं। अर्डर्न को न्यूजीलैंड के इतिहास में सबसे कठिन समय का सामना करना पड़ा। मार्च 2019 में न्यूजीलैंड में एक श्वेत बंदूकधारी ने क्राइस्टचर्च में दो मस्जिदों पर हमला किया था और इस हमले में 51 लोग मारे गए थे, यह बड़ी घटना थी, लेकिन इसके बाद अर्डर्न ने जिस तरह से प्रभावितों और न्यूजीलैंड के मुस्लिम समुदाय का साथ दिया उसके लिए उनकी व्यापक रूप से सराहना की गई थी। न्यूजीलैंड के विपक्षी दल के नेता क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि अर्डर्न विश्व मंच पर देश के लिए एक मजबूत राजदूत रही हैं। लक्सन ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए कुछ भी नहीं बदला है और वह न्यूजीलैंड के लोगों के लिए काम करने वाली सरकार देने को लेकर चुनाव जीतने का इरादा रखती है। अर्डर्न की उदारवादी लेबर पार्टी ने दो साल पहले चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी लेकिन हाल के चुनाव में उनकी पार्टी को उनके रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वियों ने पछाड़ दिया था। अर्डर्न ने जिस तरह से वैश्विक महामारी से निपटने के लिए कदम उठाए।

# जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से यूक्रेन में हथियारों की आपूर्ति को तेज करने का आग्रह किया



भाषा। कीव

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी सेना के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा में मदद करने के लिए कुछ पश्चिमी देशों से पर्याप्त टैंक नहीं मिलने पर अपनी निराशा जाहिर की है। जेलेंस्की ने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक सभा के इतर एक वार्ता में टैंक भेजने में हिचकिचाहट के लिए जर्मनी, पोलैंड और अमेरिका जैसे यूक्रेन के महत्वपूर्ण समर्थक देशों की परोक्ष रूप से आलोचना की। वीडियो लिंक के जरिए संबोधन में जेलेंस्की ने विशिष्ट हथियारों की कमी पर अफसोस जताया और कहा कि केवल मनोबल और प्रोत्साहन के साथ युद्ध नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा, मैं अपने भागीदारों से सहायता के लिए उन्हें फिर से धन्यवाद देना चाहता हूं। लेकिन साथ ही, हमें किसी के कहने पर संकोच नहीं करना चाहिए या हमें तुलना नहीं करनी चाहिए कि कोई और भी अपने टैंक साझा करेगा तो मैं टैंक दूंगा। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि ईरान निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल समेत लक्षित रूसी हमलों के मद्देनजर हवाई रक्षा हमारी कमजोरी रही है और यूक्रेनी क्षेत्र में रूसी सेना पर पलटवार के लिए लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों की जरूरत है। यूक्रेन महीनों से यूएस अब्राम्स और जर्मनी निर्मित लेपर्ड-दो टैंक समेत भारी टैंक की आपूर्ति करने की मांग कर रहा है लेकिन पश्चिमी देशों के नेता सावधानी पूर्वक कदम उठा रहे हैं। ब्रिटेन ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वह यूक्रेन को चैलेंजर-2 टैंक भेजेगा। वहीं फ्रांस ने कहा है कि वह यूक्रेन को एएमएक्स-10 आरसी बख्तरबंद लड़ाकू वाहन भेजेगा।

## साइबर हमला वैश्विक खतरा, वैश्विक प्रतिक्रिया की जरूरतः इंटरपोल

**दावोस।** दावोस में डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में प्रमुख विषय के रूप में उभरे साइबर सुरक्षा पर इंटरपोल के महासचिव जुर्गन स्टॉक ने बुधवार को कहा कि साइबर हमले विश्व स्तर पर खतरा पैदा कर सकते हैं जिसके लिए वैश्विक प्रतिक्रिया की जरूरत है। विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान जारी एक नए सर्वेक्षण के अनुसार 91 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि अगले दो वर्षों में कम से कम कुछ हद तक विनाशकारी साइबर घटना होने की संभावना है। सत्रों के दौरान विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि साइबर हमले तेजी से बढ़ रहे हैं। जैसे आर्थिक और भू-राजनीतिक अस्थिरता नए साल में फैलती है, उसी के मद्देनजर विशेषज्ञों ने यह भी भविष्यवाणी की कि 2023 साइबर सुरक्षा के लिए एक परिणामी वर्ष होगा।

## यूएमएल की पार्टी के घिमिरे नेपाल की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष चुने गए

**काठमांडू।** नेपाल की सीपीएन-यूएमएल पार्टी के नेता देव राज घिमिरे बृहस्पतिवार को प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष चुने गए। उन्हें 167 सांसदों का समर्थन मिला। प्रतिनिधि सभा (एचओआर) की बैठक में घिमिरे के पक्ष में 167 वोट पड़े जबकि विपक्ष में 100 वोट पड़े। इस 275 सदस्यीय निचले सदन में जीत के लिए केवल 138 मतों की आवश्यकता थी। सबसे वरिष्ठ सांसद पशुपति शमशेर राणा ने अध्यक्ष के रूप में बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, मैं घोषणा करता हूं कि घिमिरे को अध्यक्ष चुने जाने संबंधी प्रस्ताव को बहुमत से समर्थन मिल गया है।

## अगले महीने चीन के दौरे पर जाएंगे ब्लिंकन : अमेरिकी विदेश मंत्रालय

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले महीने की शुरुआत में चीन की यात्रा करेंगे और उनकी यात्रा के विवरण पर काम किया जा रहा है। एक अधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बुधवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब विदेश मंत्री बीजिंग का दौरा करेंगे तो उत्तर कोरिया द्वारा हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे के क्षेत्र के लिए खड़ी की जा रही चुनौतियां चर्चा के लिए एजेंडे में होंगी। प्राइस ने संवाददाताओं से कहा, विदेश मंत्री ने कहा है कि वह इस वर्ष की शुरुआत में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की यात्रा करेंगे। अब जबकि 2023 की शुरुआत हो गई है, मैं उम्मीद कर रहा कि विदेश मंत्री को अगले महीने बीजिंग की यात्रा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, यात्रा के लिए विवरण पर काम किया जा रहा है। ब्लिंकन की चीन यात्रा की तारीखों की घोषणा हालांकि अभी नहीं की गई है, पर पोलिटिको की एक खबर में कहा गया है कि उनके 5 और 6 फरवरी को बीजिंग में होने की संभावना है।

# पश्चिमी मीडिया पर बिफरा चीन, पक्षपात का आरोप

## ● कोविड-19 कवरेज में पूर्वाग्रह दिखाया

भाषा। बीजिंग



बीजिंग में मरीजों को दवा चढ़ाते अस्पताल कर्मी

**चीन ने अपनी** शून्य कोविड नीति को अचानक खत्म किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को कुछ पश्चिमी मीडिया पर पक्षपात, कीचड़ उछालने और राजनीतिक जोड़-तोड़ का आरोप लगाया। चीन ने रणनीति में बदलाव की तैयारी के लिए की गई कार्रवाइयों का जोरदार बचाव किया। सामूहिक परीक्षण और पृथकवास को समाप्त करने के लिए दिसंबर में उठाए गए कदम से मामलों में तेजी से वृद्धि हुई। अस्पतालों और श्मशानों में पीड़ितों की भीड़ देखने को मिली थी। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली के एक संपादकीय में यह रेखांकित किया गया है कि इसे चीन का अनुकूलन और नियंत्रण उपाय कहा जाता है। इसमें मीडिया प्रतिष्ठानों द्वारा खबरों की यह कहते हुए आलोचना की गई है कि वे उन खबरों की पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण प्रचार, कीचड़ उछालने और गुप्त उद्देश्यों के साथ राजनीतिक हेरफेर करने वाले समाचार के तौर पर पहचान करने में विफल रहीं। नए मामलों की शुरुआती लहर के बाद से, चीन के अधिकांश हिस्सों में जीवन काफी हद तक सामान्य हो गया है। अधिकारियों ने हालांकि लूनर न्यू ईयर के मौके पर यात्रा करने वालों की भीड़ के मद्देनजर ग्रामीण इलाकों में वायरस के और प्रसार को लेकर चिंता व्यक्त की है। संपादकीय में कहा गया कि इसके बावजूद कई इलाके महामारी के चरम को पार कर चुके हैं, और उत्पादन और जीवन सामान्य होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। शून्य कोविड रणनीति संक्रमण के हर मामले का पता लगाने और पृथकवास पर जोर देती है। यह उन लोगों को भी पृथकवास में रखने की मांग करती है जो संक्रमितों के साथ किसी भी रूप में संपर्क में आए थे। इस नीति के चलते शंघाई जैसे शहरों में लाखों लोगों को दो महीने या उससे अधिक समय के लिए अपने घरों में पृथकवास में रहना पड़ा और उनमें से कई को भोजन की कमी व स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच न होने के हालात का सामना करना पड़ा। चीन ने दृढ़ता से नीति का बचाव किया लेकिन आर्थिक दबाव और बीजिंग व अन्य प्रमुख शहरों में सत्ताधारी पार्टी और उसके नेता शी चिनफिंग की निंदा करते हुए किए गए विरोध प्रदर्शनों के बाद इसे खत्म करना शुरू कर दिया।

# इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में फलस्तीनी शिक्षक और उग्रवादी को गोली मारी, मौत

भाषा। रामल्लाह (वेस्ट बैंक)

**इजराइली सैनिकों** ने अपने कब्जे वाले इलाके वेस्ट बैंक में बृहस्पतिवार को तड़के एक सैन्य अभियान के दौरान एक फलस्तीनी शिक्षक और एक उग्रवादी को गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। फलस्तीनी अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हमले में मारे गए लोगों की पहचान जावेद बावक्ता (57) और अदहम जबरीन (28) के रूप में की गई है। उन्हें उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर में गोली मार दी गई। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा के अनुसार जावेद बावक्ता माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक थे और उनके छह बच्चे हैं। सशस्त्र समूह अल-अक्सा शहीदों की ब्रिगेड ने दावा किया कि अदहम जबरीन एक लड़ाका था।

# इजराइल के उच्चतम न्यायालय ने गृह मंत्री आर्येह डेरी को अयोग्य घोषित किया

**यरुशलम।** इजराइल के उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को फैसला सुनाया कि देश की नई सरकार के प्रमुख सदस्य आर्येह डेरी मंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते। इस फैसले ने इजराइल में अदालतों की शक्ति को लेकर विवादों को गहरा कर दिया और यह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के समक्ष भी एक संकट खड़ा कर सकता है। अदालत ने कहा कि अति-रूढ़िवादी शास पार्टी के प्रमुख आर्येह डेरी को कर अपराधों के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद मंत्री के रूप में अयोग्य घोषित किया किया जाता है। हालांकि डेरी ने पद न छोड़ने की बात कही थी। नेतन्याहू को अब यह तय करना होगा कि क्या वह अदालत के फैसले का पालन करते हुए अपने करीबी सहयोगी डेरी को कैबिनेट से निष्कासित करते हैं या न्यायिक प्रणाली के साथ विवाद को और बढ़ाते हुए इस फैसले की अवहेलना करते हैं।

**सार्वजनिक नोटिस**

मेरे व्यवहारी की सूचना व हिदायत पर निम्न सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि मैसर्स जायसवाल लैम्प इन्डस्ट्रीज का पंजीकृत कार्यालय बी-291 सी, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली-110015 में है और फर्म प्लॉट नं0-08, सेक्टर-09, नोएडा गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0-201301 में स्थित है। फर्म का पंजीकरण नम्बर 1355/82, एक पार्टनरशिप फर्म है, जो पार्टनरशिप फर्मों के रजिस्टार, दिल्ली में पंजीकृत है, जिसमे दो पार्टनर श्रीमती रेशम कुमारी जायसवाल पत्नी स्व0 श्री बुद्धिराम गुप्ता, निवासी -बी-291 सी, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली-110015 और श्री विजय कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 बुद्धिराम गुप्ता, निवासी-ए-102, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली -110015 जिसमें से श्रीमती रेशम कुमार जायसवाल अपने शेयर्स को अपने पोते श्री सुमित जायसवाल पुत्र श्री राज कुमार जायसवाल, निवासी-बी-291 सी, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली-110015 को हस्तान्तरित करने के लिए तैयार है।

और दूसरे पार्टनर श्री विजय कुमार जायसवाल भी अपने सगे भाई श्री राज कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 श्री बुद्धिराम गुप्ता, निवासी-बी-291 सी, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली-110015 को अपना हिस्सा हस्तान्तरित करने के लिए सहमत है। मेरे व्यवहारी द्वारा सूचित किया गया है कि उस पर कोई लेनदारी, बैंक खाता, सरकारी या गैर सरकारी विभाग का कोई बकाया नही है।

अतः द्वारा सार्वजनिक नोटिस सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होती है तो 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में सूचित करे।

नोटिस देहिन्दा

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| CG10F3825, | DL9CS0635, | DL4SAV0326, |
| DL1CW6125, | HR03R0006, | DL6SB0963, |
| DL9CB3572, | HR26AN2998, | DL4SL7655, |
| DL9CL1004, | DL1CAD8629, | DL1LA2401, |
| HR55F3878, | DL2CAG0856, | DL1LF1542, |
| DL8CG6470, | DL3CAQ8258, | DL8SAC4649, |
| DL9CQS1930, | DL4CAV0920, | DL1S6060, |
| DL2CR3613, | DL9CD8874, | DL8SW1746, |
| DL3CAL5045, | DL3CN7136, | DL8SH9178, |
| DL4CN4675, | DL9CF0786, | DL8SAF6766, |
| MA3EED81- | DL3CY8361, | DL4SAM6243, |
| S00383856, | DL6CD7388, | DDN8543, |
| DL2CR0934, | DL9CH1701, | DL4SW8128, |
| HP38G2631, | GJ01BY6290, | GJ6NN2964, |
| DL4CAA9439, | HR26BT9276, | DL5SN6574, |
| HR20J3533, | DL2CM3412, | DL4SAU3140, |
| DL3CAJ7371, | DL4CAE1801, | DL3SAK8060, |
| DL8CE5083, | UK03C2056, | DL8SM8224, |
| DL3CAQ3859, | DL3CAQ3803, | UP78E8244, |
| DL4CAG6531, | DL3CU1041, | UA07N9423, |
| DL6CH7418, | DL2CZ2728, | DL6SAB0233, |
| DL1CAE8108, | DL3CAQ4975, | DL1SG7936, |
| DL3CM2829, | DL2CH6340, | HR24B1223, |
| DL6SM0055, | HR26Y7801, | DIP6589, |
| DL7CC2404, | CH01AM0541, | DL8SAJ5998, |
| DNH3877, | HR26AZ6580, | DL6SD5063, |
| DL6CG9375, | DL2CM8524, | DL8SAE4573, |
| DL9CM3806, | DL2CAD8310, | DL8SZ8040, |
| DL8CQ0457, | DL3CAK3099, | BR1L9689, |
| DL3CBJ7567, | DL3CAG1139, | DL8SAB0927, |
| DL1LS6568, | UP78BA0009, | DL8SG9523, |
| DL8CNB2453, | DL4CP7398, | PYX5848, |
| DL4CAE1448, | DL9CX7458, | DL8SS0614, |
| DL4CAA1341, | DL4CS9049, | DND2800, |
| DL9CE6209, | DL8CN8574, | PB10AG7728, |
| DL4CAP5918, | DL2CAF9453, | C06CG240689, |
| DL4CAG3392, | DL9CP5985, | K00FM442176, |
| DL4CR2535, | DL8CR0376, | DL4SAU3663, |
| MAKGD852- | DL3CAE2374, | DL4SBE0151, |
| J6N355943, | DL4CAE9084, | DL6SC5705, |
| JK02AR5959, | DL8CQ0911, | HR51S7743, |
| DL8CH3376, | DL3CBY1014, | DL4SAJ7657, |
| DED5832, | DL9SF5698, | DL4SAG9969, |
| DL3CAP8217, | DL4SD2427, | DL6SK8394, |
| HR26M7005, | DL4SF4816, | DL4SAF4891, |
| DL7CF0608, | DBQ8117, | DL3SAA4226, |
| DL9CL1573, | BEF3157, | DNK3880, |
| DL9CP4574, | DL4SX9629, | DL4SAK0713, |
| DL3CN1007, | DL9SQ5878, | DL6SX8246, |
| UP34U8100, | PB03K6450, | DL4SAM5484, |
| DL3CAL3710, | DDP2883, | DL5SB0163, |
| DL8CN1251, | MP09LE5609, | DL8SG0267, |
| DL2CAL9027, | DL4SAR7990, | DL4SNA1312, |
| MP09NR0009, | DL1LF5053, | DL4SBE4897, |
| CH03Y5005, | DL1LC2307, | DL4SAP2766, |
| DL2CQ0166, | DL1LD1261, | DL7SAE8418, |
| DL8CN4031, | DDL4219, | DL4SAU3902, |
| MA3EYD32- | DL4SAL6321, | UP80B8427, |
| S00773545, | DL2SK6717, | DL4SAG5096, |
| HR26AC3491, | DL4SAM2761, | UMI8192, |
| DL4CNA3971, | DL4SAS7508, | DL8SS9806, |
| DL8CG3561, | DL6SF6873, | DAD9578, |
| DL6CF2792, | DL7SAA6774, | DL8SNA5492, |
| DL6CL3680, | DL6SR8128, | DL8SAJ6818, |
| DL3CAY2656, | UP15A0138, | DL8SAK3829, |
| DL2CW5842, | DL6SV4168, | DL8SAJ5476, |
| DNJ3282, | DL4SAH1084, | DL8SA5064, |
| DL3CBA0198, | DL1LF8626, | RJ23SB7282, |
| DL11CB0700, | DL4SM0455, | DL5SM7753, |
| DL2FHS0013, | DL6SS2481, | DL4SBD0846, |
| DL3CAP5158, | DL4SBC2207, | DL6SS2942, |
| DL9CG9875, | DL6SW1771, | DL8SW5443, |
| DL2FFW0038, | DL7SK4305, | DL8SAJ7481, |
| DL2CD7115, | DL4SAW5957, | DL8SK7530, |
| DL9CN2096, | DL4SV5853, | DL8SAE9275, |
| DL4CAA1779, | DL4SAB4547, | DL8SAL0230, |
| DL3CBC0793, | DL4SAH7518, | DL7SBB0739, |
| DL3CH6656, | DL4SAM0674, | DL8SAJ4650, |
| DL8CQ0774, | RJ1447M3484 | KA01U9000, |
| DL8CW6801, | DL4SAU5019, | HR20U3750, |
| PB10AE0030, | DL4SAM6795, | DL4CR3336, |
| HR26AF8611, | DL4SBA1074, | DL5CM5555, |
| DL9CJ2751, | DL6SE2541, | DL9CQS8074 |


# जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह से मुलाकात की



भाषा। माले

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात की और दोनों नेता हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा परियोजना के शिलान्यास समारोह में संयुक्त रूप से शामिल हुए। जयशंकर मालदीव और श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर ने समारोह में कहा कि हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा विकास परियोजना की शुरुआत मजबूत भारत-मालदीव विकास साझेदारी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उन्होंने ट्वीट किया, मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें व्यक्तिगत बधाई दी। हमारे द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का आकलन किया गया, जिसमें परिवर्तनकारी परियोजनाएं सामने आईं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा विकास परियोजना के शिलान्यास समारोह में राष्ट्रपति सोलिह, उनके मंत्रियों और स्थानीय नेताओं के साथ शामिल हुए। जयशंकर ने कहा कि मालदीव के साथ भारत की साझेदारी एक दूसरे के कल्याण और हितों के लिए मिलकर काम करने के उद्देश्य पर आधारित है।

## आर्मीनिया के सैन्य अड्डे पर आग लगने से 15 सैनिकों की मौत

भाषा। एरेवान

**आर्मीनिया** के एक सैन्य अड्डे पर बृहस्पतिवार तड़के आग लगने से कम से कम 15 सैनिकों की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पूर्वी आर्मीनिया के गेघारकुनिक प्रांत के अज़त गांव में स्थित एक बैरक में आग लगी। मंत्रालय के मुताबिक, इस घटना में सात सैनिक जख्मी हुए हैं और उनमें से तीन की हालत गंभीर है। आर्मीनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापिकियान ने कैबिनेट की एक बैठक में कहा कि सैनिक स्टोव जलाने के लिए गैसोलीन का इस्तेमाल कर रहे थे जिस वजह से आग लगी। इस घटना को लेकर आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान ने क्षेत्र में बल के एक समूह के प्रभारी जनरल वग्राम ग्रिगोरयान को बर्खास्त कर दिया है। अभियोजक ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गेघारकुनिक क्षेत्र की सीमा अजरबैजान से लगती है। अजरबैजान और आर्मीनिया का नगोनो-काराबख को लेकर दशकों से विवाद है।

**ICICI Bank** | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि राजेश शर्मा/राखी शर्मा (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00002388147 तथा पता फ्लैट नंबर डी-104, कैपिटल गेटवे, सेक्टर-11, गुरूग्राम के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 17 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि केएनएस इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 20 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

**ICICI Bank** | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि श्री बोन्था सुरेश बाबू/थोगतिदहान्थि (THOGATIDAHAYANTHI) (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002374553 तथा पता टी-1/ए-114, "एनसीआर, मोनार्क", प्लॉट-जीएय-02सी, सेक्टर-01, ग्रेटर नोएडा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 17 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जेएसएस बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 21 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता/-

# प्रचंड ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों से मुलाकात की

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने पोखरा शहर में यति एयरलाइन के विमान हादसे में मारे गए लोगों के शोक संतप्त परिवारों से बृहस्पतिवार को मुलाकात की। प्रचंड पीड़ित परिवारों से मिलने त्रिभुवन विश्वविद्यालय प्रशिक्षण अस्पताल पहुंचे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने अस्पताल के अधिकारियों से वैज्ञानिक प्रक्रिया का उपयोग कर शवों की पहचान में तेजी लाने और शवों को जल्द से जल्द परिजनों को सौंपने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री सचिवालय के अनुसार, प्रधानमंत्री प्रचंड ने अस्पताल के अधिकारियों से कहा कि वे मृतकों की पहचान जल्दी पूरी करने के लिए सरकार से आवश्यक सहायता मांगें। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पहचान के लिए रखे गए शवों का भी निरीक्षण किया। नेपाल की सबसे भीषण घरेलू विमान दुर्घटनाओं में से एक यह हादसा 15 जनवरी को हुआ जिसमें काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद यति एयरलाइंस का एक विमान उतरने से से कुछ मिनट पहले ही पोखरा में पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के दौरान विमान में 53 नेपाली यात्री और पांच भारतीयों सहित 15 विदेशी नागरिक और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। भारतीय उत्तर प्रदेश के थे जिनकी पहचान अभिषेक (25), विशाल(22), अनिल कुमार (27), सोनू (35) और संजय जायसवाल के रूप में हुई है।

हादसे में मारे गए 71 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि एक अन्य की तलाश जारी है। नेपाली सेना के प्रवक्ता नारायण सिलवाल ने बताया कि बृहस्पतिवार को सेना ने राहत एवं खोज कार्य का विस्तार पड़ोसी जिलों नवलपरासी और चितवन जिलों के नदी क्षेत्रों तक किया।

## यति एयरलाइंस विमान हादसे की वजह फ्लैप का पूरा नहीं खुलना हो सकता हैः रिपोर्ट

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हुए यति एयरलाइंस के विमान के पायलट लैंडिंग का प्रयास करते समय विंग फ्लैप को पूरी तरह से खोलने में विफल रहे होंगे, जिससे यह स्थिर हो गया होगा। मीडिया की एक खबर में विशेषज्ञों के हवाले से यह दावा किया गया है। नेपाल में पिछले 30 साल में सबसे भीषण विमान दुर्घटना में 15 जनवरी को, यति एयरलाइंस का विमान पोखरा में नव-निर्मित हवाई अड्डे के पास एक खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच भारतीयों सहित 72 लोगों की मौत हो गई। अखबार काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, उतरते समय विमान में कम गति पर अधिक नियंत्रण प्रदान करने और रुकने से रोकने के लिए पंखों के पीछे फ्लैप पूरी तरह से नीचे होता है। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या ब्लैक बॉक्स की जांच के बाद ही दुर्घटना के सही कारण का पता चल पाएगा।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धर्मिंदर सिंह/ बलविंदर कौर/ QZNOD00005025587 | प्रॉपर्टी नंबर डी-72/ए, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंज़िल, खसरा नंबर 23, गाँव नंगली जालिब, कृष्णा पार्क, गली नंबर 6, दिल्ली 100023/ जनवरी 17, 2023 | जुलाई 30, 2022 ₹ 16,06,918/- | दिल्ली |
| 2. | मोहन सुखीजा/ गीता सुखीजा/ QZGUR00005003351 | प्रॉपर्टी नंबर Rz- B-39, दूसरी मंज़िल बिना छत के, केएच नंबर 189, गाँव- बिंदापुर इंद्रा पार्क, पूर्वी उत्तम नगर, नई दिल्ली/ जनवरी 17, 2023 | अगस्त 31, 2022 ₹ 10,23,922/- | दिल्ली |
| 3. | महेश कुमार/ अनीता कुमारी/ QZJNK00004998737 | ई-12/1 और ई-12/2, पहली मंज़िल बैक साइड (आरएचएस), बिना छत के अधिकार, खसरा नंबर 561, गाँव नवादा मजरा हस्तसाल, ब्लॉक-ई, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली, नई दिल्ली 110059/ जनवरी 17, 2023 | अप्रैल 01, 2022 ₹ 21,47,785/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 20, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में करोड़ों रुपए की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**भाषा।** यादगिर/कलबुर्गी



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने बृहस्पतिवार को उत्तर कर्नाटक में करोड़ों रूपए के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर राज्य के मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की। इस कदम से प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा को लगभग तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में उतरने से पहले अपने समीकरणों को साधने का एक अवसर मिल गया। पिछले दस से भी कम दिनों में यह कर्नाटक का प्रधानमंत्री का दूसरा दौरा है। इससे पहले वह 12 जनवरी को हुब्बल्लि आए थे और वहां राष्ट्रीय युवा महोत्सव को संबोधित करने के अलावा उन्होंने एक रोड शो भी किया था। प्रधानमंत्री के ए दौरे महत्वपूर्ण हैं क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा कर्नाटक में मई में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है और उसने कुल 224 में से कम से कम 150 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। मोदी ने अपने भाषणों के केंद्र में विकास को रखा लेकिन साथ ही बगैर किसी का नाम लिए उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना भी साधा और उन पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया। मोदी का दौरा और क्षेत्र में भाजपा सरकार की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह इलाका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के प्रभाव वाला है। कलबुर्गी उनका गृह शहर है। भाजपा इस इलाके में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। कांग्रेस का आज भी इस इलाके में खासा प्रभाव है।

साल 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इस क्षेत्र की 22 सीटों पर सफलता मिली थी जबकि भाजपा दूसरे स्थान पर थी। जनता दल (सेक्यूलर) ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली कर्नाटक जनता पार्टी को तीन सीटों पर जीत हासिल हुई थी। बाद में एदियुरप्पा की पार्टी का भाजपा में विलय हो गया। उससे पहले, 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 19, भाजपा ने 15 और जद (एस) ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। प्रधानमंत्री ने कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया और फिर दोपहर में कलबुर्गी में घुमंतू लंबानी (बंजारा) जनजाति के 52,000 से अधिक सदस्यों के लिए जमीन का मालिकाना हक देने वाले हक्कू पत्र वितरण अभियान की शुरुआत की।

मोदी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने यादगिर और उत्तरी कर्नाटक के आसपास के इलाकों को पिछड़ा घोषित कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया था लेकिन उनकी सरकार ने यादगिर सहित देश के 100 से अधिक जिलों में आकांक्षी जिला कार्यक्रम शुरू किया। इस क्षेत्र के विकास में पिछड़ने का कारण यह है कि यहां की पिछली सरकारों ने पिछड़ेपन से छुटकारा दिलाने के बारे में सोचा ही नहीं। इसके (विकास) प्रति प्रयास करना तो दूर की बात है। जब बिजली, सड़क और पानी के बुनियादी ढांचे में निवेश करने का समय था, तब सत्ता में रहने वाली पार्टियों ने वोट बैंक की राजनीति को प्राथमिकता दी। किसी पार्टी या सरकार का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि हर परियोजना और कार्यक्रमों को एक चश्मे से देखा गया कि कैसे एक विशेष समुदाय के वोटों को सिर्फ एक मजबूत वोट बैंक में परिवर्तित किया जाए तथा इसका सबसे बड़ा नुकसान कर्नाटक और इस क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा, हमने इन जिलों में सुशासन पर बल दिया है। विकास के पैमाने पर काम शुरू किया है। जिन जिलों को पहले की सरकारों ने पिछड़ा घोषित किया, उन जिलों में हमने विकास की आकांक्षा को प्रोत्साहित किया। पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता वोट बैंक की राजनीति थी लेकिन हमारी प्राथमिकता विकास है। प्रधानमंत्री ने कई विकास योजनाओं व कार्यक्रमों का उल्लेख किया और कहा कि राज्य की जनता देख सकती है कि उन्हें डबल इंजन सरकार का कितना फायदा मिल रहा है। वह जब केंद्र की सत्ता में आए थे तब देश में केवल तीन करोड़ ग्रामीण मकान ऐसे थे जहां नल से जल की आपूर्ति होती थी लेकिन अब ऐसे 11 करोड़ ग्रामीण घर हैं। हर घर नल से जल अभियान को सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, डबल इंजन सरकार यानी दोगुना कल्याण, डबल इंजन सरकार यानी दोगुना विकास।

## मोदी ने मुंबई मेट्रो ट्रेन में यात्रा की

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की नई सेवाओं का उद्घाटन करने के बाद बृहस्पतिवार शाम मुंबई में मेट्रो ट्रेन में यात्रा की। उन्होंने गुंदावली और मोगरा स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रेन में यात्रा की और युवाओं, महिलाओं और मेट्रो रेल कर्मचारियों के एक समूह के साथ बातचीत की। ए दो स्टेशन मेट्रो लाइन 7 फेज 2 का हिस्सा हैं, जिसका उद्घाटन उनके द्वारा किया गया था। यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस प्रधानमंत्री के साथ थे। मोदी ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में एमएमआरडीए मैदान में आयोजित एक समारोह में लगभग 12,600 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित मुंबई मेट्रो रेल लाइन 2ए और 7 का उद्घाटन किया।

## बंगाल में पीएम आवास योजना और मनरेगा के लिए निर्धारित रकम में हेराफेरी : नड्डा

**बेथुआडहरी (पश्चिम बंगाल)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह मनरेगा और पीएम आवास योजना के लिए निर्धारित रकम में हेराफेरी कर रही है। उन्होंने उन अरोपों को आधारहीन करार दिया जिनमें कहा गया है कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को अनुदान राशि देना बंद कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष पद के लिए मिले सेवा विस्तार के बाद पहली बार बंगाल दौरे पर पहुंचे नड्डा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख को सुझाव दिया कि वह संविधान के नियमों के अनुरूप काम करें या फिर जनता के आक्रोश का सामना करें। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, पश्चिम बंगाल में मनरेगा और पीएम आवास योजना के लिए निर्धारित केंद्रीय रकम में सत्ताधारी तृणमूल द्वारा हेराफेरी की जा रही है। अब यह केंद्र पर राज्य को पैसा भेजना बंद करने का आरोप लगा रही है, क्योंकि जांच शुरू की गई है। कुछ निर्णयों के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायीलय में वकीलों के आंदोलन का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा, यह शर्मनाक है कि तृणमूल कांग्रेस न्यायपालिका का विरोध कर रही है क्योंकि कुछ निर्णय उसके पक्ष में नहीं हुए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून यानी मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में एक वित्त वर्ष में 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान है।

## द्रमुक ने तमिझगम पर राज्यपाल रवि के स्पष्टीकरण को खारिज किया

**चेन्नई।** सत्तारूढ़ द्रमुक ने यहां तमिझगम पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया और दावा किया कि उनका इरादा उसे एक विभाजनकारी पार्टी के रूप में पेश करना था। द्रमुक ने कहा कि इसके अलावा जो व्यक्ति राज्यपाल पद पर हैं, उनके पास तमिलनाडु या इसकी संस्कृति या भाषा पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। यहां राजभवन द्वारा जारी विज्ञप्ति पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए द्रमुक प्रवक्ता टी.के.एस. इलंगोवनने कहा, मुझे नहीं पता कि उनका (राज्यपाल) इरादा नाम बदलने का सुझाव देना था या नहीं, लेकिन उनका इरादा द्रमुक को एक विभाजनकारी पार्टी के रूप में पेश करना था। उन्होंने आरोप लगाया कि वह (राज्यपाल) द्रमुक को एक अलग देश के लिए लड़ने वाली ताकत के रूप में चित्रित करना चाहते थे। इलंगोवन ने कहा, पर ए सच नहीं है। हमने अलग राष्ट्र की मांग नहीं की है, बल्कि प्रशासनिक कारणों से राज्य को और अधिकार देने की मांग की है।

रवि ने चार जनवरी, 2023 को राजभवन में काशी तमिल संगमम के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में दोनों स्थानों के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा करते हुए तमिझगम शब्द का उल्लेख किया था। इसे लेकर उन्हें द्रमुक के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा था। राजभवन द्वारा जारी एक प्रेस नोट में बुधवार को रवि को उद्धृत करते हुए कहा गया, उन दिनों, कोई तमिलनाडु नहीं था। इसलिए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ में मैंने तमिझगम शब्द को अधिक उपयुक्त अभिव्यक्ति के रूप में संदर्भित किया। काशी के साथ तमिल लोगों के सदियों पुराने सांस्कृतिक जुड़ाव का जश्न मनाने के लिए एक महीने तक आयोजित यह उत्सव हाल में संपन्न हुआ। रवि ने कहा, यह धारणा या अनुमान कि यह तमिलनाडु का नाम बदलने का सुझाव था, गलत और संदर्भ से परे है। मेरे भाषण के आधार को समझे बिना, यह तर्क दिया गया कि राज्यपाल तमिलनाडु शब्द के खिलाफ हैं। यह चर्चा का विषय बन गया है। इसलिए, मैं इसे समाप्त करने के लिए यह स्पष्टीकरण दे रहा हूं। द्रमुक के आयोजन सचिव आर.एस. भारती ने स्पष्टीकरण को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि राज्यपाल के पास तमिलनाडु, इसकी संस्कृति या भाषा के बारे में टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

## उच्च न्यायालय ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चार सदस्यों की याचिका पर एनआईए से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार सदस्यों की उस याचिका पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जवाब मांगा, जिसमें आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं को शामिल करने और प्रशिक्षण के एक मामले में उम्रकैद की सजा को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने चार अलग-अलग याचिकाओं पर नोटिस जारी किया और एनआईए से अपना जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत मामले की अगली सुनवाई मार्च में करेगी। 28 नवंबर, 2022 को यहां की एक निचली अदालत ने बिलाल अहमद मीर, सज्जाद अहमद खान, मुजफ्फर अहमद भट और मेहराज उद दीन चोपन को दोषी ठहराए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इश्फाक अहमद भट को भी आजीवन कारावास और तनवीर अहमद गनी को पांच साल कैद की सजा सुनाई गई है।



जोशीमठ में बिल्डिंग में दरार आने से असुरक्षित मार्केट ढहाते हुए वर्कर।

## क्विक न्यूज

### ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित नीलमणि फूकन का निधन

**गुवाहाटी।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मशहूर असमी साहित्यकार नीलमणि फूकन का बृहस्पतिवार को अधिक उम्र संबंधी बीमारियों के कारण यहां निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री है। फूकन को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद बुधवार को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें गौहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मशहूर कवि के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, काव्य ऋषि नीलमणि फूकन उज्ज्वल साहित्यिक सितारों में से एक थे, जिन्होंने असमी साहित्य को समृद्ध किया और उनके योगदान को सदा याद किया जाएगा। शर्मा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताते हुए कहा कि उनके निधन से ऐसी क्षति हुई है जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूकन का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। फूकन को साहित्य में उनके समग्र योगदान के लिए वर्ष 2021 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया था। वह बीरेंद्रनाथ भट्टाचार्य और मामोनी (इंदिरा) रायसम गोस्वामी के बाद असम में ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले तीसरे व्यक्ति थे। फूकन को उनके काव्य संग्रह कविता के लिए 1981 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 1990 में पद्म श्री और 2002 में साहित्य अकादमी फेलोशिप प्रदान किया गया। काव्य ऋषि की उपाधि से सम्मानित फूकन का जन्म और पालन-पोषण ऊपरी असम के शहर डेरगांव में हुआ। उन पर प्रकृति, कला और भारतीय शास्त्रीय संगीत का गहरा प्रभाव था।

### अनुब्रत मंडल की हिरासत तीन फरवरी तक बढ़ाई

**कोलकाता।** आसनसोल में एक विशेष सीबीआई अदालत ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय एजेंसी के अनुरोध पर टीएमसी के नेता अनुब्रत मंडल की न्यायिक हिरासत तीन फरवरी तक बढ़ा दी। मंडल को पशु तस्करी मामले में पिछले साल अगस्त मे गिरफ्तार किया गया था। मंडल के वकील ने अदालत में पेशी के दौरान उनकी जमानत के लिए अनुरोध नही किया। सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश ने जांच एजेंसी के अनुरोध पर टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष की न्यायिक हिरासत तीन फरवरी तक बढ़ा दी। सीबीआई के जांच अधिकारी ने अदालत को जांच की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि इस सिलसिले में कई बैंक खातों की जांच की जा रही है। जांच के संबंध में एजेंसी पहले ही बीरभूम जिला सहकारी बैंक की सूरी शाखा मे कई खातो पर रोक लगा चुकी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने चार जनवरी को मंडल की जमानत अर्जी इस आधार पर खारिज कर दी थी वह एक शक्तिशाली राजनीतिक पद पर बने हुए हैं और न केवल समाज में बल्कि राज्य प्रशासन पर भी उनका काफी प्रभाव है। मंडल के वकील ने उच्च न्यायालय के समक्ष दावा किया था कि यह दिखाने के लिए कानूनी रूप से कोई स्वीकार्य सामग्री एकत्र नही की गई है कि वह अपराध में साजिशकर्ता थे और यह धारणा गलत है कि वह गवाहो को धमकाने तथा न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करेंगे।

### भारत ने पाकिस्तान से पाक उच्चायोग परिसर में भारतीय महिला के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच को कहा

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान से एक भारतीय महिला के पाकिस्तानी उच्चायोग परिसर में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किए जाने के आरोप की जांच करने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पंजाब से एक महिला प्रोफेसर ने दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात एक अधिकारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होने वहां के एक अधिकारी पर अश्लील बात कहने एवं अभद्र शब्दावली का प्रयोग करने, कई आपत्तिजनक प्रश्न पूछने सहित यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओ से कहा कि विदेश मंत्रालय ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा, हमने इस मुद्दे को पाकिस्तानी अधिकारियों के समक्ष उठाया है और इस मामले की जांच करने को कहा है। बागची ने कहा कि हमने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के उस बयान को भी देखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि वे इस मामले को देख रहे है।

### विदेश मंत्रालय 23 जनवरी को आयोजित करेगा तृतीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति व्याख्यान

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय 23 जनवरी को तृतीय अटल बिहारी वाजपेई स्मृति व्याख्यान का आयोजन कर रहा है। यह व्याख्यान सिंगापुर के विदेश मंत्रालय के पूर्व स्थाई सचिव बिल्हारी कौशिकन देंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं को बताया कि इस व्याख्यान का विषय वैश्विक अनिश्चितता का भविष्य है और इसमे विदेश मंत्री एस जयशंकर मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति मे किया जाता है जिन्होंने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप मे भारत की विदेश नीति को आगे बढ़ाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## उत्तर भारत में अगले पांच दिन शीतलहर की संभावना नहीं : मौसम विभाग

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार को शीतलहर का प्रकोप रहा जबकि अगले पांच दिन शीतलहर चलने की संभावना नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार को दक्षिण हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग और बिहार के कुछ इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बना रहा। उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ भागों और पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के दूरदराज के हिस्सों में न्यूनतम तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने एक बयान में कहा, अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत में शीतलहर की संभावना नहीं है। बयान में कहा गया, एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 20 जनवरी की रात से 26 जनवरी तक पश्चिमी हिमालई क्षेत्र और 23 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित कर सकता है।

## सचिन पायलट ने राजे पर लगाए गए आरोपों पर कार्रवाई नहीं होने पर प्रश्न उठाया

**जयपुर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए सरकार से सवाल किया कि पिछले विस चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा सामूहिक रूप से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर लगाए गए आरोपों पर राज्य की मौजूदा सरकार ने पिछले चार वर्ष में कार्रवाई क्यों नहीं की ? पायलट ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेता, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर झूठे आरोप लगाते हैं.. उनके खिलाफ मामले दर्ज किए जाते हैं और उन्हें प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया जाता है और उनका अपमान किया जाता है, भाजपा नेता जो भ्रष्टाचार में लिप्त थे, राज्य की कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं करती है।

यह लगातार चौथा दिन है जब पायलट ने राज्य की अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली अपनी पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पायलट ने कहा कि जब वह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष थे और कांग्रेस विपक्ष में थी, तो उन्होंने वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को उजागर किया था और कांग्रेस पार्टी ने राजे के खिलाफ सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, कोई कार्वाई नहीं हुई। पाली की सादड़ी में एक किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा, केन्द्र में बैठी सरकार हमारे नेताओं के खिलाफ झूठे आरोप लगाती है.. राहुल, सोनिया पर केस (मामला दर्ज) कर दिया ईडी का, इनकम टैक्स का.. उनको पूछताछ के लिए बुलाया जाता है.. गांधी परिवार ने शहादत दी है देश के लिए..उन तमाम नेताओं को भाजपा के नेता जो दिल्ली बैठे हैं, उनको परेशान करने का काम करते हैं। उनकी सुरक्षा छीन लेते हैं, उन पर झूठे केस (मामले) दर्ज करके के अपमानित करने का काम करते हैं। राजस्थान में हमारी सरकार भाजपा के उन नेताओं के खिलाफ क्यों कार्यवाही नहीं करती जो भ्रष्टाचार में लिप्त थे, जिन पर हमने सबने मिलकर आरोप लगाए थे। 30 साल में पांच साल सरकार भाजपा और फिर पांच साल सरकार कांग्रेस की और कांग्रेस की सरकार दोबारा बनाने के लिए हमको आपको मिलकर मेहनत करनी पड़ेगी और जो लोग प्रदेश में भ्रष्टाचार में लिप्त रहे भाजपा के कार्यकाल में, आप सब जानते हो.. जमीन के घोटाले हुए, बजरी के घोटाले हुए, शराब के घोटाले हुए, भूमाफिया पनप गए थे और जो लोग देश छोड़कर भाग गए.. ललित मोदी जो विदेश में बैठे है, उनका नाम जिन लोगों के साथ जुड़ा था उन पर कार्वाई होनी चाहिए। मैं प्रतिशोध की भावना से काम नहीं करना चाहता हूं.. बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए लेकिन जिन लोगों के भ्रष्टाचार को बेनकाब करके हम सत्ता में आए थे उन लोगों से हिसाब तो लेना पडेगा।

## पाक से सामान्य पड़ोसियों जैसे संबंध चाहते है इसके लिए आतंक मुक्त माहौल चाहिए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्विपक्षीय बतचीत की पेशकश करने के कुछ ही दिन बाद भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसियों जैसे संबंध चाहता है, लेकिन इसके लिए आतंकवाद और हिंसा से मुक्त वातावरण होना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी उस वक्त की जब उनसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा पिछले सप्ताह कश्मीर सहित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत की पेशकश के बारे में पूछा गया था। बागची ने कहा, हमने यह (पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की) टिप्पणी देखी है, लेकिन इसके बाद वहां के पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) ने कुछ और कहा। इसके कुछ दिनों पहले वहां के कुछ नेताओं ने भी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसियों जैसे संबंध चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उपयुक्त माहौल होना चाहिए, जो आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त हो।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को दुबई स्थित अल अरबिया समाचार चैनल के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कश्मीर सहित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के साथ गंभीर बातचीत की पेशकश की थी। शरीफ ने कहा था, भारतीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मेरा संदेश है कि आइए, हम बातचीत की मेज पर बैठें और कश्मीर जैसे ज्वलंत मुद्दों के हल के लिए गंभीरता से बातचीत करें। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान और भारत पड़ोसी देश हैं और उन्हें एक दूसरे के साथ ही रहना है। हालांकि, इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा था कि कश्मीर पर 2019 में उठाए गए कदम को वापस लिए बिना भारत के साथ बातचीत संभव नहीं है।

## भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करने पहुंचे फारूक अब्दुल्ला

**लखनपुर (जम्मू कश्मीर)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और पार्टी के वरिष्ठ नेतागण बृहस्पतिवार को राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर में दाखिल होने पर उनका स्वागत करने पहुंचे। सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा अंतिम चरण में बृहस्पतिवार शाम पठानकोट-पंजाब के रास्ते लखनपुर में प्रवेश कर गई। नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक नेता ने कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कई वाहनों में यात्रा में शामिल होने के लिए निकले। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला (85), कई पूर्व मंत्रियों और विधायकों तथा वरिष्ठ नेताओं के साथ जम्मू में अपने भटिंडी आवास से दोपहर करीब 1.30 बजे कठुआ रवाना हुए। बस शाम करीब चार बजे जम्मू से करीब 90 किलोमीटर दूर कठुआ पहुंची और अब्दुल्ला सीधे पूर्व मंत्री लाल सिंह के आवास पहुंचे।

अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, मैं यात्रा में शामिल होने के उनके (लाल सिंह के) फैसले से खुश हूं क्योंकि विविधता में एकता हमारी ताकत है...हमें नफरत को पीछे छोड़ना होगा और देश को एक साथ आगे ले जाना होगा। अब्दुल्ला ने कहा कि यात्रा देश के फायदे के लिए है और यदि मैं युवा होता, तो मैं यात्रा की शुरुआत से ही राहुल गांधी के साथ चलता। मैं उम्रदराज हूं और लगातार नहीं चल सकता। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली में यात्रा में शामिल हुआ, यहां (लखनपुर) में शामिल हो रहा हूं और जब यह जम्मू और घाटी में पहुंचेगी तब भी मैं इसमें शामिल होऊंगा।

उन्होंने कहा, वे (भाजपा) कह रहे हैं कि स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। सुरक्षा स्थिति के लिए गृह मंत्रालय जिम्मेदार है। निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चुनाव में देरी लोकतंत्र पर हमला है। बहरहाल, यात्रा में शामिल होने के लिए बुजुर्गों समेत आम लोग भी आए हुए हैं। लखनपुर में यात्रा का स्वागत करने के लिए बुजुर्ग पूरन चंद और मोहम्मद इस्माइल अपने घरों से कई किलोमीटर पैदल चलकर आए। चंद (87) ने कहा, मैं यहां राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए आया हूं, जिन्होंने पदयात्रा शुरू की है। चंद ने कहा कि वह कांग्रेस नेता की एक झलक पाने के लिए अपने आवास से चार किलोमीटर पैदल चले, क्योंकि उन्हें लगा कि वह बहुत शानदार काम कर रहे हैं। कांग्रेस का प्रतिबद्ध कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले इस्माइल (85) ने कहा कि वह कार्यक्रम स्थल से 2.5 किमी दूर करोदा गांव से यात्रा का हिस्सा बनने आए हैं। उन्होंने कहा, मैं सुबह जल्दी निकल गया और शाम को लौटने से पहले अपने नेता (गांधी) से मिलने तक रुकूंगा। वह सही रास्ते पर हैं और भगवान उनके मिशन में मदद करेंगे।

## कांग्रेस ने विप चुनाव में बगावत करने वाले सत्यजीत ताम्बे को निलंबित किया

**मुंबई।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधान परिषद के आगामी चुनाव में नासिक मंडल की स्नातक सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले सत्यजीत ताम्बे को बृहस्पतिवार को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया। पार्टी ने रविवार को उनके पिता और विधान पार्षद (एमएलसी) सुधीर ताम्बे को भी पार्टी से निलंबित कर दिया था, क्योंकि उन्होंने नासिक मंडल की स्नातक सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के महासचिव देवानंद पवार की ओर से सत्यजीत ताम्बे को भेजे पत्र में कहा गया है, आपने महाराष्ट्र विधान परिषद के नासिक मंडल के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनावों में विद्रोह किया है। यह पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन है।

पत्र में कहा गया है, प्रदेश (कांग्रेस) अध्यक्ष नाना पटोले के आदेशानुसार आपको छह साल के लिए पार्टी से निलंबित किया गया है। इससे पहले दिन में पटोले ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जिन्हें महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन समर्थन देगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि गठबंधन चुनाव जीतेगा। एमवीए में कांग्रेस के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) शामिल है। विधान परिषद के पांच सदस्यों का कार्यकाल सात फरवरी को खत्म हो रहा है। इनमें दो सदस्य स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से हैं जबकि तीन शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने यह भी कहा कि एमवीए नासिक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में शुभांगी पाटिल (निर्दलीय), कोंकण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में बलराम पाटिल (निर्दलीय), औरंगाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में विक्रम काले (राकांपा), नागपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में सुधाकर अदबले (निर्दलीय) और अमरावती स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में धीरज लिंगाडे (कांग्रेस) का समर्थन करेगा।

## मैं मुख्यमंत्री मान का सम्मान करता हूं, लेकिन पंजाब का शासन दिल्ली से नहीं चलना चाहिए: राहुल गांधी

**पठानकोट (पंजाब)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसे रिमोट कंट्रोल से चलाया जा रहा है। वायनाड से सांसद ने आप पर पिछले साल हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में विज्ञापनों पर पंजाब की धनराशि खर्च करने का आरोप लगाया। पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में यहां एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री मान का सम्मान करते हैं लेकिन कहा कि पंजाब का शासन सिर्फ पंजाब से चलना चाहिए, दिल्ली से नहीं। पिछले दिनों होशियारपुर की जनसभा में दिए गए अपने संबोधन का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा, मैंने भगवंत मानजी से कहा कि वह पंजाब का शासन रिमोट कंट्रोल से ना चलने दें। मैंने कोई साधारण बात नहीं कही है। उन्होंने कहा, आप मेरे साथ लोकसभा में बैठे हैं (जब मान लोकसभा सदस्य हुआ करते थे)। आपमें और अरविंद केजरीवाल जी में बहुत फर्क है। मैं आपका सम्मान करता हूं और मैं कांग्रेस पार्टी के मंच से यह कह रहा हूं। लेकिन पंजाब का शासन दिल्ली से नहीं चलना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा के दौरान उन्होंने पंजाब की नई आप नीत सरकार के बारे में एक किसान से पूछा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि उसका जवाब था कि यह रिमोट कंट्रोल से चलने वाली सरकार है। उन्होंने कहा, मुझे यह पसंद नहीं आया। यह अलग बात है कि कांग्रेस आप के खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने कहा, ....जब मैंने किसान से रिमोट कंट्रोल का मतलब पूछा तो उन्होंने कहा (आप सांसद) राघव चड्ढा। फिर तो यह सही नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की जनता का धन पिछले साल हुए गुजरात विधानसभा चुनावों में विज्ञापनों पर खर्च हुआ है। उन्होंने कहा, यह गलत है। यह पंजाब की जनता का धन है। होशियारपुर में 16 जनवरी को राहुल गांधी ने कहा था कि मान को किसी के रिमोट कंट्रोल से नहीं चलना चाहिए और उन्हें स्वतंत्र रूप से राज्य का शासन चलाना चाहिए। उनके इस बयान पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने बड़ी तीखी प्रतिक्रिया दी थी। मान ने राहुल गांधी से कहा था कि उन्हें जनता ने मुख्यमंत्री बनाया है। उन्होंने अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से अचानक हटाकर उनके साथ किए गए अपमान को याद दिलाया। भारत जोड़ो यात्रा का पंजाब चरण बृहस्पतिवार को समाप्त हो रहा है और अब यात्रा जम्मू में प्रवेश करेगी। यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई और 30 जनवरी को श्रीनगर में राहुल गांधी द्वारा तिरंगा फहराए जाने के साथ समाप्त होगी। राहुल गांधी नीत भारत जोड़ो यात्रा अभी तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से होते हुए पंजाब पहुंची है।

# भारत जीता पर आसान नहीं क्वॉटर फाइनल की राह

## विश्व कपः वेल्स को 4-2 से हराया

## अंतिम आठ में पहुंचने के लिए क्रॉस-ओवर में न्यूजीलैंड से होगा सामना

भाषा। भुवनेश्वर

भारतीय टीम ने लचर प्रदर्शन के बावजूद गुरूवार को यहां पूल के अपने अंतिम मैच में वेल्स को 4-2 से हराया लेकिन एफआईएच हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे क्वालीफाई नहीं कर सकी। भारत अंतिम आठ के लिए अब भी क्वालीफाई कर सकता है लेकिन उसे रविवार को अपने क्रॉस-ओवर मैच में न्यूजीलैंड को हराना होगा। भारत ने शमशेर सिंह (21वें मिनट) और आकाशदीप सिंह (32वें मिनट) की बदौलत 2-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन वेल्स ने दो मिनट के अंदर दो गोल दागकर घरेलू टीम को चौंका दिया। वेल्स के दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए जिसमें गैरेथ फर्लोंग (42वें मिनट) और जैकब ड्रेपर (44वें मिनट) ने गोल कर अपनी टीम को 2-2 की बराबरी पर पहुंचाया। आकाशदीप ने 45वें मिनट में शानदार



मैदानी गोल कर भारत को बचाया और फिर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत को क्वार्टरफाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लिए आठ गोल से जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन टीम उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी और पूल डी में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर रही। भारत और इंग्लैंड दोनों के दो जीत और एक ड्रा से तीन तीन मैचों में सात सात अंक रहे। लेकिन यूरोपीय टीम बेहतर गोल अंतर की बदौलत पूल डी में शीर्ष पर रही। इंग्लैंड ने इससे पहले पूल डी के मैच में स्पेन को 4-0 से हराया। उसका गोल अंतर प्लस नौ भारत के चार की तुलना में बेहतर रहा। जब दोनों टीमों के समान अंक हों और दोनों ने समान मैच जीते हों तो रैंकिंग का फैसला गोल अंतर से होता है। भारत रविवार को अपने क्रॉस-ओवर (एक ग्रुप की दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम दूसरे ग्रुप की तीसरे नंबर की टीम से भिड़े) मैच पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम (न्यूजीलैंड) से भिड़ेगा। इंग्लैंड की टीम 25 जनवरी को पूल ए की दूसरे और पूल बी की तीसरे स्थान की टीम के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी। पूल ए और पूल बी के अंतिम दौर के मैच राउरकेला में शुक्रवार को खेले जाएंगे। तेज हवा और 20 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच खचाखच भरे कलिंग स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने टूर्नामेंट में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया।

भारत ने पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाया लेकिन उसकी गोल करने की समस्या लगातार दूसरे मैच में भी जारी रही। पांचवीं रैंकिंग की भारतीय टीम को सात पेनल्टी कॉर्नर मिले और कम से कम छह बार गोल करने के मौके मिले लेकिन उनके स्ट्राइकरों ने ज्यादातर मौके गंवा दिए।
वहीं 14वीं रैंकिंग की वेल्स की रक्षात्मक पंक्ति ने भारत के लगातार हमलों के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। मैच का पहला मौका पहले ही मिनट में मंदीप सिंह को मिला लेकिन उनका रिवर्स प्रयास वेल्स के गोलकीपर ने रोक दिया। नौंवे मिनट में एक और रिवर्स शॉट नीलकांत शर्मा की स्टिक से निकला लेकिन वेल्स के डिफेंडरों ने इसे विफल किया। वेल्स के खिलाड़ी 13वें मिनट में भारतीय सर्कल में पहुंचे लेकिन रोड्री फर्लोंग का क्रास किसी खिलाड़ी की स्टिक को नहीं छू सका। कुछ सेकेंड बाद मंदीप ने वेल्स के सर्कल के ऊपर से कोशिश की लेकिन गोलकीपर ने फिर भारत को पहले क्वार्टर में गोल करने मौका छीन लिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह की कमजोर ड्रैग फ्लिक ने कोई परेशानी नहीं दी। मंदीप ने दूसरे क्वार्टर के सातवें मिनट में भारत को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर दिलाया।

## क्वार्टरफाइनल में पहुंची नीदरलैंड

### मलेशिया ने न्यूजीलैंड को हराकर चौंकाया



**भुवनेश्वर।** तीन बार के चैम्पियन नीदरलैंड ने पदार्पण कर रहे चिली पर गुरुवार को यहां 14-0 की रिकॉर्ड जीत से एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में सीधे क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि मलेशिया ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर उलटफेर करते हुए पूल सी में दूसरा स्थान हासिल किया। नीदरलैंड पूल सी मे तीन मैचो मे तीन जीत से नौ अंक लेकर शीर्ष पर रहा जबकि मलेशिया ने दो जीत से छह अंक जुटाकर दूसरा स्थान हासिल किया। दिन के दूसरे मैच मे दुनिया की तीसरे नंबर की टीम नीदरलैंड ने 23वीं रैंकिंग के खिलाफ इच्छानुसार गोल कर विश्व कप मैच मे सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की। हॉकी विश्व कप मे सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इससे पहले दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया के नाम था जिसने नई दिल्ली मे दक्षिण अफ्रीका को 12-0 से मात दी थी। तीन बार विश्व कप जीत चुकी और पिछले दो चरण मे उप विजेता रही नीदरलैंड ने 18 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और छह को गोल मे तब्दील किया। चिली ने महज दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन (छठे, 29वें, 34वें, 44वें मिनट) और कप्तान थियरी ब्रिकमैन (25वें, 33वें, 58वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई जबकि कोन बिजेन (40वें, 45वें मिनट) ने दो गोल दागे। डर्क डि विल्डर (22वें), थिस वान डैम (23वें), टेरांस पीटर्स (37वें), जस्टेन ब्लोक (42वें) और टेयून बेस (48वें) ने टीम के लिए एक एक गोल किया। जानसेन के चारो गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए। इससे पहले मलेशिया के स्टार खिलाड़ी फैजल सारी (आठवें, 56वें मिनट) ने दो जबकि राजी रहीम ने 42वें मिनट मे पेनल्टी कॉर्नर को गोल मे बदला। इससे पूल सी के अन्य मैच मे 11वें नंबर की मलेशिया ने नौवे नंबर की न्यूजीलैंड को 3-2 से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड के लिए हेडन फिलिप्स ने 51वें और सैमन लैन ने 52वें मिनट मे गोल किए। इससे टीम पूल सी मे महज एक जीत दर्ज कर तीसरे स्थान पर रही। चिली कोई मैच नही जीत पाई। नीदरलैंड ने अंतिम आठ दौर के लिए सीधे क्वालीफाई किया। मलेशिया और न्यूजीलैंड क्वार्टरफाइनल मे जगह बनाने के लिए क्रॉसओवर मैच खेलेंगे। चार पूल से शीर्ष टीमें सीधे अंतिम आठ मे जगह बनाएंगी।

# मेरे पास सिर्फ विश्व कप पदक नही, इस बार जीतने की उम्मीद : श्रीजेश

भाषा। भुवनेश्वर



**भारतीय पुरूष** हॉकी टीम के स्टार गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने अपने 17 साल लंबे चमकदार करियर में लगभग हर उपलब्धि हासिल कर ली है, बस इसमें विश्व कप पदक की कमी है और वह इस बार यहां घरेलू सरजमीं पर चल रहे इस टूर्नामेंट में अपने इस सपने को पूरा करना चाहते हैं। श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में भारत के ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत में बड़ी भूमिका अदा की थी। टीम भुवनेश्वर और राउरकेला में चल रहे विश्व कप में 48 साल बाद पोडियम स्थान हासिल करने की उम्मीद लगाए है। भारत ने अपना एकमात्र विश्व कप पदक (स्वर्ण पदक) कुआलालंपुर में 1975 चरण में के रूप में जीता था। श्रीजेश ने पीटीआई से कहा, यह (विश्व कप पदक) ही एकमात्र पदक है जो मेरी कैबिनेट में नहीं है। भारतीय टीम पोडियम स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और यह पदक जीतना मेरा सपना है। अगर हम ऐसा करते हैं तो मैं भी कह सकता हूं कि मेरे पास ओलंपिक और विश्व कप के पदक हैं। श्रीजेश 2006 में पदार्पण के बाद से 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और वह सभी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पदक जीत चुके हैं। वह 2014 और 2018 में एशियाई खेलें में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। राष्ट्रमंडल खेलों (2014 और 2022) में रजत पदक जीतने वाली टीम में भी वह शामिल थे। 2016 और 2018 में चैम्पियंस ट्राफी में रजत पदक जीतने के अलावा वह 2011, 2016 और 2018 में एशियाई चैम्पियंस ट्राफी में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। वह तीन बार के ओलंपियन हैं और अब यहां अपना चौथा विश्व कप खेल रहे हैं। तोक्यो ओलंपिक पदक जीतने वाली टीम के कुछ सदस्य जैसे बीरेंद्र लाकड़ा और रूपिंदर पाल सिंह तब से संन्यास ले चुके हैं। उनके बारे में बात करते हुए श्रीजेश ने कहा, हर ओलंपिक चक्र में कोच काफी खिलाड़ियों को बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वे (कोच) अगले चार साल की योजना बनाने लगते हैं।

### पंजाब ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी जीती

**कोयंबटूर।** पंजाब अंडर-16 टीम ने गुरुवार को यहां फाइनल में मध्य प्रदेश अंडर-16 को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर विजय मर्चेंट ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता जीती। हरभजन सिंह की तरह गेंदबाजी करने वाले 14 वर्षीय ऑफ स्पिनर अनमोल जीत सिंह ने मैच में 11 विकेट लिए। मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 162 रन बनाए। अनमोल जीत ने 64 रन देकर छह विकेट हासिल किए।

### भारत दौरे से बाहर किए जाने से जम्पा की को गहरा झटका लगाः हस्सी

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हस्सी का मानना है कि एडम जम्पा को भारत में बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला से बाहर करने से इस ऑफ स्पिनर की टेस्ट महत्वकांक्षाओं को करारा झटका लगा होगा। हस्सी ने गुरुवार को सेन रेडियो से कहा, उसने (जम्पा) ने बिग बैश लीग शुरू होने से पहले विक्टोरिया के खिलाफ न्यू साउथ वेल्स के लिए लाल गेंद का शील्ड मैच खेला था और उसमें उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की थी।

### हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कहा

**सर्रे।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दिया है जिससे दो दशक के उनके सुनहरे कैरियर पर विराम लग गया। चार साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 39 वर्ष के अमला ने इंग्लिश काउंटी टीम सर्रे को इसकी पुष्टि की। सर्रे ने ट्वीट किया , हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दिया। उन्होने अपना कैरियर खत्म होने का ऐलान किया है। सर्रे की ओर से हम उन्हे धन्यवाद देते है।

### मार्शल के फिट होने की उम्मीद

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के स्टार हरफनमौला मिशेल मार्श ने टखने के आपरेशन के बाद भारत के खिलाफ मार्च मे होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले वापसी का लक्ष्य तय किया है। पिछले साल टी20 विश्व कप से वह टखने की तकलीफ से जूझ रहे थे और दिसंबर मे बिग बैश लीग भी नही खेल सके। अब वह फिट होने की राह पर है और भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला तक फिट हो सकते है। उन्होंने फॉक्स क्रिकेट से कहा , आज पहली बार दौड़ा। वापसी करके अच्छा लग रहा था। यह कठिन भी था और आसान भी।

### अभ्यास मैच नहीं खेलने से आस्ट्रेलिया को हो सकती है परेशानीः हीली

**मेलबर्न।** पूर्व आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर इयान हीली फॉर्म मे चल रहे उस्मान ख्वाजा की राय से सहमत नही है कि भारत मे नौ फरवरी से शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के लिए अभ्यास मैचों की जरूरत नही है। आस्ट्रेलियाई टीम नागपुर मे शुरूआती टेस्ट से पहले भारत मे एक भी अभ्यास मैच नही खेलेगी और दौरा करने वाली टीम के सदस्य ख्वाजा ने हाल मे कहा कि इससे उपमहाद्वीप मे स्पिन विकेटों पर टीम को कोई नुकसान नही होगा।

### मुंबई सिटी का अजेय अभियान जारी

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने गुरुवार को यहां नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 4-0 से करारी शिकस्त देकर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे अपना अजेय अभियान जारी रखा। मुंबई सिटी मे पिछले 15 मैचों से कोई मैच नही गंवाया है।

# सेन और साइना हारकर बाहर





## सात्विक-चिराग हटे, इंडिया ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त


भाषा। नई दिल्ली

**मौजूदा चैंपियन लक्ष्य** सेन को गुरुवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में डेनमार्क के विश्व में 20वें नंबर के खिलाड़ी रासमस गेम्के से हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन यहां आईजी स्टेडियम में शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें एक घंटे 21 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में गेम्के से 21-16, 15-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले, पुरुष युगल में मौजूदा चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को टूर्नामेंट से हटना पड़ा। सात्विक का कूल्हा चोटिल होने के कारण उन्होंने यह फैसला किया। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल की भी ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई के सामने एक नहीं चली और वह महज 32 मिनट में 9-21, 12-21 से हार गई जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी खत्म हो गई। इससे पहले महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली भी प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग शु जियान और झेंग यू से 9-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गईं। कृष्ण प्रसाद गरगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी भी चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से केवल 33 मिनट में 14-21 10-21 से हार गई। गेम्के के खिलाफ सेन को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले गेम्के के खिलाफ दोनों में जीते थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी ने अच्छा खेल दिखाया। दोनों खिलाड़ियों ने शुरू में अच्छा खेल दिखाया तथा एक समय स्कोर 9-9 से बराबरी पर था। सेन ने इसके बाद कुछ अच्छे स्मैश जमा कर 17-12 से बढ़त हासिल कर ली। सेन को इसके बाद छह गेम प्वाइंट मिले जिसमें से तीसरे पर उन्होंने पहला गेम अपने नाम किया।

# मनिका-साथियान की मिश्रित युगल जोड़ी सेमीफाइनल में

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर

भाषा। दोहा



**जी साथियान** और मनिका बत्रा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने गुरूवार को यहां मारिया जियाओ और अल्वारो रोबल्स की दुनिया की नौंवे नंबर की स्पेनिश जोड़ी को 3-0 से हराकर डब्ल्यूटीटी कंटेंडर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 11-9 11-9 11-5 से जीत दर्ज करने में 24 मिनट से भी कम समय लिया। अब अंतिम चार में उनका सामना कोरिया के लिम जोंगहून और शिन युबिन की जोड़ी (दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी) से होगा। दूसरा सेमीफाइनल चीन की कुआई मान और लिन शिडोंग की जोड़ी तथा हांगकांग की वोंग चुन टिंग और डू होई केम की जोड़ी के बीच होगा।

# जोकोविच जीते, सबालेंका भी तीसरे दौर में

## आस्ट्रेलिया ओपन

भाषा। मेलबर्न





**सर्बियाई स्टार** नोवाक जोकोविच ने गुरूवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन में फ्रांस के क्वालीफायर एंजो कोयूआकॉड पर जीत से तीसरे दौर में जगह बनाई। मेलबर्न पार्क में 10वीं ट्राफी हासिल करने की कोशिश में जुटे 21 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच ने 191वीं रैंकिंग के कोयूऑकॉड को 6-1, 6-7 (5), 6-2, 6-0 से हराया। उन्हें दूसरे सेट के दौरान मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा जिसमें उनके दाएं पैर पर पट्टियां बांधी गई जिससे वह यह सेट गंवा बैठे। लेकिन मैच जीतने में सफल रहे। यह जोकोविच की आस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार 23वीं जीत थी जबकि पिछले साल वह कोविड-19 की वैक्सीन नहीं लेने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। अब जोकोविच का सामना अगले दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त रफेल नडाल के बाद दूसरी वरीयता वाले कैस्पर रूड भी दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार हो गए जिन्हें 22 वर्ष के जेंसन ब्रूक्सबी ने हराया। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज ब्रूक्सबी ने यह मुकाबला 6-3, 7-5, 6-7, 6-2 से जीता। इसी कोर्ट पर बुधवार को मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने गत चैम्पियन नडाल को हराया था। ब्रूक्सबी ने आस्ट्रेलियाई ओपन में पदार्पण किया है जो उन्हें पिछले साल ही करना था लेकिन आस्ट्रेलिया रवाना होने से एक दिन पहले वह कोरोना संक्रमण का शिकार हो गए थे। रूड पिछले साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में उपविजेता रहे थे। बेन शेल्टन, टॉमी पॉल और जेजे वोल्फ भी तीसरे दौर में पहुंच गए। शेल्टन ने चिली के निकोलस जैरी को 7-6, 7-6, 7-5 से हराया जबकि पॉल ने स्पेन के अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-2, 2- 6, 6-7, 6 -3, 6 -4 से मात दी। वोल्फ ने 23वीं वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के 23वीं वरीयता प्राप्त डिएगो श्वार्त्जमैन को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। महिला वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका अमेरिका की शेल्बी रोजर्स को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। एडीलेड इंटरनेशनल जीतने वाली सबालेंका शुरूआत में 1-3 से पिछड़ रही थी लेकिन लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम किया और दूसरे सेट में रोजर्स को वापसी नहीं करने दी। अब उनका सामना एलिसे मर्टेंस या लौरेन डेविस से होगा। अन्य मैचों में वेरोनिका कुदेरमेतोवा को अमेरिकी क्वालीफायर कैटी वोल्निएट्स ने 6-4, 2- 6, 6-2 से हराया। अमेरिका की ही टेलर टाउनसेंडको हालांकि 19वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने 1-6, 6- 2, 6-3 से मात दी। पुरूष वर्ग में 25वीं वरीयता प्राप्त डैन इवांस ने फ्रांस के जेरेमी चार्डी को 6-4, 6-4, 6 -1 से हराया।

### सानिया-दानिलिना आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

**मेलबर्न।** अपना आखिरी ग्रैंडस्लैम खेल रही भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल के दूसरे दौर मे प्रवेश कर लिया। सानिया और कजाखस्तान की अन्ना दानिलिना ने हंगरी की डालमा गाल्फी और अमेरिका की बर्नार्डा पेरा को 6-2, 7-5 से हराया। पहला सेट मात्र 25 मिनट मे जीतने के बाद उन्होंने दूसरे सेट मे 4-1 की बढ़त बना ली। पेरा और गाल्फी ने लगातार चार गेम जीतकर उन्हे चुनौती दी लेकिन पेरा की सर्विस तोड़कर उन्होने यह मुकाबला जीता। अब उनका सामना एलिसन वान यू और अन्हेलिना कालिनिना से होगा। छह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन (तीन युगल और तीन मिश्रित युगल) 36 वर्ष की सानिया ने ऐलान किया है कि यह आस्ट्रेलियाई ओपन उनका आखिरी ग्रैंडस्लैम होगा और वह डब्ल्यूटीए 1000 दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगी। पुरूष युगल मे रामकुमार रामनाथन और युकी भांबरी तथा साकेत माइनेनी पहले ही दौर मे हारकर बाहर हो गए। रामकुमार और मैक्सिको के मिगुल एंजेल रेएस वारेला को स्टेफानोस और पेट्रोस सिटसिपास ने 3-6, 7-5, 6-3 से हराया।वही वाइल्डकार्ड धारक भांबरी और माइनेनी को आस्ट्रेलिया के आंद्रियास मिलेस और जर्मनी के जॉन पीयर्स ने 6-7, 7-6, 6-3 से मात दी।

### नडाल को कूल्हे की चोट से पूरी तरह उबरने में लगेंगे छह से आठ हफ्ते

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान चोटिल हुए रफेल नडाल को पूरी तरह उबरने में आठ से छह हफ्ते का समय लगेगा। उनके मैनेजर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नडाल के कूल्हे मे चोट लगी है। 22 बार ग्रैंडस्लैम चैम्पियन का मेलबर्न मे एक अस्पताल मे गुरुवार को डॉक्टर की निगरानी मे एमआरआई हुआ जिसमे उनका हिप फ्लेक्सर चोटिल हुआ है। वह मेलबर्न पार्क मे दूसरे दौर मे मैकेंजी मैक्डोनल्ड से मिली सीधे सेट की हार के दौरान चोटिल हुए थे। आस्ट्रेलियाई ओपन मे वह गत चैम्पियन के तौर पर उतरे थे और उन्हें शीर्ष वरीयता मिली थी। अब 36 साल का यह खिलाड़ी आराम के लिए स्वदेश रवाना होगा।

# मयंक का दोहरा शतक

## कर्नाटक ने केरल पर बढ़त बनाए



**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल के नाबाद दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच ने गुरुवार को यहां केरल के खिलाफ पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। कर्नाटक ने सुबह दो विकेट पर 137 रन से आगे खेलते हुए कप्तान अग्रवाल के 360 गेंदों पर बनाए गए 208 रन की मदद से तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 410 रन बनाए। केरल ने अपनी पहली पारी में 342 रन बनाए थे। अग्रवाल ने अपनी पारी में 17 चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने एसजे निकिन जोस (54) के साथ 151 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इन दोनों के अलावा श्रेयस गोपाल ने 48 रन का योगदान दिया। अग्रवाल और गोपाल ने पांचवें विकेट के लिए 93 रन जोड़े।

### हरियाणा के खिलाफ बंगाल पारी से जीत के करीब

**रोहतक।** तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरी पारी में तीन विकेट लिए जिससे बंगाल ने गुरुवार को यहां हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में पारी से जीत हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। हरियाणा तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 177 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 79 रन की जरूरत है।पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले आकाशदीप ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा मुकेश कुमार और ईशान पोरेल ने दो-दो विकेट लिए हैं।

# दिविज के पांच विकेट से दिल्ली ने मुंबई पर शिकंजा कसा



भाषा। नई दिल्ली

**युवा तेज** गेंदबाज दिविज मेहरा के पांच विकेट की मदद से दिल्ली ने गुरुवार को यहां मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच पर मजबूत शिकंजा कस दिया।
अपना केवल दूसरा प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे हैं दिविज ने 29 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक नौ विकेट पर 168 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। मुंबई को अभी केवल 92 रन की बढ़त हासिल है जिससे सत्र के शुरू में लचर प्रदर्शन करने वाली दिल्ली की टीम की सत्र में पहली जीत दर्ज करने की संभावना बढ़ गई है। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 293 रन बनाए थे जिसके जवाब में दिल्ली ने सुबह अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 316 रन से आगे खेलते हुए 369 रन बनाकर पहली पारी में 76 रन की बढ़त हासिल की। दिल्ली की तरफ से सुबह प्रांशु विजयरन ने 37 रन की तेजतर्रार पारी खेली। इसके बाद दिविज ने पृथ्वी साव (16), मुशीर खान (5), अरमान (10) और पहली पारी में शतक जड़ने वाले सरफराज (0) को आउट करके मुंबई का शीर्ष क्रम लड़खड़ा दिया। मुंबई का स्कोर 10वें ओवर तक चार विकेट पर 34 रन था। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 51 रन बनाए लेकिन तेज गेंदबाज विजयरन ने उन्हें आउट करके मुंबई को करारा झटका दिया। स्टंप उखड़ने के समय तनुष कोटियान 48 रन पर खेल रहे थे जबकि रायस्टन डियास को अभी अपना खाता खोलना है। उधर राजकोट में सौराष्ट्र ने आंध्र के खिलाफ 343 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 10 रन बनाए हैं।

## उत्तर प्रदेश ने उड़ीसा पर ली बढ़त

रणजी ट्रॉफी

**मेरठ।** ग्रुप ए के मेरठ मे खेले जा रहे मैच मे उत्तर प्रदेश ने उड़ीसा के खिलाफ पहली पारी मे बढ़त हासिल की। ओडिशा के 226 रन के जवाब मे उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी मे 362 रन बनाए। उसकी तरफ से प्रियम गर्ग ने 122 और रिंकू सिंह ने 108 रन बनाए। ओडिशा ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी मे एक विकेट पर 152 रन बनाए थे। सुभ्रांशु सेनापति 91 और अनुराग सारंगी 52 रन पर खेल रहे है। ओडिशा ने इस तरह से 16 रन की बढ़त हासिल कर ली है। उधर देहरादून मे पहली पारी मे केवल 86 रन बनाने वाले बड़ौदा ने दूसरी पारी मे अच्छा प्रदर्शन किया और तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 336 रन बनाकर उत्तराखंड के खिलाफ 223 रन की बढ़त हासिल कर ली। उत्तराखंड ने अपनी पहली पारी मे 199 रन बनाए थे। नादौन मे नागालैंड ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 377 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 31 रन बनाए है। वह लक्ष्य से अभी 346 रन पीछे है। अपनी पहली पारी मे 346 रन बनाने वाले हिमाचल प्रदेश ने अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 263 रन बनाकर समाप्त घोषित की। उसकी तरफ से प्रशांत चोपड़ा ने 115 रन बनाए। नागालैंड की टीम अपनी पहली पारी मे 233 रन पर आउट हो गई थी।

### विदर्भ ने गुजरात को 54 रन पर समेटकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की

**नागपुर।** बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे के 11 विकेट की मदद से विदर्भ ने 73 रन के आसान लक्ष्य का पीछा कर रही गुजरात को रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच के तीसरे दिन 54 रन पर समेटकर 18 रन से जीत दर्ज की। विदर्भ ने भारत मे प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास के सबसे कम स्कोर का बचाव किया है। इससे पहले बिहार ने दिल्ली को 1948 . 49 मे मात्र 78 रन का लक्ष्य देने के बाद जीत दर्ज की थी। इसी मैदान पर नौ फरवरी से भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट खेलना है। मैच मे पहले दिन 15 और दूसरे दिन 16 विकेट गिरे। रणजी मैच बगल की पिच पर खेला गया जिस पर टेस्ट नही खेला जाना है। गुजरात ने एक विकेट पर छह रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम 31 ओवर मे 54 रन पर आउट हो गई। सरवटे ने 15 . 3 ओवर मे 17 रन देकर छह विकेट लिए।पहली पारी मे उन्होंने पांच विकेट लिए थे। बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने तीन विकेट चटकाए। गुजरात के लिए सिर्फ तीसरे नंबर के बल्लेबाज सिद्धार्थ देसाई ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जिन्होंने 18 रन बनाए। विदर्भ ने पहली पारी मे 74 रन बनाए थे जबकि गुजरात ने 256 रन बनाकर 182 रन की बढत हासिल की थी।